फाल्गुन कृष्ण पक्ष, नवमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 5 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -40, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत 16

'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा 15




## एक नजर

### आप को पार्टी कार्यालय खाली करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को निर्देश दिया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए राउज एवेन्यू में आवंटित जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अपने कार्यालय को हटा ले। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने ''आप'' का पक्ष रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद 15 जून 2024 तक जमीन खाली करने का आदेश पारित किया।

### उदयनिधि स्टालिन को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी 'सनातम धर्म को मिटाने' संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा कि आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत (भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंता के) अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है।

### 8वें समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी किए गए आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

**बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के परिवार न होने संबंधी बयान पर प्रधानमंत्री मोदी ने किया पलटवार**

# मेरा जीवन खुली किताब, 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार

आदिलाबाद, (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था।

जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, 'अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया।" प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, 'अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई, इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।' मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। उन्होंने कहा, 'मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जिऊंगा, ये सपना लेकर निकला था।



### भाजपा नेताओं ने अपने बायो में लिखा 'मोदी का परिवार'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख लिया। सबसे पहले भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने अपने प्रोफाइल में यह बदलाव किया और उसके बाद गृहमंत्री शाह ने। कुछ देर बाद केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, गिरिराज सिंह, स्मृति ईरानी, मीनाक्षी लेखी, भूपेंद्र यादव और अनुराग ठाकुर सहित कई नेताओं ने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया।

### कांग्रेस का कटाक्ष, टेनी-बृजभूषण हैं असली परिवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भाजपा द्वारा सोशल मीडिया मंचों पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू किए जाने के बाद सोमवार को दावा किया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के निरंतर बढ़ने से भाजपा के नेता परेशान हो गए हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा सांसद अजय मिश्रा टेनी और बृजभूषण शरण सिंह प्रधानमंत्री मोदी का 'असली परिवार' हैं। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बृजभूषण शरण सिंह के 'एक्स' प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए कटाक्ष किया, 'मोदी का परिवार बृजभूषण शरण सिंह का स्वागत करता है।'

# रिश्वतखोरी संसदीय विशेषाधिकार नहीं

## वोट के बदले नोट मामले में शीर्ष न्यायालय ने पांच जजों की पीठ का पलटा फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने सांसदों-विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोग से कोई छूट नहीं होती है। शीर्ष न्यायालय ने इसी के साथ 1998 के नरसिम्हा राव जजमेंट के अपने फैसले को पलट दिया है। तब पांच जजों की पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि सदन के सदस्यों के भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव कमजोर होती है। पीठ ने कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है।जस्टिस चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा, 'सांसद एवं विधायकों द्वारा रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करते हैं।' न्यायालय ने 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामले में 1998 के फैसले में बहुमत और अल्पमत के तर्क का विश्लेषण करते हुए कहा कि उसने इस विवाद के सभी पहलुओं पर स्वतंत्र रूप से फैसला सुनाया है- भले वह संविधान के अनुच्छेद 105 से संबंधित हो और 194 से जुड़ा हो कि क्या एक सांसद या विधायक किसी आपराधिक अदालत में रिश्वतखोरी के आरोप में अभियोग से छूट का दावा कर सकता है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'हम इस पहलू पर बहुमत के फैसले से असहमत हैं और उसे खारिज करते हैं।'



- **प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा संविधान पीठ में शामिल**
- **फैसले में कहा- सांसदों और विधायकों को आपराधिक मुकदमे से नहीं मिलेगी छूट**

### संविधान की आकांक्षाओं के लिए विनाशकारी



फैसला सुनाते हुए जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, 'यह (भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी) संविधान की आकांक्षाओं और विचारशील आदर्शों के लिए विनाशकारी है और एक ऐसा राजतंत्र स्थापित करता है, जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी और प्रतिनिधित्व प्रदान करने वाले लोकतंत्र से वंचित करता है।'

### स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करने वाला फैसला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण या वोट देने के लिए रिश्वत लेने पर अब कानूनी कार्रवाई से छूट नहीं मिलने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले को शानदार बताया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। मोदी ने इस फैसले से संबंधित एक रिपोर्ट एक्स पर साझा करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट का निर्णय शानदार है जो स्वच्छ राजनीति को सुनिश्चित करेगा।

### जेएमएम विधायक का मामला और नरसिम्हा राव फैसले का हवाला

यह नया मामला तब सामने आया, जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। इस मामले में साल 1998 के सुप्रीम कोर्ट के पीवी नरसिम्हा राव बनाम भारत गणराज्य मामले के फैसले का हवाला दिया गया, जिसमें कहा गया था कि संसद या विधानमंडल में कोई भी सांसद-विधायक जो कहते हैं और जो भी करते हैं, उसे लेकर उन पर किसी भी अदालत में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। वर्ष 2019 में तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, जस्टिस अब्दुल नजीर और जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ ने इस मामले पर सुनवाई की और कहा कि पीवी नरसिम्हा मामले में दिया गया फैसला बिलकुल इसी तरह का है और वह फैसला यहां भी लागू होगा।

# आपत्तिजनक वीडियो के बाद भाजपा सांसद का लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- **सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा- यह मेरी छवि खराब करने की साजिश**



**अमृत विचार :** बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद रावत व उनके शुभचिंतक सकते में हैं। रावत ने अपनी दावेदारी वापस ले ली है।

सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनसे यह भी कहा है कि जब तक वह आरोप से बरी नहीं हो जाते, वे कोई भी चुनाव नहीं लड़ेंगे। सोमवार को उनका चुनाव कार्यालय भी बंद रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच, बल्कि राजनीतिक हलकों में भी सांसद के वायरल वीडियो की ही चर्चा रही। भाजपा की लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को जारी 195 उम्मीदवारों की पहली सूची में उपेंद्र सिंह रावत को फिर से बाराबंकी से टिकट दिया गया था। इस बीच सोशल मीडिया पर रावत का एक आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद रावत ने चुनाव लड़ने से इनकार कर अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। सांसद ने कहा है कि वायरल वीडियो फेक है। एआई तकनीकी से बनाया गया है। इसमें मेरा चेहरा लगा दिया गया है। ऐसा ही वीडियो वर्ष 2022 व 2023 में भी वायरल किया गया था। रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मेरी बढ़ती लोकप्रियता के बाद यह विरोधियों की साजिश है। उनकी छवि खराब करने की कोशिश की गई है। इसके पीछे वे लोग हैं, जो राजनीति में अलग-थलग हो चुके हैं। दोबारा मुझे टिकट मिलना उन्हें गंवारा नहीं था। मामले की प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आपत्तिजनक वीडियो मामले का सच जल्द ही सामने आ जाएगा।

# तंबाकू कारोबारी के यहां 100 करोड़ की पकड़ी गयी कर चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **60 करोड़ की कारें, 7 करोड़ नकदी व 200 करोड़ संपत्ति के कागजात जब्त**
- **बंशीधर तंबाकू समूह के देश भर में ठिकानों पर पड़े छापे**

**अमृत विचार:** बड़े तंबाकू कारोबारी के आर्य नगर स्थित पुराने बंगले व प्रतिष्ठानों में चल रही आयकर विभाग की छापेमारी सोमवार को पांचवें दिन खत्म हो गई। देशव्यापी छापेमारी में 100 करोड़ से अधिक टैक्स चोरी पकड़ी गई है। आयकर टीम ने अलग-अलग ठिकानों से 12 करोड़ की घड़ियां, सात करोड़ की ज्वेलरी, 60 करोड़ की कारें और सात करोड़ नकदी जब्त की है। इसके अलावा 200 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी के कागजात भी जब्त किए गए हैं। हालांकि अभी दिल्ली के वसंत बिहार स्थित बंगले के अलावा अहमदाबाद स्थित फैक्ट्री पर जांच जारी है।

दिल्ली और गुजरात में कारोबार शिफ्ट कर चुके तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा उर्फ मुन्ना व उनके बेटे शिवम के देशभर के प्रतिष्ठानों (बंशीधर तंबाकू समूह) में आयकर विभाग ने छापा मारा था। आयकर अधिकारियों के मुताबिक कारोबारी ने अधिकांश कालाधन संपत्ति में खपाया है। कानपुर, दिल्ली, गुजरात व मुंबई में 20 से अधिक संपत्तियों के कागजात मिले हैं। आयकर टीम को कारोबारी के बेटे शिवम मिश्रा के नाम पर भी कई संपत्तियां मिली हैं, जिनकी कीमत 200 करोड़ रुपये से ज्यादा आंकी गई है। इसके साथ ही नयागंज स्थित प्रतिष्ठान और आवास से बड़ी संख्या में कारोबार से जुड़ी फाइलें जब्त की गई हैं। आयकर अधिकारियों के मुताबिक छह ऐसी कंपनियों के साक्ष्य मिले हैं, जिनका इस्तेमाल टैक्स चोरी और काली कमाई को खपाने में किया गया। अब तक करीब 100 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी की बात सामने आई है। कारोबारी केके मिश्रा से जुड़े कई गुटखा कारोबारी भी रडार पर आ सकते हैं।

# कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- **ईडी का आरोप : लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने की सरकारी धन की हेराफेरी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने अपने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपये का शोधन किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुल 45.92 लाख रुपये की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। ईडी ने दावा किया कि एक जांच में यह पाया गया है कि ट्रस्ट को प्राप्त 71.50 लाख रुपये के अनुदान का इस्तेमाल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत शिविरों के आयोजन के लिए नहीं किया गया था, बल्कि इसका इस्तेमाल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्यूष शुक्ला, सचिव मोहम्मद अतहर और परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद द्वारा ट्रस्ट के हित और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था।

# मंत्रिमंडल विस्तार आज संभव, राजभवन में नये मंत्रियों को शपथ दिलाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **ओपी राजभर, दारा सिंह चौहान व आकाश सक्सेना, राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाना संभव**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में बहुप्रतीक्षित मंत्रिमंडल का विस्तार मंगलवार को किए जाने की तैयारी है। समझा जा रहा है कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के दोपहर 3 बजे आगरा से लखनऊ लौटने के बाद शाम लगभग पांच बजे राजभवन में कैबिनेट में शामिल होने जा रहे मंत्री शपथ ले सकते हैं। इसके लिए राजभवन स्टाफ तैयार है लेकिन आयोजन राज्यपाल के लखनऊ पहुंचने के बाद ही फाइनल किया जाएगा। पांच मंत्रियों को योगी कैबिनेट में शामिल किया जा सकता है। इसमें दो कैबिनेट, दो राज्यमंत्री और एक स्वतंत्र प्रभार मंत्री बन सकते है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उप्र. की भाजपा सरकार का यह तीसरा कैबिनेट विस्तार होगा।

दरअसल, दूसरे विस्तार के बाद योगी के मंत्रिमंडल में 52 मंत्री हैं। फिलहाल मंत्रिमंडल में आठ मंत्रियों की जगह खाली है। सूत्रों के अनुसार योगी के तीसरे विस्तार में जिन विधायकों का नाम लगभग फाइनल है उसमें सुभासपा प्रमुख ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान के अलावा सपा नेता आजम खान से कानूनी लड़ाई लड़ने वाले रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना का नाम शामिल है। जयंत चौधरी की पार्टी रालोद से भी दो मंत्री बनाए जा रहे हैं। रालोद के राजपाल बालियान और अशरफ अली को मंत्री बनाया जाएगा। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार में लोकसभा चुनाव से पहले क्षेत्रीय और जातिगत गणित का भी ध्यान रखकर नये मंत्रियों को जोड़ा जा रहा है।

# पेट के कैंसर से पीड़ित हैं इसरो प्रमुख सोमनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी

- **आदित्य एल-1 की लॉंचिग के दिन चला था पता**



भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ पेट के कैंसर से पीड़ित हैं। जिस दिन भारत का आदित्य-एल1 मिशन अंतरिक्ष में लॉन्च हुआ था, उसी दिन इसरो प्रमुख में कैंसर का पता चला। मीडिया से एक बातचीत में सोमनाथ ने इसकी पुष्टि की है कि जांच के दौरान शरीर में अनियंत्रित कोशिकाओं की वृद्धि के बारे में पता चला जिसके आधार पर कैंसर का निदान किया गया है।

सोमनाथ ने बताया कि दो सितंबर 2023 को आदित्य-एल1 मिशन लॉन्च की सुबह मेरी स्कैनिंग की गई, इसमें पता चला कि पेट में अनियंत्रित रूप से कैंसर कोशिकाएं बढ़ रही हैं। मिशन लॉन्च के बाद मैं चेन्नई गया, वहां दोबारा स्कैनिंग और कई और जांच की गई। रिपोर्ट्स से पता चला कि ये वंशानुगत रोग है। डॉक्टर्स ने ऑपरेशन की सलाह दी। डॉक्टर्स की टीम ने कैंसर की सर्जरी और फिर कीमोथेरेपी की। डॉक्टर्स ने नियमित स्कैनिंग की सलाह दी है। फिलहाल मैं ठीक हूं।

# रालोद ने घोषित किए उम्मीदवार

**लखनऊ।** भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने सोमवार को लोकसभा और विधान परिषद के चुनावों के लिए क्रमशः दो एवं एक सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। रालोद द्वारा 'एक्स' पर अपने हैंडल से डाले गए संदेश में बताया कि पार्टी ने बिजनौर लोकसभा सीट से चंदन चौहान और बागपत सीट से राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया है। गुर्जर समुदाय के चंदन मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से विधायक हैं। सांगवान प्रभावशाली जाट नेता हैं। विधान परिषद की एक सीट के लिए योगेश चौधरी को प्रत्याशी बनाया है।

**मिसाल** पीलीभीत रोड पर अपने तीन मंजिला घर में हाइड्रोपोनिक खेती की शुरुआत कर रामवीर कई राज्यों में फैला चुके हैं कारोबार

# सब्जी-फलों की खेती से सालाना 80 लाख का कारोबार

महिपाल गंगवार, बरेली

**अमृत विचार :** न खेत है और न ही मिट्टी, फिर भी फल और सब्जियां उगाई जा रही हैं। पीलीभीत रोड पर पासपोर्ट ऑफिस के पास रहने वाले रामवीर सिंह ने अपने तीन मंजिला घर को ही अपना खेत बना रखा है। घर के कोने-कोने में सब्जियों और फलों की फसलों की हरियाली दिखाई दे रही है। इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक पर करीब आठ साल पहले शुरू की गई इस खेती की बदौलत उनका सालाना कारोबार 80 लाख तक पहुंच गया है। रामवीर की यह उपलब्धि एक मिसाल बन गई है, विदेशों से भी लोग उसे देखने पहुंचते हैं।



तीन मंजिला मकान को बनाया सब्जी घर

रामवीर के घर में हर तरफ सब्जियों और फलों का अंबार उनके जुनून की कहानी बयां कर रहा है। घर का छज्जा पालक, धनिया और फूल गोभी से भरा हुआ है तो बालकनी में स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी और शिमला मिर्च की फसल लहलहा रही है। करीब दो सौ वर्ग गज में बने उनके तीन मंजिला घर में 12 हजार से ज्यादा पौधे लगे हुए हैं। घर पर हाइड्रोपोनिक खेती का प्रयोग सफल होने के बाद रामवीर ने बड़ा बाईपास के पास दो एकड़ का एक फार्म भी बना लिया। वहां भी उन्होंने हाइड्रोपोनिक तकनीक से करीब 18 हजार पौधे लगा रखे हैं। रामवीर के मुताबिक इजराइल की हाइड्रोपोनिक तकनीक का उपयोग अब देश के बड़े शहरों में भी गति पकड़ रहा है।

पिछले बरसों में गुजरात, पुणे, मध्य प्रदेश, इंदौर समेत देश के कई राज्यों में उनकी साझेदारी में हाइड्रोपोनिक तकनीक से खेती के लिए फार्म खोले गए हैं। सोशल मीडिया से उनकी इस खेती की जानकारी पाकर लोग अब विदेश से भी उसे देखने पहुंचते हैं।

### रामवीर को दुबई से मिला आइडिया

रामवीर बताते हैं कि उनके एक दोस्त के चाचा को 2012 में कैंसर होने पर डॉक्टरों ने आशंका जताई कि फलों और सब्जियों में केमिकल इसका कारण हो सकता है। इसके बाद 2016 में वह दोस्तों के साथ दुबई गए तो वहां हाइड्रोपोनिक सिस्टम देखा, जिसमें बिना मिट्टी के पोषणयुक्त खेती की जा रही थी। जिसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया की मदद लेकर घर पर ही पूरा सिस्टम तैयार किया और खेती शुरू कर दी।

### पाइप में उगाए जाते हैं पौधे

हाइड्रोपोनिक खेती पाइपों के जरिए होती है। पाइप में ऊपर छेद कर पौधे लगाए जाते हैं। पाइप में पानी होता है, जिसमें पौधों की जड़ें डूबी रहती हैं। पानी में ही पौधों की जरूरत के मुताबिक पोषक तत्व घोल दिए जाते हैं। यह तकनीक गाजर, मूली, शिमला मिर्च, मटर, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी, तरबूज, खरबूज, अनन्नास, अजवाइन, तुलसी, टमाटर, भिंडी जैसे छोटे पौधों वाली फसलों के लिए उपयुक्त है।



# अर्थव्यवस्था की दोगुनी रफ्तार डबल इंजन की सरकार



उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना जैसी योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर लोगों को दिलाते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। टैक्सपेयर्स के लिए नियमों एवं प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं को सकारात्मक माहौल मिला है, जिससे उनकी सेवाओं में भी अभूतपूर्व विस्तार देखने को मिल रहा है। बेहतर प्रबंधन एवं राजकोषीय अनुशासन से प्रदेश की आय में वृद्धि हुई है, राज्य रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में उभरा है। पिछले 7 वर्ष में राज्य की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। प्रदेश में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' एवं 'ईज़ ऑफ लिविंग' पर समान रूप से बल दिया गया है।

**यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित**

**आईटीआर भरने वालों में दूसरा स्थान**

| वर्ष 2014 | वर्ष 2023 |
|---|---|
| 1.65 लाख | 12 लाख |

**एस.जी.एस.टी./ वैट में लगाई ऊंची छलांग**

वर्ष 2016-17 में **₹51,883 करोड़**

2022-23 में **₹1.25 लाख करोड़**

### बैंकों द्वारा ऋण वितरण

| वर्ष 2016-17 में | वर्ष 2022-23 | वर्ष 2023-24 (दिसंबर तक) |
|---|---|---|
| ₹1,37,452 करोड़ | ₹3,00,430 करोड़ | ₹2,98,551 करोड़ |

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में ऋण वितरण (विभिन्न श्रेणियों में)

| शिशु | किशोर | तरुण |
|---|---|---|
| ₹16,291 करोड़ | ₹18,741 करोड़ | ₹12,396 करोड़ |

### बैंकिंग व्यवसाय

वर्ष 2016-17 ₹12.80 लाख करोड़

वर्ष 2023-24 ₹26.80 लाख करोड़

**बैंकों/अन्य वित्तीय संस्थाओं से फंड जुटाने में अग्रणी**

2013-14 में **1.1% हिस्सेदारी**

2022-23 में **16.2% हिस्सेदारी**

- ₹36,000 करोड़ रुपये से 86 लाख किसानों का ऋण मोचन
- वर्ष 2023-24 में 59% सीडी रेशियो प्राप्त, वर्ष 2024-25 के लिए 65% का लक्ष्य निर्धारित
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 4.59 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 5.54 करोड़ कुल नामांकन
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 1.67 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 1.90 करोड़ कुल नामांकन
- 2.28 लाख बैंक मित्र एवं बीसी सखी कार्यरत
- त्वरित आर्थिक विकास योजना हेतु ₹2,400 करोड़ की व्यवस्था
- 19,705 बैंक शाखाओं का संचालन, 17,852 से अधिक एटीएम संचालित
- ग्राम पंचायतों में 1.80 लाख से अधिक जन सेवा केंद्र संचालित
- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹8,787 करोड़ से अधिक का अल्पकालिक ऋण वितरण




**यूपी ₹1,174.32 करोड़ के डिजिटल लेन-देन के साथ देश का अग्रणी राज्य**

**पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ₹2,412 करोड़ वितरित, देश में सर्वाधिक**

**प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत 9 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए**

**देश में सर्वाधिक व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत**

- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹257 करोड़ से अधिक का दीर्घकालिक ऋण वितरित
- सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए ₹525 करोड़ की व्यवस्था
- वर्ष 2023 के प्रथम 6 माह में वार्षिक ऋण वितरण योजना के तहत बैंकों के माध्यम से ₹2.06 लाख करोड़ का ऋण वितरित
- मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में मृत्यु/दिव्यांगता पर अधिकतम ₹10 लाख की सहायता
- मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत अधिकतम ₹5 लाख की सहायता
- 4.18 लाख से अधिक पशुपालकों को क्रेडिट कार्ड वितरित
- अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 1.18 करोड़ नामांकन
- ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक निजी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया ग्रामों को अपनाते हुए 75 स्मार्ट क्लास सहित अन्य विकास कार्य











## नये यूपी की पहचान - सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

## शहर में आज

- रिजर्व पुलिस लाइन में सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) की दीक्षांत परेड का आयोजन - 8:00 बजे।
- एमिटी विश्वविद्यालय में अमीफोरिया 2024 का आयोजन - 10:00 बजे।
- डालीगंज स्थित मौसमगंज रामलीला मैदान में कांवरियों की सेवा कार्यक्रम के तहत रुद्राभिषेक का आयोजन - 5.00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नीना मेमोरियल फिल्म एंड नाट्य कला रंगमंच की ओर से नाटक फर्ज के रिश्ते का मंचन - 6.00 बजे।

# ऊसर-बंजर में उगी घास से दौड़ेंगे सीएनजी वाहन

## राजधानी में कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में नेपियर से बनेगी बायोगैस

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी की ऊसर-बंजर भूमि पर पशुओं को खिलाई जाने वाली नेपियर घास की पैदावार कर बायो सीएनजी का उत्पादन किया जाएगा। राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के तहत जिले में नेडा के सहयोग से पांच निजी कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र (सीबीजी) लगेंगे।

जहां किसानों से घास खरीदकर कच्चे माल के तौर पर अन्य जैविक अपशिष्ट में मिलाकर बायो सीएनजी बनाई जाएगी। इससे सीएनजी वाहन, ट्यूबवेल, बिजली के उपकरण समेत पेट्रोल से चलने वाली सभी चीजें चलेंगी। एक परीक्षण के दौरान इसको लेकर अच्छे परिणाम मिले हैं। इसका स्वच्छ ईंधन वायु प्रदूषण को नियंत्रित करेगा और नेपियर की खेती को बढ़ावा मिलने से ऊसर व बंजर भूमि सुधरेगी।

यूपी नेडा के निदेशक अनुपम शुक्ला ने घास की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए हैं। प्लांट से सीएनजी तेल कंपनियां खरीदकर राज्यों में आपूर्ति करेंगी।



▶▶ जैव ऊर्जा नीति-2022 के तहत लगेंगे पांच निजी कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र

**इन अपशिष्ट के मिश्रण से बनेगी बायो सीएनजी**
नेपियर, कृषि, गोबर, सुगरकेन प्रेस मड, ठोस व तरल अपशिष्ट आदि

“नेपियर घास बायो सीएनजी बनाने के लिए अच्छा विकल्प है। इसे सड़ाकर इस्तेमाल किया जाता है। इसमें गैस समेत कई तत्वों की मात्रा अधिक है। इसकी फसल करने में किसानों को भी फायदा होगा। नेडा की योजना के लिए किसानों को जागरूक कर फसल कराएंगे।
–**तेग बहादुर सिंह**, जिला कृषि अधिकारी, लखनऊ

### दो माह में तैयार होती है घास, प्रति एकड़ डेढ़ लाख की कमाई

जहां सिंचाई की व्यवस्था नहीं, वहां कम पानी, खाद, निराई, गुड़ाई यानी बेहद कम लागत पर नेपियर घास होती है। यह फसल दो माह में तैयार होती है और एक बार करने पर लगातार चार से पांच वर्ष तक होती रहती है। इसमें प्रति वर्ष प्रति एकड़ 150-200 टन घास की पैदावार होती है। इसकी खेती से किसानों की आय बढ़ेगी और सीबीजी प्लांट के लिए फीड स्टॉक कम नहीं पड़ेगा।

### पराली व गन्ने के अपशिष्ट में नेपियर महत्वपूर्ण विकल्प

वैसे कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र में सीएनजी बनाने के लिए प्रेस मड यानी गन्ने के अपशिष्ट या फिर फसल अवशेष का इस्तेमाल होता है, लेकिन पूरे वर्ष प्लांट चलाने के लिए फीड का भंडारण मुश्किल है। क्योंकि प्रेस मड चीनी मिल वाले जिलों में और पराली फसल होने पर मिलती है। ऐसी स्थिति में वर्ष भर के लिए नेपियर एक महत्वपूर्ण विकल्प है।

# नियुक्ति पत्र मिलने पर ही खत्म होगा धरना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ रोडवेज के मृतक आश्रितों ने शुरू किया धरना, मांगी नौकरी, महिलाओं की भी रही भागीदारी

**अमृत विचार :** परिवहन निगम के मृतक आश्रितों ने नौकरी के लिए सोमवार से रोडवेज मुख्यालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए मृतक आश्रितों का कहना है कि बिना नियुक्ति पत्र अब वो यहां से हटने वाले नहीं।

धरने में बैठे मृतक आश्रितों का कहना है कि वे परिवहन निगम मुख्यालय के वर्ष 2018 से चक्कर लगा रहे हैं। यहां तैनात अधिकारी टाल-मटोल का रवैया अपनाते हुए जल्द निर्णय की बात कहते हैं। सात साल हो गए, लेकिन अब तक निर्णय नहीं हो पाया। शासन में फाइल भेजे जाने का हवाला देते उन्हें सात साल से टरकाया जा रहा है। अब वह यहां नियुक्ति पत्र लेकर ही जाएंगे। जब तक नियुक्ति नहीं मिलेगी, तब तक धरने पर बैठेंगे। मंगलवार से उत्तर प्रदेश के कई जिलों के मृतक आश्रित मुख्यालय पहुंचेंगे और अधिकारियों से नौकरी की गुहार लगाएंगे। जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण हो सके। उप्र. रोडवेज परिषद के महामंत्री गिरीश मिश्र ने कहा कि इस पर जल्द निर्णय होना चाहिए। रोडवेज की नौकरी के दौरान जान गंवाने वाले परिवार के मुखिया के न होने से परिवार पर संकट है। उन्होंने बताया कि पहले मृतक आश्रितों की संख्या की गणना में 670 लोग थे। इसके बाद यह संख्या 988 हो गई। सालभर और बीत गया है, अब यह संख्या 1,000 के पार हो चुकी है। मृतक आश्रितों को जल्द से जल्द काम दिया जाए।

## एक नजर

### स्टाम्प न्यायालयों में लगेगी लोक अदालत

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में ज्यादा से ज्यादा स्टाम्प वादों का निस्तारण करने के लिए प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को स्टाम्प न्यायालयों में लोक अदालत लगेगी। सहायक आयुक्त स्टाम्प (प्रथम) सतीश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 16 मार्च को जिले के सभी स्टाम्प न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें स्टाम्प में कमी पर चार गुना अर्थदंड जैसे मामलों का निस्तारण किया जाएगा। संबंधित व्यक्ति यदि आवेदन करता है तो अर्थदंड माफ करते हुए स्टाम्प की मूल धनराशि जमा कराई जाएगी।

### सर्द हवाओं से गिरा पारा, पहुंचा 14 डिग्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** सोमवार को लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों में सर्द हवाएं चलीं। तेज हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट आई, देर शाम लखनऊ का न्यूनतम तापमान 13 से 14 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का असर तेजी से कम हो रहा है। ऐसे में मौसम साफ होने की संभावना है। लेकिन पश्चिमी विक्षोभ का असर अभी एक दो दिन तक मौसम को प्रभावित भी कर सकता है।

### 354 लाभार्थियों के खातों में पहुंचा पारिवारिक लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में पारिवारिक लाभ का इंतजार कर रहे आश्रितों के खातों में योजना की धनराशि भेज दी गई है। जो काफी समय से आवेदन करने के बाद इंतजार कर रहे थे। घर के मुखिया की मौत होने पर समाज कल्याण विभाग की तरफ से आवेदन करने वाले आश्रित को 30 हजार रुपये सहायता मिलती है। इसके आवेदन लंबित थे। जिनका जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने सत्यापन कराया और पहले चरण में 354 आवेदनों का खातों में भुगतान कराया। उन्होंने बताया कि 300 लाभार्थियों को और भुगतान कर दिया जएगा।

# अकबर नगर में आज ध्वस्त हो सकता है विष्णुस्वरूप का शोरूम

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ सर्वोच्च न्यायालय ने 4 मार्च तक सामान निकलने का दिया था मौका

**अमृत विचार :** सर्वोच्च न्यायालय से राहत न मिलने के बाद अकबरनगर में कुकरैल बंधे व नदी पर बनीं लगभग 1,200 अवैध दुकानें, शोरूम और मकान ध्वस्त होना तय माना जा रहा है। एक अवैध दुकान को लखनऊ विकास प्राधिकरण का दस्ता मंगलवार को ध्वस्त कर सकता है।

अपीलकर्ता विष्णु स्वरूप चौरसिया को सर्वोच्च न्यायालय ने 4 मार्च तक दुकान खाली करने का समय दिया था। इसके बाद एलडीए दुकान पर कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। अकबरनगर के 25 दुकानदार व शोरूम संचालकों की उच्च न्यायालय से अपील खारिज होने के बाद बीते मंगलवार को प्राधिकरण ने 24 दुकानें और शोरूम बुलडोजर व जेसीबी से ध्वस्त कर दिए थे। ध्वस्तीकरण के डर से अकबरनगर के विस्थापित दुकानें और मकान तेजी से खाली कर रहे हैं। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद एलडीए 77 दुकानें, शोरूम और मकान भी ध्वस्त करेगा। एलडीए के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि दुकानदार खुद अवैध निर्माण तोड़ लें अन्यथा प्राधिकरण ध्वस्त करेगा।

**आवास विकास बोर्ड बैठक आज : अमृत विचार, लखनऊ :** आवास विकास की बोर्ड बैठक मंगलवार को मुख्यालय के नवीन सभागार में अध्यक्ष एवं अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट समेत कई अन्य प्रस्तावों पर मुहर लगेगी।

# स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एकेटीयू बनाएगा इंक्यूबेशन सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर यूपीसीडा और हाउसिंग के मामले लंबित होने पर जताई नाराजगी

▶▶ जिला उद्योग बंधु की बैठक में उद्यमियों ने उठाया 800 मीटर सड़क निर्माण का मुद्दा

**अमृत विचार :** उद्योगों को विस्तार देने और नए स्टार्टअप के लिए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय इंक्यूबेशन सेंटर बनाएगा। साथ ही उद्योग के विस्तार में आ रहीं समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला उद्योग बंधु की बैठक में उक्त बातें एकेटीयू के कुलपति डॉ. जेपी पांडेय ने कहीं। डॉ. पांडेय बैठक में वर्चुअली जुड़े थे। उद्यमियों और स्टार्टअप शुरू करने वालों को बताया जाएगा कि इंक्यूबेशन सेंटर किस तरह मदद करता है। उन्होंने औद्योगिक प्रयोजन के संबंध में एआई की ओर से बिजली के अविष्कार के समतुल्य बदलाव की संभावना जताई। उन्होंने उद्यमियों को इंक्यूबेशन सेंटर में आमंत्रित किया और तकनीकी समस्याएं दूर करने के लिए निशुल्क सुविधा देने का भरोसा दिलाया। एकेटीयू में उद्यमियों के लिए वर्कशाप भी आयोजित की जाएगी।

बैठक में सीपेट चौराहे से सुबरन कैनाल सब्जी मंडी रोड को बनवाने के मामले में नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सड़क निर्माण का काम शुरू हो गया है। गोयला औद्योगिक क्षेत्र, देवा रोड, चिनहट में लोक निर्माण विभाग की ओर से स्वीकृत परियोजना के सापेक्ष अवशेष लगभग 800 मीटर सड़क का निर्माण न कराए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अधूरी सड़क का निर्माण इकाइयों की सुविधा के अनुसार कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर हाउसिंग और यूपीसीडी के मामले लंबित होने पर नाराजगी जताई। दोनों विभाग के अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में आईआईएम इंदौर के प्रबंधक नवीन कृष्ण राय भी वर्चुअली माध्यम से जुड़े। बैठक में सीडीओ, उपायुक्त उद्योग, नगर निगम, अधिशासी अभियंता, बिजली, लोक निर्माण विभाग, एलडीए, उद्योग से संबंधित अन्य विभागों के प्रतिनिधि, विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी और उद्यमी मौजूद रहे।



सोमवार को जिला उद्योग बंधु की बैठक के दौरान उद्यमियों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार। अमृत विचार

### सवा फिट ऊंची नालियां जल निकासी में बाधक

**लखनऊ :** सरोजनीनगर में औद्योगिक क्षेत्र से सवा फिट ऊंची नालियां बना दी गई हैं, इससे जल निकासी नहीं हो पा रही है। यह समस्या मंडल और जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में उठी। संयुक्त टीम की स्थलीय जांच के निर्देश पर दोनों जगह एक ही रिपोर्ट दी गई। सोमवार को उद्यमियों ने कहा कि एनएचएआई ने सड़क किनारे जल निकासी के लिए जो नालियां बनाई हैं, वे औद्योगिक क्षेत्र से ऊंची हैं। एनएचएआई का कहना है कि हाईवे के बाद ग्रीन बेल्ट और औद्योगिक क्षेत्र की सर्विस रोड है। ऐसे में क्षेत्र की जल निकासी की जिम्मेदारी उसकी नहीं है।

# गेहूं खरीद नीति 2024-25 को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदेगी। किसानों को 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान होगा। यह सरकारी खरीद 6500 खरीद केंद्रों के जरिए की जाएगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन से सरकार ने गेहूं खरीद नीति 2024-25 को मंजूरी दे दी है। नीति के मुताबिक कुल आठ एजेंसियां खरीद करेंगी। ये एजेंसियां हैं-खाद्य विभाग की विपणन शाखा, मंडी परिषद, उत्तर प्रदेश सहकारी संघ (पीसीएफ), उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव यूनियन (यूपीपीसीयू), उत्तर प्रदेश उपभोक्ता सहकारी संघ (यूपीएसएस), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नैफेड), भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ मर्यादित (एनसीसीएफ) और भारतीय खाद्य निगम।



चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पकड़ा गया सोना। अमृत विचार

### एयरपोर्ट पर पकड़ा गया एक करोड़ का सोना

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सोमवार को कस्टम अधिकारियों ने दो यात्रियों के पास से करीब एक करोड़ रुपये की कीमत का सोना पकड़ा। दुबई से आए विमान से उतरे दो यात्रियों पर कस्टम अधिकारियों को शक हुआ। अधिकारियों ने उनको अलग कर सघनता से जांच की। इसमें दोनों के पास से 1.74 किलोग्राम सोना बरामद हुआ। आरोपी यात्रियों ने सोने से ट्रॉली बैग के हैंडल और फिटनेस का सामान बनवा रखा था। दोनों यात्री सोने के संबंध में न ही संतोषजनक जवाब दे सके और न ही कागजात दिखा सके। जिसके बाद कस्टम अधिकारियों ने सोना जब्त कर लिया। यात्रियों से पूछताछ की जा रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद सोने की कीमत करीब 1.02 करोड़ रुपये बताई जा रही है। बता दें कि पिछले दिनों पेट में सोना छिपाकर लाए 12 यात्री कस्टम की नजर से बच निकले थे। एयरपोर्ट के बाहर पुलिस ने उन्हें पकड़ा था।

# ड्रोन की थमी उड़ान, बढ़े बिजली चोरी के मामले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पावर कारपोरेशन बिजली चोरी रोकने के लिए ड्रोन उड़ा रहा था, लेकिन कुछ दिनों से इसकी रफ्तार थम चुकी है। इसके कारण बिजली चोरी के मामले बढ़ रहे हैं। राजधानी के कई इलाकों में बिजली चोरी सुबह और शाम के समय कटिया लगाकर की जा रही है। अधिकारियों का दावा है कि ज्यादातर केंद्रों पर बिजली चोरी करने वाले लोगों की सूचना दी जा रही है। हकीकत यह है कि कटिया लगाकर बिजली चोर हर साल पावर कारपोरेशन को करोड़ों रुपये का चूना लगा रहे हैं।

पुराने लखनऊ से लेकर ट्रांसगोमती के कई इलाके बिजली चोरी के मामले में सबसे आगे हैं। सिस गोमती के ठाकुरगंज में रोजाना 30 से 40, मौलवीगंज में 30 से 35, चौक में 20 से 25, सआदतगंज में 30 से 40 लोग कटिया डालकर बिजली उपयोग करने वालों की सूचना दे रहे हैं। फैजुल्लागंज में सैकड़ों लोग बिजली चोरी होने की सूचना उपकेंद्र के कर्मचारियों को दे रहे हैं। इसके बावजूद ड्रोन योजना को इन क्षेत्रों में शुरू नहीं किया गया है। क्षेत्रीय निवासियों के अनुसार, बिजली चोरी के चलते उपभोक्ताओं को लो वोल्टज, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से बिजली चोरों का काम धड़ल्ले से चल रहा है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार विभाग की ओर से ड्रोनों को नहीं खरीदा गया है। बिजली चोरी की घटनाओं की जानकारी पर हम लोग इन्हें किराये पर लेकर अभियान चलाते हैं। भविष्य में जिन क्षेत्रों में चोरी से बिजली जलाने की जानकारी हमें मिलेगी, वहां ड्रोन को एक बार फिर उड़ाकर बिजली चोरों को पकड़कर जुर्माना वसूला जायेगा।



▶▶ राजधानी के कई इलाकों से सामने आ रहे मामले

“जिन क्षेत्रों से बिजली चोरी की सूचनाएं मिलेंगी, वहां ड्रोन के माध्यम से अभियान चलाया जायेगा। चोरी करते पकड़े गये लोगों से जुर्माना भी वसूला जायेगा।
–**सुनील कपूर**, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

### अधीक्षण अभियंता ने भेजी रिपोर्ट जल निगम को बताया दोषी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकास नगर के सेक्टर चार में सड़क धंसने के मामले में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। उन्होंने सड़क धंसने के लिए जल निगम को दोषी ठहराया है। अधीक्षण अभियंता लखनऊ वृत्त जितेन्द्र पाल सिंह के अनुसार जलनिगम की सीवर लाइन लीक होने से सड़क धंसी है। इसे सही भी जल निगम कराएगा। विकास नगर के सेक्टर चार में रविवार को तेज बारिश के बाद दोपहर लगभग एक बजे अचानक सड़क धंस जाने से बीचोबीच 20 फिट चौड़ा और 10 फिट गहरा गड्ढा हो गया था। इससे आवागमन बाधित हो गया था। जलकल विभाग की सीवर लाइन भी बैठ गयी थी। जलकल विभाग ने सीवर लाइन की मरम्मत का काम शुरू कर दिया था। इस मामले पर जलनिगम चुप्पी साधे है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सड़क धंसने की पूरी रिपोर्ट पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता लखनऊ वृत्त से मांगी थी।

**तैयारी** — हैदर कैनाल, किला मोहम्मदी, कुकरैल सहित 14 नालों से होगी शुरुआत, प्रदूषण होगा कम, गोमती बनेगी निर्मल

# बायो रेमिडेशन पद्धति से नालों का गंदा पानी होगा साफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के प्रमुख नालों का गंदा पानी अब बिना ट्रीटमेंट के नदियों में नहीं गिरेगा। जिन नालों के पास एसटीपी चालू नहीं है या नहीं बने हैं, वहां गंदे पानी को बायो रेमिडेशन तकनीक से साफ किया जाएगा।

सरकार ने नालों का गंदा पानी सीधे नदी में न गिरे, इसको लेकर मुहिम तेज कर दी है। जब तक एसटीपी चालू नहीं हो जाते तब तक ओवरफ्लो होने वाले हैदर कैनाल, किला मोहम्मदी, कुकरैल सहित 14 नालों के गंदे पानी में मौजूद बैक्टीरिया केमिकल से मारे जाएंगे। शासन ने इसकी जिम्मेदारी नगर निगम को दी है। नगर निगम ने टेंडर निकाल दिया है। इस माह के अंत तक काम शुरू कर दिया जाएगा।

**केमिकल से मारेंगे बैक्टीरिया:** बायो रेमिडेशन तकनीक में बड़े नाले के गंदे पानी को जगह-जगह रोका जाएगा।

नाले के पास एक पानी की टंकी रखी जाएगी। इसमें एक विशेष केमिकल डाल दिया जाएगा। उस टंकी के पानी को नाले में गिरने दिया जाएगा। इससे पानी में बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल आक्सीजन डिमांड आदि कम करते हुए गंदे पानी के बैक्टीरिया मार दिए जाएंगे। इसके बाद पानी को नदी में प्रवाहित कर दिया जाएगा।



▶▶ शासन ने नगर निगम को दी जिम्मेदारी, निकाला टेंडर

▶▶ इस महीने के अंत तक शुरू हो जाएगा काम

“14 नालों का गंदा पानी बायो रेमिडेशन पद्धति से साफ किया जाएगा। जिन नालों पर एसटीपी बन रहे हैं, लेकिन चालू नहीं हैं वहां पानी में केमिकल डालकर बैक्टीरिया मार दिए जाएंगे। इससे पानी साफ हो जाएगा और इसे नदी में भेज दिया जाएगा। नगर निगम ने कंपनी का चयन करने के लिए टेंडर निकाला है।
–**संजीव प्रधान**, पर्यावरण अभियंता, लखनऊ नगर निगम

### शहर में 32 नाले, 28 का गंदा पानी गिरता है गोमती में

राजधानी में लगभग 32 नाले हैं। इनमें से 28 नालों का गंदा पानी बिना शोधित किए गोमती नदी में गिरता है। भरवारा और दौलतगंज एसटीपी में ही गंदे पानी का शोधन किया जा रहा है, लेकिन इनकी क्षमता काफी कम है। जिससे नदी प्रदूषित हो चुकी है। गोमती नदी को पुनर्जीवित करने के साथ निर्मल बनाने के लिए सरकार ने मुहिम तेज कर दी है। इसके लिए हैदर कैनाल, भरवारा, दौलतगंज और बिजनौर में एसटीपी निर्माणाधीन हैं। कुछ नए एसटीपी भी प्रस्तावित हैं। इन्हें पूरी तरह से शुरू होने में पांच वर्ष लग सकते हैं।

# एएसआरटीयू ने किया यूपीएसआरटीसी को पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) को एसोसिएशन ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) द्वारा रोड सेफ्टी एवं फ्यूल एफिशिएंसी अवार्ड मिला है। परिवहन निगम को विगत एक वर्ष में सड़क सुरक्षा और ईंधन खपत में उत्कृष्ट कार्य करने पर यह पुरस्कार दिया गया है। गुणवत्तापूर्ण सेवाओं एवं यात्री सुविधाओं के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए परिवहन निगम को रनर अप पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में परिवहन निगम के प्रयासों से फैटल दुर्घटनाओं में कमी आई है। चालकों की ड्राइविंग में सुधार आया है। चलाए गए जागरूकता कार्यक्रमों से संचालन बेहतर हुआ है। कानपुर स्थित ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में चालकों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है, खासकर ऐसे चालक जिनसे सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। फ्यूल एफिशिएंसी के क्षेत्र में बेहतर प्रबंधन से वर्ष 2022-23 में 5.25 किमी. प्रति लीटर डीजल औसत प्राप्त हुआ, जिसके लिए यूपीएसआरटीसी को पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम की बसों में तकनीकी सुधार के कार्य से यह प्रतिफल प्राप्त हुआ है। साधारण बसों का डीजल औसत 5.47 किमी प्रति लीटर एवं एसी बसों का डीजल औसत 4.26 किमी. प्रति लीटर है। इसके अलावा परिवहन निगम ने यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी, ऑनलाइन टिकटिंग की व्यवस्था, वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाए हैं। इससे परिवहन निगम की बसों में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम
आपका अपना साथी

▶▶ चालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम रंग लाए, रोडवेज बसों से हादसों में होने वाली मौतों में आई कमी

## एक नजर

### भूपेंद्र चौधरी बने रालोद मीडिया सेल के राष्ट्रीय संयोजक

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय लोकदल ने सोमवार को पार्टी के मीडिया सेल के पदाधिकारी प्रभारी की घोषणा कर दी। भूपेंद्र चौधरी मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक बनाये गये हैं, जबकि अनिल दुबे, अजय वीर सिंह, मनोज चौधरी व जैनब सिकंदर राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाये गये हैं। प्रदेश मीडिया सेल में सुनील रोहटा को संयोजक बनाया गया है।

### पहले दिन कोई नामांकन नहीं

अमृत विचार, लखनऊ : विधान परिषद की 13 सीटों के लिए शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन किसी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।चुनाव कार्यक्रम के अनुसार प्रत्याशी 11 मार्च तक नामांकन कर सकेंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 14 मार्च को प्रत्याशी नामांकन वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को मतदान होगा। इसी दिन मतगणना होगी।

# सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी बर्खास्त, होगी एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** चकबंदी आयुक्त ने सोमवार को सिद्धार्थनगर के चकबंदी अधिकारी प्रभाकर को सेवा से बर्खास्त कर दिया। आरोप है कि मेरठ में कार्यकाल के दौरान नाला और वन विभाग की भूमि मनमाने तरीके से लोगों के नाम कर दी थी।

चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि ग्राम बिसौला हस्तिनापुर मवाना मेरठ में ग्राम फिरोजपुर किठौर, मवाना, मेरठ में चकबंदी के कामों में अनियमितता की शिकायत जांच समिति बनाते हुए कराई गई। रिपोर्ट के मुताबिक ग्राम बिसौला और फिरोजपुर में चकबंदी के कामों में अनियमितता की पुष्टि हुई। इसके बाद बर्खास्त करने की कार्रवाई के साथ ही चकबंदी अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। संबंधित जमीन को भी वापस लिया जाएगा।

**▸▸ चकबंदी आयुक्त ने की कार्रवाई मेरठ में कार्यकाल के दौरान नाला व वन भूमि कर दी थी लोगों के नाम**

धोखाधड़ी से भूमि प्राप्त करने वालों के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक चकबंदी विभाग में कुल 22 अधिकारियों को निलंबित, चार को बर्खास्त और एक को उसके मूल पद पर भेजते हुए 40 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है।

## संतरी और कार्यालय ड्यूटी नहीं करेंगी महिला सिपाही

**अमृत विचार, लखनऊ:** थाने पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को अब संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी कार्य से निजात मिलेगी। उनकी बीट पर सक्रियता बढ़ाई जाएगी।

अपर पुलिस महानिदेशक (स्थापना) संजय सिंघल ने इस आशय का आदेश जारी किया है। प्रदेश के सभी पुलिस कमिश्नरेट के कमिश्नर तथा पुलिस कप्तानों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बीते दिनों डीजीपी ने साप्ताहिक स्टाफ बैठक में निर्देश दिया कि थानों पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों से संतरी ड्यूटी और कार्यालय संबंधी न लिया जाए। उन्हें अधिक से अधिक बीट (फिल्ड) पर भेजा जाना सुनिश्चित किया जाए।

# खेतों में उतरे अधिकारी, कर रहे सर्वे

## खराब मौसम और ओलावृष्टि से फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री ने दिया था निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश मिलते ही सोमवार को विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी हरकत में नजर आए। वे सुबह से ही किसानों से संपर्क साधकर खेतों में पहुंचे और फसलों के नुकसान का जायजा लिया, फिर सर्वे रिपोर्ट राहत विभाग को सौंपी।

दरअसल, लगभग सभी जिलों में निरंतर सर्वे कार्य चल रहा है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली से हुई जनहानि व पशुहानि का भी सर्वे कराकर मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने रविवार को अधिकारियों को खेत-खलिहानों में जाकर ओलावृष्टि व बारिश से किसानों की फसलों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए सर्वे करने का निर्देश दिया था।



**▸▸ छूटे हुए किसानों के लिए आयोजित होगा विशेष क्षेत्रीय शिविर**

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी ओलावृष्टि व भारी वर्षा के कारण सभी फसलों के नुकसान का सर्वे शाम तक लगभग पूरा कर लिया जाएगा। वहीं छूटे हुए किसानों के लिए विशेष क्षेत्रीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके डेटा से जुड़ी जानकारी राहत पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि झांसी, इटावा, ललितपुर, सहारनपुर समेत सभी जिलों में नुकसान का आकलन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों के अधिकारी सोमवार सुबह ही फील्ड में पहुंचे और नुकसान की हकीकत देख लगातार रिपोर्ट भेज रहे हैं।

अपर जिलाधिकारी (वित्त-राजस्व) ने तहसील कोंच व उरई के ग्राम पिंडारी व सोमई में जाकर नुकसान का अवलोकन किया। एडीएम (न्यायिक) ने माधौगढ़ ग्राम मिझौना व बंगरा का निरीक्षण किया। एडीएम (नमामि गंगे) ने ओलावृष्टि से प्रभावित तहसील कालपी के ग्राम आटा व चमारी संधी में जाकर नुकसान हुई फसलों को देखा और वहां की रिपोर्ट राहत कार्यालय भेजी।

### 24 घंटे में मिले क्षतिपूर्ति धनराशि

मुख्यमंत्री ने आदेश दिया था कि संबंधित विभाग को डिटेल उपलब्ध कराया जाए, जिससे 24 घंटे में प्रभावित किसानों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि को भेजा जा सके। योगी ने अधिकारियों को क्षतिपूर्ति देने में लापरवाही न करने की हिदायत दी थी। इसके बाद सोमवार को सहारनपुर के जिलाधिकारी, इटावा, जालौन, मुजफ्फरनगर, झांसी समेत अनेक जिलों के अफसरों ने किसानों से संपर्क साधा और खेतों में जाकर नुकसान का जायजा लिया।

# प्रदेश में आ रहे आबादी से दोगुने पर्यटक


## पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी ने दी जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये बताते हुए खुशी जाहिर की है कि उप्र. में आज यहां की आबादी से दोगुनी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। योगी सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग से जुड़ी सभी योजनाओं के लिए प्रदेश की जनता को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि पहली बार राज्य के सभी 75 जिलों में और सभी 403 विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी पर्यटन स्थल को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए प्रो पुअर योजना, मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना एवं जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव पर आधारित योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण एक साथ हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने काशी, अयोध्या, मथुरा, प्रयाग, गोरखपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि आज सभी जगह होटल बुक हैं, टैक्सियां बुक हैं, मार्केट कई गुना बढ़ चुके हैं, रेस्टुरेंट में तिल रखने की जगह नहीं मिल रही है है। आज पूरी दुनिया यूपी को देखना चाहती है। उप्र. अब उपद्रव नहीं उत्सव की भूमि बन चुका है। जिस यूपी के बारे में कहा जाता था कि यहां अराजकता है, इसे डबल इंजन सरकार ने आस्था और आजीविका में बदल दिया है।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह और महापौर सुषमा खर्कवाल। अमृत विचार

**▸▸ 2758 करोड़ की 762 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**

**▸▸ एआई टेक्नोलॉजी की मदद से पूरे प्रदेश में हो पर्यटकों की गिनती**

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक जय देवी, अमरेश कुमार, योगेश शुक्ला, नीरज वोहरा, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम सहित प्रदेश के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण मौजूद रहे।

### सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हमें सीसीटीवी कैमरे को एआई टूल के साथ जोड़ना चाहिए, जिससे हमें ठीक ठीक पता लग सके कि किसी भी पर्यटन स्थल पर कितने टूरिस्ट आ रहे हैं। योगी ने स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ साथ बुंदेलखंड के किलों को पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन विभाग को इस संबंध में जल्द से जल्द पॉलिसी लाकर आगे बढ़ने के लिए कहा।

## पीड़ित किसानों को फौरन मुआवजा दे सरकार

**अमृत विचार, लखनऊ:** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि भारी वर्षा व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के कारण पीड़ित किसानों को राज्य सरकार फौरन मुआवजा देकर राहत पहुंचाये। क्योंकि नुकसान के चलते कई किसान हताश हैं और आत्महत्या भी कर सकते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को वर्षा व ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों का जमीनी जायजा लेने काकोरी ब्लाक के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पांडेय, मीडिया चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र यादव, पूर्व विधायक इंदल रावत, प्रवक्ता सचिन रावत, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# आठ दिन शेष, होने हैं 17 हजार विवाह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ लोस चुनाव को लेकर 12 मार्च को लग सकती है आचार संहिता**

**▸▸ आचार संहिता लगते ही रुक जाएंगे सामूहिक विवाह**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लक्ष्य पूरा होना मुश्किल लग रह है। लोकसभा चुनाव को लेकर 12 मार्च को अधिसूचना लग सकती है और आठ दिन के भीतर 17 हजार युगलों का विवाह कराना समाज कल्याण विभाग के लिए चुनौती है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति युगल के विवाह पर 51 हजार रुपये खर्च किए जाते हैं। इसमें 35 हजार रुपये की धनराशि कन्या के खाते में जाती है। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में शिविर लगाकर योजना का लाभ देने के लिए पंजीकरण कराया गया। साथ ही योजना का प्रचार-प्रसार किया गया। नवंबर माह के अंतिम सप्ताह से विवाह शुरू हुए। अभी तक प्रदेश के 75 जिलों में 95 हजार युगलों का विवाह कराया जा चुका है। लगभग 55 हजार युगलों के विवाह का भुगतान भी कर दिया गया है। जबकि 40 हजार युगलों के विवाह पर खर्च हुई राशि के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। 12 मार्च की शाम या 13 मार्च को लोकसभा चुनाव को लेकर अधिसूचना लग सकती है। ऐसे में विभाग को लक्ष्य हासिल करने के लिए आठ दिन के भीतर 17 हजार युगलों के विवाह कराने होंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अधिसूचना लगने के बाद समारोह बंद हो जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद शेष युगलों का विवाह कराया जाएगा।

# चौकीदार के बाद मोदी का परिवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

**▸▸ पिछले लोस चुनाव में 'चौकीदार चोर है' के जवाब में शुरू हुआ था 'मैं भी चौकीदार'**

**▸▸ 'मोदी का परिवार' बनने की भाजपा नेताओं में मची होड़**

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निःवंश करार देने के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के निजी हमले के जवाब में भाजपा नेताओं, केंद्रीय मंत्रियों, राज्यों के मुख्यमंत्रियों-मंत्रियों समेत संगठन में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 'मोदी का परिवार' बनने की होड़ सी मच गई है। पांच साल पहले भी मोदी ने राफेल के संदर्भ में राहुल गांधी की ओर से 'चौकीदार चोर है' के हमले से ऐसा ही एक हथियार 'मैं भी चौकीदार' से विपक्ष की सारी कोशिशें ध्वस्त करते हुए बड़ी जीत के साथ दूसरी बार सत्ता हासिल की थी। अब वोटरों में संवेदनात्मक लगाव जगाने के लिए 'मोदी का परिवार' बनने का अभियान चलाकर बड़े अंतर से हैट्रिक की तैयारी है।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने सोमवार को 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया है। इसी माह कभी भी चुनावी अधिसूचना जारी हो सकती है, समूचा देश चुनावी माहौल में रंगता नजर आ रहा है। राजनीतिक दलों की ओर से चुनावी रैलियों की शुरुआत हो चुकी है। पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान पर राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी रैली में रविवार को पटना में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा था, 'नरेंद्र मोदी के पास परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह बस राम मंदिर पर डींगें ही हांकते रहते हैं। वह तो एक सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा के अनुसार, एक बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवाया जाना चाहिए, लेकिन उन्होंने अपनी मां के निधन पर ऐसा नहीं किया'।

मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन को निशाने पर लेते हुए उनके परिवार को लेकर किए गए हमले को हथियार बनाते हुए भाजपा के चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। यह सब कुछ वैसा ही है जैसा 5 साल पहले 'मैं भी चौकीदार' का अभियान चलाया गया था। मोदी के इस बयान के बाद एक्स पर भाजपा ने नए अभियान का आगाज कर दिया। अभियान का नाम दिया गया 'मोदी का परिवार।' फिर क्या था भाजपा के तमाम शीर्ष नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी की प्रदेश में होंगी 10 रैलियां

लखनऊ। भाजपा ने सोमवार को प्रदेश में चुनावी रैलियों और रोड-शो की योजना को अंतिम रूप दिया है। इसे केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। योजना के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश में 10 रैली होगी और वाराणसी में रोड-शो भी करेंगे। जबकि गृहमंत्री अमित शाह की 12 रैली कराने की योजना बनी है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर लोकसभा में रैली करेंगे, इसके लिए एक दिन में दो से तीन सीटों पर उनकी सभाएं होंगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रदेश में 15 से ज्यादा रैलियां करेंगे। इसके अलावा रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि तमाम नेताओं की रैली के कार्यक्रम तय किए गए हैं। सहयोगी दलों सुभासपा, रालोद, निषाद पार्टी, अपना दल (एस) के नेताओं के भी कार्यक्रम किए गए हैं।

### नड्डा, शाह व योगी ने बदला बॉयो, जोड़ा- 'मोदी का परिवार'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रियों नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, अनुराग ठाकुर आदि समेत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और तमाम नेताओं ने एक्स पर अपना बॉयो बदल कर नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिख दिया।

# सुनियोजित विकास के साथ आय की संभावनाएं तलाशें प्राधिकरण

**▸▸ मुख्यमंत्री ने महायोजना-2031 के नियोजित विकास के लिए दिए दिशा-निर्देश**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सहारनपुर, मीरजापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 को देखा और नियोजित विकास के लिए दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि, विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तीव्र विकास को दिशा देना है। फोकस आम आदमी की सुविधा पर होना चाहिए। सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।

उन्होंने कहा, स्थानीय शिल्पकला और परंपरागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किया जाए। प्रतिमाओं की स्थापना चौराहों के स्थान पर पार्कों में करना उचित होगा। नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर ज़ोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें।

### सहारनपुर महायोजना में व्यावसायिक गतिविधियों का हो विकास

मुख्यमंत्री के मुताबिक, सहारनपुर देवभूमि का प्रवेश द्वार है। बीते 06-07 साल में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्रावधान रखे जाएं।

### अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना हो रही तैयार

अमरोहा के लिए पहली बार महायोजना तैयार हो रही है। यहां ढोलक, ड्रम, कॉटन रिसाइकिलिंग और बिंदी बनाने जैसी गतिविधियां परंपरा का हिस्सा हैं। इन्हें और फैसिलिटेट करने की व्यवस्था हो। बांदा में इंडस्ट्रिल कॉरिडोर प्रस्तावित है, महायोजना की सीमा कॉरिडोर तक होनी चाहिए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस को इससे जोड़ें। हैवी ट्रैफिक से नगर का आम यातायात प्रभावित न हो, इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है।



सोमवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता रामदास आठवले ने मुख्यमंत्री योगी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। अमृत विचार

### नजूल भूमि के सार्वजनिक उपयोग को अनुमति देने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार की ओर से नजूल भूमि के सार्वजनिक उपयोग को अनुमति देने की तैयारी है। इससे गरीबों के लिए घर बनाने, आवश्यकता के आधार पर सड़क, पार्क या फिर अन्य सरकारी योजनाओं के लिए प्राथमिकता पर देगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष सोमवार को उप्र. नजूल संपत्तियों के सर्वाजनिक उपयोगार्थ अधिनियम का प्रस्तुतीकरण किया गया। शहरी क्षेत्रों में गरीबों के घर बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में भूमि नहीं मिल पा रही है। इसीलिए अधिनियम में यह प्रावधान किया जा रहा है कि खाली पड़ी और गैर पट्टा वाली नजूल भूमि आवास विभाग को देकर उस पर गरीबों के लिए जरूरत के आधार पर मकान बनाए जाएं।

# ओपन जेल संबंधी योजना पेश करने का आदेश

विधि संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राजस्थान व महाराष्ट्र के तर्ज पर प्रदेश में 'ओपन जेल' की व्यवस्था तथा इस प्रकार के अन्य सुधारात्मक उपायों को लागू करने के संबंध में योजना अथवा प्रस्ताव पेश करने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा है कि प्रदेश के सभी जेलों के जेल अधीक्षक अपना प्रस्ताव दे सकते हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने वर्ष 1998 में मॉडल जेल से मिले एक कैदी के पत्र के आधार पर दर्ज जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। हालांकि न्यायालय ने अब इस मामले को यूपी बनाम स्टेट ऑफ यूपी स्वतः संज्ञान याचिका के तौर पर टाइटिल देने का भी आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा है कि अंडर ट्रायल व दोषसिद्ध कैदियों के कमाई पर निर्भर उनके परिवारों को सहयोग किए जाने की भी क्या कोई योजना है। मामले की अगली सुनवाई 29 मार्च को होगी।

न्यायालय ने अपने पूर्वे के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार के अधिवक्ता को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश प्राप्त कर कोर्ट को अवगत कराने को कहा है कि मॉडल जेल में कुल कितने विचाराधीन कैदी और कितने सजायाफता कैदी बंद हैं और इनमें पुरूष व महिला कैदियों की संख्या कितनी है। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पूछा था कि क्या किसी महिला कैदी के साथ कोई बच्चा भी रह रहा है। न्यायालय ने अपने इस आदेश की जानकारी अपर मुख्य सचिव, गृह व महानिदेशक, कारागार को देने का निर्देश दिया है ताकि पूर्ण सुधारात्मक व्यवस्था को लागू किया जा सके।

# एसएससी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम राज्य में होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के अभ्यर्थियों को पास कराने को फर्जीवाड़ा करने वाले तीन को गिरफ्तार किया गया है। एसटीएफ के हत्थे चढ़े तीनों आरोपी उन राज्यों का फर्जी आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट एवं वोटर आईडी तैयार करते थे।

पकड़े गए तरुण, रॉबिन उर्फ रवि, और सचिन बुलन्दशहर के रहने वाले हैं। एसटीएफ ने तीनों को वहीं से पकड़ा है। उनके पास से बड़ी संख्या में आधार कार्ड मूल व छाया प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन फार्म, मार्कशीट की छाया प्रति, मार्कशीट बनाने का प्रोफार्मा, एसएससी एडमिट कार्ड, वोटर आईडी कार्ड की छाया प्रति और वोटर आईडी कार्ड बनाने का प्रोफार्मा आदि बरामद किया गया है।

**▸▸ एमपी, छत्तीसगढ़ व असम की परीक्षाओं में उप्र के अभ्यर्थियों के बनाते थे फर्जी दस्तावेज**

**▸▸ फर्जी आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट व वोटर आईडी बरामद**

एसटीएफ टीम बुलन्दशहर क्षेत्र में प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक करने वाले गैंग के सदस्यों की तलाश में सक्रिय थी। उसी दौरान मिली सूचना पर एसटीएफ ने उन तीनों तो दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि उनका एक गिरोह है, जो विभिन्न राज्यों के फर्जी कागजात जैसे आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, मार्कशीट, वोटर आईडी आदि बनाते है।

छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश एवं असम में आयोजित होने वाली एसएससी (जीडी) भर्ती में उप्र के युवकों को लाभ पहुंचाने के लिए उन राज्यों का फर्जी दस्तावेज तैयार करते है। क्योंकि, इन राज्यों में उप्र की तुलना में कम अंकों पर मेरिट बनती है, जिससे उन्हें लाभ मिलता है। फर्जी प्रमाण-पत्र बनाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से पांच लाख रुपये लेते रहे हैं। उनमें से 2 लाख रुपये फर्जी दस्तावेज बनाने वाले मनोज व टिंकू को देते रहे हैं। शेष पैसा आपस में बांट लेते है।

### लगभग 13 करोड़ ग्रामीणों तक पहुंचा शुद्ध पेयजल

**अमृत विचार, लखनऊ :** जल जीवन मिशन की हर घर नल योजना के तहत सोमवार तक प्रदेश में दो करोड़ 10 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। इसी के साथ 12 करोड़ 62 लाख से अधिक ग्रामीणों तक शुद्ध पेयजल पहुंच चुका है। राज्य सरकार इस योजना से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रही है। कभी जल की राह देख रहा बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन वमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने के साथ ही युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध हो रहा है। प्रदेश में 1,16,388 युवाओं को प्लंबिंग, 116388 इलेक्ट्रीशियन, 1,16,388 मोटर मैकेनिक, 116388 फिटर, 174582 राजमिस्त्री, 1,16,388 पम्प ऑपरेटर्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक 4,80,205 से अधिक महिलाओं को पानी जांच की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। कभी पानी के लिए तरसते बुंदेलखंड में डबल इंजन सरकार ने शत-प्रतिशत साफ पानी भी पहुंचा दिया है तो वहीं विंध्य क्षेत्र में भी लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है।

# यूपी बोर्ड : डेढ़ लाख परीक्षक जांचेंगे तीन करोड़ उत्तर पुस्तिकाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड ने सोमवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्यक्रम भी घोषित कर दिया। 16 मार्च से 31 मार्च तक कापियों का मूल्यांकन प्रदेश के 260 केंद्रों पर होगा। बोर्ड ने मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया है। इन सभी केंद्रों पर करीब डेढ़ लाख परीक्षक तीन करोड़ कापियों का मूल्यांकन करेंगे। परीक्षक 55 लाख से अधिक परीक्षार्थियों के शैक्षणिक भविष्य का मूल्यांकन 13 दिन के भीतर करेंगे। बीच में तीन दिन 24 से 26 मार्च तक होली का अवकाश रहेगा।

यूपी बोर्ड ने परीक्षा के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी भी शुरू कर दी है। बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा 9 मार्च को समाप्त हो रही हैं। बोर्ड ने इसी बीच मूल्यांकन का कार्यक्रम भी तय कर दिया है। जिलेवार मूल्यांकन केंद्रों का निर्धारण कर दिया गया है। हाईस्कूल के लिए 131 एवं इंटर की उत्तरपुस्तिकाओं के लिए 116 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। 13 मूल्यांकन केंद्र मिश्रित बनाए गए हैं। यहां हाईस्कूल एवं इंटर दोनों की कापियां जांची जाएंगी। बोर्ड ने कुल 260 मूल्यांकन केंद्र बनाए हैं। इनमें 83 राजकीय तथा 177 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में 29,47,311 एवं इंटर में 25,77,997 समेत कुल 55,25,308 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। हाईस्कूल परीक्षा की 1.76 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 94,802 एवं इंटर परीक्षा की 1.25 कापियों के मूल्यांकन के लिए 52,295 परीक्षकों की नियुक्ति की गई है। इस प्रकार कुल 3.01 करोड़ उत्तर पुस्तिकाओं के लिए 1,47,097 परीक्षकों को तैनात किया गया है।

### परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम

बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि कापियों के मूल्यांकन में पूरी तरह शुचिता बरती जाए इसके लिए परीक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित होगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू होगा।

### स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों की बदलेगी सूरत

**अमृत विचार,लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के 100 आकांक्षी (पिछड़े) नगरीय निकायों में मौजूद 913 स्कूलों को जहां अपग्रेड किया जाएगा, जबकि 25 नये विद्यालय भी शुरू किये जाएंगे। इसके अलावा आकांक्षी नगरीय निकायों में मौजूद किराये के अथवा अन्य सरकारी भवनों में संचालित हो रहे 348 आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए नये भवनों का निर्माण कार्य होगा। सरकार इन सभी कार्यों के लिए 143 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करेगी। स्कूलों के अपग्रेडेशन और नये भवनों के निर्माण की बात करें तो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 आकांक्षी नगरीय निकायों में 398 स्कूलों में अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था की जाएगी। सरकार इसके लिए प्रति स्कूल 9 .27 लाख और कुल 36 .89 करोड़ खर्च करेगी। वहीं 913 स्कूलों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था के लिए 2 .5 लाख और कुल 22 .87 करोड़ खर्च करेगी। इसी प्रकार स्मार्ट क्लास के फर्नीचर के लिए कुल 6 .56 करोड़ खर्च करेगी। यही नहीं 25 नये सीएम अभ्युदय कंपोजिट स्कूलों को भी शुरू किया जाएगा।

## एक नजर

### राजधानी के कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के कई इलाकों में अनुरक्षण कार्य के चलते आज बिजली गुल रहेगी। 33 केवी विद्युत उपकेन्द्र जवाहर भवन से पोषित इलाहाबाद बैंक फीडर से जुड़े इलाके इलाहाबाद बैंक, नरही ग्रेन मार्केट, सेठ रामजस रोड नरही, राम तीरथ मार्ग नरही, न्यू जनपथ कॉम्प्लेक्स, डीजीएम पीएनबी क्षेत्र में सुबह 11बजे से 4 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। जानकीपुरम में एबीसी लाइन और पोल को बदलने के चलते कई क्षेत्र में आपूर्ति को बंद किया जायेगा। जानकारी अधिशासी अभियंता राजभवन ने दी।

### बिजली आपूर्ति में सुधार को बनी 42968 करोड़ की कार्ययोजना

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश में बिजली आपूर्ति के सुधार के लिए 42968 करोड़ 55 लाख रुपये की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव केंद्र को भेजा है। केंद्र की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत रकम मांगी गई है। प्रस्तावित कार्ययोजना के तहत शहरों में बिजली तारों को भूमिगत करने, नए बिजली उपकेंद्र बनाने, उपकेंद्रों व ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाने और अन्य सुधार कार्य कराए जाएंगे। योजना के तहत 13500 करोड़ रुपये से कार्य कराए जा रहे हैं।

# जन्मजात कुबड़ापन से निजात दिलाएगा केजीएमयू

## लिंब सेंटर में स्क्रीनिंग के लिए विशेष ओपीडी शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जन्मजात कुबड़ापन व रीढ़ की टेढ़ी हड्डी के इलाज के लिए अब दिल्ली, मुम्बई या दक्षिण भारत के बड़े अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। राजधानी स्थित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लिंब सेंटर में भी इसकी सर्जरी शुरू हो गई है।

आर्थोपेडिक विभाग के प्रमुख डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि चिकित्सा विश्वविद्यालय में जन्मजात कूबड़ापन या रीढ़ की हड्डी के टेढ़ापन के इलाज के लिए शुक्रवार को स्पेशल ओपीडी चलाई जा रही है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में इस समस्या से जूझ रहे मरीजों का उपचार किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी सर्जरी करने वाले चिकित्सा विश्वविद्यालय शायद प्रदेश का पहला सरकारी चिकित्सा संस्थान है। अब तक ऐसे मरीजों का इलाज मुंबई-दिल्ली के बड़े अस्पतालों में ही संभव था।


डॉ. आशीष कुमार


डॉ. शाह वलीउल्लाह

**सांस लेने में भी होने लगती है तकलीफ :** ऑर्थोपेडिक विभाग के चिकित्सक डॉ. शाह वलीउल्लाह ने बताया कि कूबड़ापन या रीढ़ की हड्डी में आया टेढ़ापन कई बार बेहद घातक साबित हो जाता है। ऐसे मरीजों को सांस लेने में भी समस्या आ जाती है। ज्यादातर मामलों में ये देखा गया है कि उम्र बढ़ने के साथ ये समस्या और गहराती है। यही कारण है कि इन मरीजों का समय से इलाज जरूरी है।

### 70 डिग्री से ज्यादा मुड़ी है रीढ़ तो सर्जरी जरूरी

डॉ. शाह वलीउल्लाह ने बताया कि कूबड़ापन या रीढ़ की हड्डी में आया बदलाव यदि 40 – 70 डिग्री तक है, तो बिना सर्जरी के ही इलाज किया जा सकता है। यदि इसमें 70 डिग्री से ज्यादा का कर्व है, तो सिर्फ सर्जरी ही एकमात्र विकल्प होता है। राहत की बात ये है कि सर्जरी के बाद इससे पूरी तरह से निजात मिल जाता है। कुछ मामलों में 2 राउंड में भी सर्जरी की जाती है।


एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल स्वास्थ्य अधिकारी। अमृत विचार

### यूविन पोर्टल पर मिलेगी टीकाकरण की जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूविन पोर्टल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को सीएमओ कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नियमित टीकाकरण के महाप्रबंधक डॉ. मनोज कुमार ने स्वास्थ्य कर्मियों को पोर्टल की बारीकियां बताईं। डॉ. मनोज ने बताया कि कोविड टीकाकरण को लेकर शुरू किए गए कोविन पोर्टल की तर्ज पर यूविन पोर्टल में बदलाव किए गए हैं। पहले यूविन पोर्टल कोल्ड चेन से संबंधित जानकारी रखता था, अब इसके माध्यम से महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण की सारी जानकारी भी मिलेगी। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने कहा कि इस पोर्टल को शुरू करने का उद्देश्य शत प्रतिशत टीकाकरण में लाभार्थी के अनुसार सूचना एवं देय टीकों की रीयल टाइम स्थिति प्राप्त करनी है। यह पोर्टल कोविन पोर्टल की तरह काम करेगा। इस पोर्टल के शुरू होने से लाभार्थी घर बैठे टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक कर करेंगे। जिस तरह से कोविड वैक्सीन के लिए करते थे। यूविन पोर्टल पर टीकाकरण के बाद प्रमाण पत्र भी मिलेगा। यूविन पर पंजीकरण होने के बाद गर्भवती और बच्चे का देश में कहीं भी टीकाकरण हो सकेगा। सीएमओ ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद स्वास्थ्य अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता व एएनएम को प्रशिक्षण देंगे। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एपी मिश्रा ने बताया कि यूविन पोर्टल की शुरुआत स्वयंसेवी संस्था यूएनडीपी के सहयोग से की गई है। पोर्टल पर शून्य से छह साल तक के बच्चों और गर्भवती को लगाए गए टीकों की ऑनलाइन ट्रेकिंग की जाएगी। जिससे कि ड्यू लिस्ट के अनुसार टीकाकरण करना आसान होगा। इसके साथ ही यूविन पर प्रसव का विवरण भी दर्ज होगा। प्रशिक्षण के पहले दिन राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल), एसजीपीजीआई, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, सभी जिला अस्पताल, 23 प्लानिंग यूनिट और सभी नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने भाग लिया।

# ठाकुरगंज टीबी, आरएलबी अस्पताल में लगेंगी मशीनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ब्रजेश पाठक ने लैप्रोस्कोप एनस्थीसिया वर्क स्टेशन के लिए दी 10.79 लाख की वित्तीय स्वीकृति
- प्रदेश के अन्य अस्पतालों में भी बढ़ेंगी आधुनिक सुविधाएं

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज टीबी सह संयुक्त चिकित्सालय को आधुनिक मशीनों से लैस किया जाएगा। नेत्र रोग विभाग के लिए एनस्थीसिया वर्क स्टेशन व आधुनिक लैप्रोस्कोप मशीनें खरीदी जाएंगी। इसके लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 10.79 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि टीबी सह संयुक्त चिकित्सालय में इसके अलावा अन्य आधुनिक मशीनों की खरीद व स्थापना के लिए 40 लाख रुपये की अतिरिक्त वित्तीय स्वीकृति दी गई है। राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय को भी अपग्रेड किया जाएगा। यहां भी अत्याधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। इस पर 1.05 करोड़ रुपये खर्च होंगे। ब्रजेश पाठक ने बताया कि आगरा में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों के लिए 4.60 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी दी गई है। इससे आगरा व आसपास के इलाकों के मरीजों को लाभ मिलेगा।

मऊ में नवनिर्मित 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय, घोसी में चिकित्सकीय फर्नीचर के लिए 58.63 लाख रुपये, अम्बेडकर नगर स्थित एमजेपी जिला संयुक्त चिकित्सालय में गायनोकोलॉजी, एसएनसीयू अन्य वार्ड और ऑपरेशन थिएटर में अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरणों की खरीद के लिए 3.36 करोड़ और गोरखपुर जिला महिला चिकित्सालय में भी 2.12 करोड़ रुपये से उपकरण खरीदे जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के 14 जिलों के अस्पतालों की सूरत बदलने की कवायद चल रही है।

# सूखी खांसी को न करें नजरअंदाज, सिकुड़ सकते हैं फेफड़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने किया सूखी खांसी को लेकर सचेत
- लंबे समय तक दिक्कत होने से हो सकती है आईएलडी से जुड़ी बीमारी

**अमृत विचार :** केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग और लखनऊ चेस्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एक निजी होटल में इंटरस्टीशियल लंग डिजीज (आईएलडी) पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने सूखी खांसी को नजरअंदाज न करने की नसीहत दी।

आयोजक अध्यक्ष एवं केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि आईएलडी की बीमारी को दो भागों में बांटा जा सकता है। पहले समूह को नॉन आईपीएफ, इंटरस्टीशियल लंग डिजीज (आईएलडी) और दूसरे को इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस (आईपीएफ) कहते हैं। इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस में बिना किसी ज्ञात कारण के फेफड़े में फाइब्रोसिस (फेफड़े की सिकुड़न) हो जाती है। धीरे-धीरे फेफड़ों का आकार छोटा हो जाता है। फेफड़े का वह हिस्सा कार्य करना बंद कर देता है, जिसमें बीमारी की शुरुआत सूखी खांसी से होती है। धीरे-धीरे सांस फूलने लगती है। बीमारी बढ़ने पर फेफड़े की संरचना मधुमक्खी के छत्ते (हनी कोम्ब) जैसी हो जाती है। उन्होंने बताया आईएलडी के मरीजों में लक्षणों की विस्तृत जानकारी के लिए चेस्ट एक्सरे, सीटी स्कैन तथा फेफड़ों की कार्य क्षमता की जांच (पीएफटी) से की जा सकती है। कार्यशाला में शामिल बंगलुरू के विख्यात रेडियोलाजिस्ट डॉ. विमल राज ने इंटरस्टीशियल लंग डिजीज में एचआरसीटी थोरेक्स की भूमिका पर जानकारी दी।

श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने श्वसन रोगों की स्थितियों का मूल्यांकन करने में एक्स रे एवं एचआरसीटी के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावा असिस्टेंट डॉ. ज्योति वाजपेयी डॉ. अनिल कुमार सिंह और डॉ. अर्जुन भटनागर ने भी जानकारी साझा की।


छावनी परिषद में रात में सफाई अभियान को झंडी दिखाते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व साथ में मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर। अमृत विचार

### रात में सफाई अभियान से चमकेगा सदर बाजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** छावनी परिषद के रात्रि स्वच्छता अभियान की उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुरुआत की। रात में अभियान चलाकर बाजार की सफाई की गई है। सदर लखनऊ व्यापार मंडल की परेशानियों को देखते हुए यह पहल शुरू हुई है। सोमवार को छावनी परिषद में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिषेक राठौर के साथ चार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद रात 9 से 1 बजे तक 50 कर्मचारी लगाकर सदर बाजार की सभी मुख्य दुकान, बाजार व तोपखाना बाजार में सफाई की गई। यह पहल मुख्य अधिशासी अधिकारी ने व्यापारियों की समस्या को देखते हुए शुरू की है। इसकी सदर व्यापार लखनऊ मंडल के अध्यक्ष सतवीर सिंह राजू ने प्रशंसा की। मुख्य अधिशासी अधिकारी ने बताया कि चार और वाहन छावनी परिषद खरीदेगा। जो रात्रि सफाई अभियान में लगेंगे। इन वाहनों से कूड़ा इकट्ठा कर छावनी परिषद के सुल्तानपुर रोड डंपिंग स्टेशन में डंप होगा। उप मुख्यमंत्री ने भी इस अभियान की सराहना की। कार्यक्रम में रूप देवी, संजय दयाल, अंजुम आरा, जगदीश काले, अमित शुक्ला, रतन सिंघानिया, विकास यादव, अशफाक कुरैशी, विपिन दयाल, सुनील वेश, अरुण अवस्थी, मनीष पटेल रहे।

# निरीक्षण में बंद मिले वेलनेस सेंटर, नोटिस जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनुपस्थित रहे डॉक्टरों का वेतन काटने की संस्तुति

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर खोले गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान मंदिर) में लोगों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। वजह यह है कि ज्यादातर सेंटर बंद रहते हैं। लोगों की शिकायतों का संज्ञान लेकर बीते दिनों सीएमओ कार्यालय की टीम ने पांच केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र बंद मिले। टीम ने सभी डॉक्टरों को नोटिस जारी किया। सोमवार को सभी डॉक्टर सीएमओ कार्यालय में तलब किए गए। सभी का वेतन काटने की भी संस्तुति टीम ने किया है।

सीएमओ के अधीन जिले में 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का संचालन हो रहा है। अभी कई नए केंद्र शुरू होने हैं। इसके लिए विभाग पूरी तैयारियों में जुटा है। शनिवार को एडिशनल सीएमओ डॉ. गोपीलाल के नेतृत्व में टीम ने देवीखेड़ा, कटरा, भमरौली, फरीदीपुर, मुबारकपुर पर केंद्र छापा मारा। इन केंद्रों पर ताला लटका मिला। डॉक्टर सहित पूरा स्टॉफ गायब था। टीम ने पूरी रिपोर्ट सीएमओ को भेजी है। नोटिस जारी करते हुए सोमवार को सभी डॉक्टरों को सीएमओ कार्यालय बुलाया गया। डॉक्टरों को बिना सूचना केंद्र न छोड़ने की हिदायत दी गई। एडिशनल सीएमओ डॉ. गोपी लाल के मुताबिक, डॉक्टरों को नोटिस जारी हुई थी। पूरी रिपोर्ट सीएमओ को भेजी गई है। जहां से आगे की कार्रवाई होगी।

# लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने संभाला कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नवनियुक्त निदेशक प्रोफेसर डॉ. सीएम सिंह ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया है। प्रशासनिक भवन में संस्थान की कार्यवाहक निदेशक व केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने उन्हें कार्यभार सौंपा।

कार्यभार संभालने के तुरंत बाद निदेशक डॉ.सीएम सिंह ने संस्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली। विभागाध्यक्षों से भेंट कर अस्पताल की समस्याओं को भी जाना। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय रहते गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाए। यह मरीजों के प्रति संस्थान की पहली प्राथमिकता है। इस दौरान डॉ. एके सिंह, डॉ.एपी जैन, डॉ.दीपक सिंह, डॉ. भुवन तिवारी समेत कई चिकित्सक और अधिकारी मौजूद रहे।


डॉ.सीएम सिंह को कार्यभार सौंपतीं डॉ. सोनिया नित्यानंद और साथ में अन्य।

## सार-संक्षेप

### टीबी डॉट सेंटरों पर मरीजों को दवा का संकट

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में संचालित टीबी डॉट सेंटरों पर इन दिनों टीबी के मरीजों के लिए दवा का संकट है। उन्हें एक दो दिन की दवा देकर टरकाया जा रहा है। इससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट (एमडीआर) टीबी के इलाज में सात प्रकार की प्रमुख दवाएं शामिल हैं। इनमें लंग्स टीबी की दवा आइसोनियाजिड और रिफाम्पिसिन की सप्लाई सबसे कम हो रही है। इन मरीजों को दवा के लिए हर दो दिन में डॉट सेंटर जाना पड़ रहा है। मरीजों को कई दिन तक दवा के लिए डॉट सेंटर की दौड़ लगानी पड़ रही है। इस मामले में स्टेट टीबी आफिसर एके सिंघल का कहना है कि टीबी की कुछ दवाओं की सप्लाई स्टेट से ही कम आ रही है, लेकिन इसका कोई उचित कारण मालूम नहीं है। मरीजों को दवा मिल रही है लौटाया नहीं जा रहा है। जल्द ही पूरी आपूर्ति आने लगेगी।

### मंत्री दानिश ने मदरसा शिक्षकों की सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** बकाया मानदेय को लेकर मदरसा शिक्षकों का धरना 78 दिनों से चल रहा है। सोमवार को धरना समाप्त कराने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने इन शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। मंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों की समस्याओं को लेकर गंभीर है। इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी उनके द्वारा बात कर ली गई है। जल्द ही उनकी समस्याएं हल कर दी जाएंगी। मंगलवार को अधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक आयोजित कर निर्णय लिया जाएगा। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य अफरोज ने भी समस्या का जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षक एकता समिति के प्रदेश सलाहकार इसरार अहमद ऋषि और प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अली उर्फ सिकन्दर बाबा मौजूद रहे।

### विरोध के बीच मड़ियांव में खाली कराई पांच करोड़ की जमीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने सोमवार को मड़ियांव में अतिक्रमण ध्वस्त करके पांच करोड़ की जमीन खाली कराई। मड़ियांव में खसरा संख्या 657 की 1.129 हेक्टेयर भूमि पर लोगों ने अवैध निर्माण कर लिया था। प्रभारी सम्पत्ति के नेतृत्व में तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपालों ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की तो लोग विरोध करने लगे। पुलिस बल ने उन्हें लाठी फटकार कर हटा दिया। इसके बाद जेसीबी की मदद से स्थल पर किए गए निर्माण ध्वस्त कर लगभग 10,000 वर्ग फिट जमीन खाली कराई। खाली करायी गयी भूमि का बाजार मूल्य लगभग पांच करोड़ रुपये है।

### कम वसूली पर नोटिस मिला तो छुट्टी पर गए जोनल अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शाहजहांपुर से तबादला होकर आईं उप नगर आयुक्त रश्मि भारती को लखनऊ नगर निगम के जोन सात का जोनल अधिकारी बनाया गया है। उन्हें जोनल अधिकारी व प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति आकाश कुमार की जगह तैनाती दी गयी है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने सोमवार को इसका आदेश जारी कर दिया। आकाश कुमार के लम्बी छुट्टी पर चले जाने के बाद जोन चार के जोनल अधिकारी संजय यादव को सम्पत्ति प्रभारी बनाया गया है। बताया जा रहा है कि गृहकर वसूली में पिछड़ने के चलते नगर आयुक्त लगातार सख्ती बरत रहे थे। जोन सात में गृहकर की वसूली लक्ष्य से काफी कम थी। जिस पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट की ओर से नोटिस भी जारी किया गया था।

# हेल्पलाइन से जुड़ेगा कल्याण साथी कमांड सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर आने वाली शिकायतें सीधे मिलेंगी विभाग को
- वृद्धावस्था आश्रम और आश्रम पद्धति विद्यालयों को भी जोड़ा जाएगा, कर्मियों की उपस्थिति पर रहेगी नजर

**अमृत विचार :** कल्याण साथी कमांड सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 से जोड़ने की योजना है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर समाज कल्याण विभाग से संबंधित शिकायतें सीधे विभाग को मिल जाएंगी।

बता दें कि कल्याण साथी कमांड सेंटर और कल्याण साथी मोबाइल एप की शुरुआत समाज कल्याण निदेशालय में समाज कल्याण मंत्री ने 27 फरवरी को की थी। मोबाइल एप की खास बात यह है कि इसमें समाज कल्याण विभाग की सभी योजनाएं दिखाई पड़ेंगी। योजनाओं पर क्लिक करके आप उसके बारे में जान सकेंगे।

साथ ही अगर आप पात्र हैं और योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो लिंक पर क्लिक करके आवेदन भी कर सकते हैं। मोबाइल एप पर योजना की पात्रता से संबंधित दस्तावेज भी अपलोड कर सकते हैं। मोबाइल एप पर ही बायोमेट्रिक्स की भी तैयारी है।

बायोमेट्रिक्स की शुरुआत होने पर वृद्धावस्था और आश्रम पद्धति विद्यालय के शिक्षकों-कर्मियों पर भी नजर रखी जाएगी। साथ ही विद्यालय में शिक्षक कितनी देर कक्षा में समय दे रहे हैं। इसका भी पता चल सकेगा। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि मोबाइल एप को आईटी की टीम और विकसित कर रही है। बायोमेट्रिक्स की सुविधा जल्द शुरू हो जाएगी।

# सीएमएस छात्रा को 1.84 लाख अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा रक्रिता राव को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की न्यूयार्क यूनिवर्सिटी (शंघाई कैम्पस) द्वारा 1,84,540 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। रक्रिता को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी।

सीएमएस छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गांधी किंगडन ने सीएमएस छात्रा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। शर्मा ने बताया कि सीएमएस एसएटी (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (एपी) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं।

# बच्चों में मोटापा बढ़ा रहे डिब्बा बंद खाद्य पदार्थ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पोषण विशेषज्ञ डॉ. हर्षिता

- विश्व मोटापा दिवस पर पोषण विशेषज्ञ डॉ. हर्षिता गुप्ता ने किया जागरूक

**अमृत विचार :** आजकल बच्चे घर में बने भोजन की बजाए बाहर का खाना या डिब्बा बंद (पैक्ड फूड) भोजन ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इन्हीं खाद्य पदार्थों के कारण बच्चों में मोटापा बढ़ रहा है। बच्चों में हाई शुगर, हाई बीपी, हाई कोलेस्ट्रॉल आदि बीमारियों का एक कारण मोटापा भी है। ये जानकारी विश्व मोटापा दिवस पर सोमवार को पोषण विशेषज्ञ डॉ. हर्षिता गुप्ता ने दी।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि लोग बच्चों के खानपान के प्रति जागरूक बनें। उन्होंने कहा कि ज्यादातर लोग जानते हैं कि अधिक मात्रा में वसा, नमक या चीनी (एचएफएसएस) से भरपूर भोजन का अधिक सेवन मोटापे का करण है। इसके बावजूद डिब्बा बंद और बाहर के भोजन पदार्थ स्टेटस सिंबल बन गया है। लोगों में ये भ्रामक धारणा विकसित है कि डिब्बा होते हैं, और यह स्वास्थ्य के लिए ज्यादा सुरक्षित है।


### स्कूलों में शुरू होना चाहिए पाठ्यक्रम

डॉ. हर्षिता का कहना है कि लुभावने विज्ञापन दिखा कर और उनमें बच्चों को शामिल करके विभिन्न प्रकार से मार्केटिंग की जा रही। सेलेब्रिटी भी विज्ञापनों के माध्यम से डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों के प्रति बच्चों को लुभा रहे हैं। हमारी फूड लेबलिंग नियामक प्रणाली भी पर्याप्त नहीं है। डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों के बढ़ते चलन को देखते हुए बच्चों के लिए आहार संबंधी आदतों के बारे में जानकारी भी बहुत सीमित है। ऐसे में अभिभावक भी बच्चों को बाहर का खाना खिलाने लग जाते हैं। बच्चों के जिद करने पर बाहर से खाना ऑर्डर कर देते हैं। मोबाइल और टीवी देखते हुए खाना खाने की आदत के कारण बच्चे भोजन पर्याप्त मात्रा में नहीं ले रहे हैं ये भी कुपोषण का एक बड़ा कारण है। लिहाजा स्कूलों में संतुलित आहार, स्वास्थ्य और अस्वास्थ्यकर भोजन पर एक सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम शुरू कर इसके प्रति जागरूक किया जा सकता है।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा
गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### लविवि के छात्रों को मिली फाइलेरिया की जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर शिविर लगाया गया। इसमें दवा खिलाने के साथ छात्रों को फाइलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए। लविवि के वाणिज्य विभाग की डीन रचना मुज्जु, विभागाध्यक्ष प्रो. राम मिलन, डॉ. प्रशांत सिंह एवं असिस्टेंट स्टेट प्रोग्राम मैनेजर पीसीआई विकास द्विवेदी ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया। शिविर में वरिष्ठ मलेरिया इन्सपेक्टर गौतम और एके सिंह ने बिन्दुवार बीमारी से बचाव की जानकारी देकर दवाओं का सेवन करवाया।

### छात्रों से उत्पाद और उपभोक्ता विषय पर संवाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** लविवि में अनुसंधान परियोजना प्रस्ताव तैयार करना विषय को लेकर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें समूह की गतिशीलता, व्यवहार, उत्पाद और उपभोक्ता संबंधी विचारों पर सुझाव दिये गए। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और प्रो. विनीता काचर की उपस्थिति में विशेष व्याख्यान का आयोजन हुआ। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कृष्ण मुरारी ने छात्रों से बातचीत की। समूह की गतिशीलता, कर्मचारी व्यवहार, उत्पाद में उपभोक्ता जैसी विशेषताओं पर विचार प्रस्तुत हुए।

# वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की दिखी लापरवाही

## निरीक्षण में डीआईओएस ने कार्यशैली पर उठाये सवाल, जारी की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के क्रम में सोमवार को परीक्षा के दौरान वाह्य परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों की लापरवाही देखने को मिली। जबकि केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ सहयोग में इनकी अहम भूमिका है।

जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) राकेश कुमार पांडेय ने एनकेएम इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया तो पाया कि यहां वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक के रूप में तैनात नीलम यादव न तो कक्ष निरीक्षकों की निगरानी में सक्रिय है और न ही उपस्थिति रजिस्ट्रर दुरुस्त किए गए हैं। वहीं परीक्षार्थियों के बैठने के लिए सीटिंग प्लान भी सही नहीं था। इस पर डीआईओएस ने नाराजगी जाहिर करते हुए कड़ी चेतावनी दी है। डीआईओएस ने कहा कि यदि कहीं गड़बड़ी होती है तो इसके लिए वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों पर कार्रवाई की जायेगी। वहीं दूसरी ओर लखनऊ पब्लिक इंटर कॉलेज में वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक गुंजन मेहरोत्रा को भी चेतावनी जारी की गई है।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते डीआईओएस राकेश कुमार पांडेय।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते जेडी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह, साथ में अन्य। अमृत विचार

### केंद्रों का गहन निरीक्षण, 4,377 परीक्षार्थी अनुपस्थित

बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में सोमवार को हाईस्कूल अंग्रेजी एवं इंटरमीडिएट कम्प्यूटर, शस्य विज्ञान एवं कृषि विषय विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या 55,981 थी। इसमें 53,164 उपस्थित हुए और 2,817 ने परीक्षा छोड़ दी। डीआईओएस ने बताया कि सचल दलों की ओर से प्रथम पाली में कुल 29 परीक्षा केंद्रों का गहनता से निरीक्षण किया गया। वहीं द्वितीय पाली में जनपद के कुल 27 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इसमें पंजीकृत छात्र-छात्राओं की 33,281 थी। वहीं उपस्थिति 31,721 की रही। जबकि 1560 परीक्षार्थी अनुपस्थित हुए।

### मंडल में जेडी माध्यमिक ने संभाली कमान

सोमवार को 10वीं अंग्रेजी और इंटर में भौतिक विज्ञान की परीक्षा के देखते हुए जेडी माध्यमिक की टीम भी सक्रिय रही। जेडी डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मंडल में हरदोई का निरीक्षण किया। यहां केन्द्रों पर व्यवस्था सही पाई गई। इसके अलावा टीम अन्य अन्य जनपदों में भी सचल दल प्रभारियों के माध्यम से निरीक्षण कराया गया जहां स्थिति सही पाई गई।

डीआईओएस ने बताया कि अब सभी वाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों को चेतावनी जारी कर दी गई है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**चुनौतीपूर्ण रहा 10वीं में अंग्रेजी और 12वीं में भौतिक विज्ञआन का पेपर :** परीक्षा के दौरान प्रथम पाली हाईस्कूल में अंग्रेजी एवं इण्टमीडिएट कम्प्यूटर, शस्य विज्ञान एवं कृषि विषय की परीक्षा आयोजित हुई। हाईस्कूल अंग्रेजी विषय में परीक्षार्थियों ने बताया कि कई सवाल ऐसे थे जो सरल थे लेकिन कुछ सवालों को लंबा करके पूछा गया था जो चुनौतीपूर्ण था। वहीं इंटर भौतिक विज्ञान का पेपर कठिन रहा। इंटर भौतिक पेपर को लेकर छात्र अनुज कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि भौतिक विज्ञान का पेपर वही आसानी से हल कर पाया होगा जिसने रेगुलर पढ़ाई की होगी। वहीं छात्रा सीमा रस्तोगी ने बताया कि भौतिक विज्ञान के जो प्रश्न पहले सरल दिखे उनको हल किया बाद में अन्य सवालों को किया सीमा ने बताया कि 10 मिनट और मिल जाते तो पूरा पेपर हल हो जाता।

**बिना पढ़े ही दी कप्यटूर विषय की परीक्षा :** वहीं दूसरी ओर इंटरमीडिएट कम्प्यूटर विषय की परीक्षा छात्रों ने साल भर बिना पढ़ाई दी है। एडेड कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि पूरे साल ये विषय नहीं पढ़ाया गया। बाहर से जिन लोगों ने कोचिंग ली उनका तो पेपर अच्छा होगा। लेकिन जिन्होंने बिना पढ़े परीक्षा दी है उनका पेपर बेहतर नहीं होगा।

# 31 तक सभी पैरामीटर पूरे करने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिक्षा महानिदेशक ने बेसिक शिक्षा अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर दिए निर्देश

**अमृत विचार :** सभी प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में 31 मार्च तक सारे पैरामीटर पूरे करने होंगे। बजट की कमी नहीं है लेकिन फिर भी लापरवाही हुई तो कार्रवाई की जायेगी। ये चेतावनी शिक्षा महनिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को वीडियो कान्फ्रेसिंग के दौरान सोमवार को दी है।

महानिदेशक ने राजधानी सहित जिलों की शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बीएसए को निर्देश दिया कि विद्यालयों के जो मानक हैं उनको हर हाल में 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाये। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में विकास का प्रतिशत बताया। जिसमें कई जनपद ऐसे रहे जिससे महानिदेशका संतुष्ट नहीं हुई तो सख्ती से सुधार के निर्देश दिए हैं। बता दें कि विद्यालयों में 19 पैरामीटर पर सुविधायें होनी चाहिए। इसमें 16 पैरामीटर के तहत शौचालय, स्वच्छ पेयजल, बाउंड्री निर्माण, खेल मैदान, बिजली व्यवस्था शामिल है। शिक्षा महानिदेशक ने टैबलेट से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने के का भी निर्देश दिया है। महानिदेशक ने कहा जो शिक्षक लापरवाही कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# एकेटीयू में कल से शुरू होंगी परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 127 केन्द्रों पर होगी विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं
- परीक्षा में डेढ़ लाख से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**अमृत विचार :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में बुधवार से परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। द्वितीय चरण की परीक्षाओं में विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर कुलपति का कहना है कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कुलपति प्रोफेसर जेपी पाण्डेय का कहना है कि प्रदेश के 43 जनपदों में विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के आयोजन किये जा रहे हैं। परीक्षा को लेकर कुल 127 केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा ऑफलाइन मूड में आयोजित होगी।

बताते हैं कि परीक्षा की सुचिता को बनाये रखने के उद्देश्य से सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। साथ ही विश्वविद्यालय से भी सभी केंद्रों पर नजर रखे जाने के निर्देश जारी किये गए हैं। परीक्षा में डेढ़ लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। हर केंद्र पर दो ऑब्जर्वर की तैनाती भी की जा रही है। परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र जारी किये जा चुके हैं।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम के दौरान टेबलेट लिए छात्र व उपस्थित अतिथि। अमृत विचार

### टेबलेट पाकर खिले चेहरे, साझा किए विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खिले चेहरों के बीच छात्रों द्वारा अभिव्यक्ति भी साझा की गई। लविवि में टेबलेट वितरण का आयोजन डीएपी सभागार में हुआ। यहां वर्ष 2021-23 के मास्टर्स ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन के छात्र सम्मिलित हुए। लोक प्रशासन विभागाध्यक्ष प्रो. एन एल भारती, कार्यक्रम संयोजक प्रो. आरबी सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं के बीच टेबलेट वितरण कार्य किया गया।

### शपथ के सहारे लिंग आधारित हिंसा पर रोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में ब्रेकथ्रू द्वारा लिंग आधारित हिंसा (जीबीवी) के तहत सोशल अप्रूवल ऑफ इंटरवेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के स्तिथ वाणिज्य विभाग में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन ब्रेकथ्रू फेलोज दीपांशु ने किया। छात्र फोरोज द्वारा परिसर के भीतर पोस्टर लगाने का कार्य कराया गया। विवि की छात्रा फिजा और श्वेता ने सहयोगियों के साथ मिलकर शपथ दिलाई। ऐसे में छात्रों को उनके कर्तव्यों की याद भी दिलाई गई। सत्र में लगभग 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपना फीडबैक भी साझा किया। इस अवसर पर कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ला, डॉ. ममता शुक्ला सहित शिक्षाकगण, छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीण इलाकों तक पहुंचाईं योजनाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के गीत एवं नाटक प्रभाग के सौजन्य से सांस्कृतिक दल सुखप्रीत सिंह जागरण परिवार के दल नेता कंवलजीत सिंह के निर्देशन में कलाकारों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कलाकारों ने राजधानी के मलिहाबाद के ग्रामीण इलाकों ग्राम दुगौली, सहिलामऊ, खालिसपुर, कनार, महमूदनगर और नई बस्ती धनेवा में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के साथ-साथ सरकार की योजनाओं का प्रचार किया। कंवलजीत सिंह ने बताया कि कलाकारों ने किसान सम्मान निधि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, हर घर जल योजना, कन्या सुमंगल योजना, हर घर पौधारोपण अभियान के गीतों, भावनृत्यों और हास-परिहास के जरिये ग्रामीण लोगों तक सन्देश पहुंचाया।

### शीर्ष सेवा उद्योगों में एक है पर्यटन : राजेन्द्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में माइक्रो-स्मॉल एंड मीडियम इंटरप्राइजेज बीबीएयू के संयुक्त तत्वाधान में यात्रा एवं पर्यटन प्रबंधन विषय पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस विक्टर बाबू ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश पर्यटन के पूर्व निदेशक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबांधित करते हुए डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स ने कहा कि वैश्विक स्तर पर पर्यटन को दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते उद्योगों में से एक के रूप में देखा जाता है। क्योंकि यह विभिन्न प्रकार के व्यवसायों के लिए आय और रोजगार के व्यापक अवसर पैदा करता है। उत्तर प्रदेश पर्यटन के पूर्व निदेशक राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र देश के शीर्ष सेवा उद्योगों में से एक है। दूसरी ओर भारत विशिष्ट जैव विविधता, नदियां, पहाड़ों, ऐतिहासिक स्थानों, मंदिरों और तीर्थ स्थलों की भरमार होने के कारण पर्यटन उद्योग में उच्च वृद्धि हासिल करने की अपार क्षमता रखता है। इस अवसर पर एमएसएमई के सहायक निदेशक नीरज कुमार ने एमएसएमई द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।




लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात करतीं न्यूयार्क यूनिवर्सिटी की प्रो. गैब्रिएला इलिवा। अमृत विचार

### कुलपति से मिला फुलब्राइट फेलो का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवा हिंदी संस्थान-फुलब्राइट फेलो के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात की। इस दौरान न्यूयार्क यूनिवर्सिटी की प्रो. गैब्रिएला इलिवा कार्यक्रम निदेशक अशोक ओझा मौजूद थे। युवा हिंदी संस्थान-फुलब्राइट फेलो का 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय पहुंचा। यहां कई विभागों में जागरूकता, आध्यात्मिकता और स्थायी खुशी में संस्थान के काम को समझने का प्रयास किया। इसके बाद मंथन कक्ष में कुलपति से मुलाकात की। काफी देर तक दोनों शिक्षाविद में उच्चशिक्षा के बेहतरी के लिए चर्चा हुई।

# देश में युवाओं की कमी नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डीएवी डिग्री कॉलेज वार्षिकोत्सव का उद्घाटन करते हुए वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नही है। वे दुनिया भर में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अपना अग्रणी योगदान दे रहे हैं।

डीएवी डिग्री कॉलेज में अन्तर महाविद्यालयी बौद्धिक तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि व वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि भारत ने प्राचीन काल से ही योग, गणित और अर्थशास्त्र आदि क्षेत्रों में दुनिया में अपना अग्रणी योगदान दिया है। आज भी भारत के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नही है। वे दुनिया भर में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए अपना अग्रणी योगदान कर रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें जीवन में सफलता के लिए प्रेरणा, ज्ञान, कौशल इन तीन सूत्रों को जीवन में उतारने पर जोर दिया। डीएवी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजीव कुमार त्रिपाठी ने योजनाओं एवं नैक मूल्यांकन के संबंध में जानकारियां दीं। समारोह में महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के डॉ. के के पाण्डेय, जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनोद चन्द्रा, खुनखुन जी बालिका महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया, लुआक्टा अध्यक्ष प्रो. मनोज पाण्डेय के अलावा महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण व छात्र मौजूद रहे।



डीएवी डिग्री कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह पर दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, लविवि कुलपति आलोक कुमार राय व अन्य। अमृत विचार

### रंगोली, कविता, पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन

अभिव्यक्ति-2024 के प्रथम दिन स्वरचित कविता, पोस्टर प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं का परिणाम समापन दिवस पर घोषित किया जायेगा।

# कोई एग्जीक्यूटिव तो कोई बना मैनेजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र अब एग्जीक्यूटिव और मैनेजर बन रहे हैं। कैंपस चयन की पहली कड़ी में 142 छात्रों को रोजगार मिला। अलग- अलग कंपनियों के अधिकारियों ने कामर्स संकाय के छात्रों को रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं।

विश्वविद्यालय में बदलाव की बयार सोमवार सुबह से शुरू हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की उपस्थिति में सेंट्रल प्लेसमेंट सेल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जनपैक्ट, ब्रिटिश स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज, सीटीटी इंडस्ट्रीज, यशराज एवं अन्य कंपनियों ने भाग लिया। एक- एक कर 142 छात्रों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि सीपीसी बड़ी तादात में प्लेसमेंट करा रहा है। बताती हैं कि प्लेसमेंट सेल हर ड्राइव के पहले अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग उस कंपनी के लिए करवाता है, ताकि छात्रों की आवश्यकता अनुसार तैयारी हो सके।



विद्यालय के निरीक्षण के दौरान बीएसए से बहस करता युवक, साथ में खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

न्यायालय क्षीमान अपर - न्यायाधीश महोदय पारिवारिक न्यायालय प्रथम बाराबंकी

**रामकुमार बनाम राधा**

अन्तरगत्रि धारा - : 13 HMACT
वाद सं0 - 17.2023
अन्तरगति थाना - कोठी
तारिख पेशीः 20-03-2024

विपक्षी का नाम व पता
नाम - राधा पुत्री विश्वनाथ
नि0 ग्राम - दतली
पो0 - कसमण्डीकला
थाना - मलिहाबाद - जि0 - लखनऊ

राधा को आदेशित किया जाता कि उपरोत वाद में दिनांक 20-03-2024 को प्रातः 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित हो।

# सरकारी स्कूल की बाउंड्री बनने पर दबंग लगा रहे रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बेसिक शिक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण
- जिलाधिकारी ने लिया संज्ञान दिए कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से राजधानी के जोन-8 के तहत नगर क्षेत्र प्रथम में स्थिति किला मोहम्मदी प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर दंबगों की नियत खराब है। यहां बाउंड्री निर्माण के दौरान रोक लगाई जा रही है। जिससे आहत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से लिखित शिकायत की है।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए बीएसए राम प्रवेश ने सोमवार को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने पाया कि विद्यालय के पीछे की ओर जमीन पर पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने अपने मकान का दरवाजा व खिड़की निकाल रखा है। निरीक्षण के बाद इस बारे में बीएसए ने जिलाधिकारी को पूरे मामले से अवगत कराया है। वहीं प्रधानाध्यापिका सुमन पाण्डेय ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से लिखित शिकायत की है। शिकायत का संज्ञान लेते जिलाधिकारी ने एसीएम को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही राजस्व निरीक्षक की टीम को भी जांच के आदेश दिए गये है।

इस संबंध में अपर नगर मजिस्ट्रेट, सहायक पुलिस आयुक्त कैंट, तहसीलदार, नगर निगम के अधिकारियों को जांच के दौरान मौके पर रहने को कहा है। इस मामले में जांच टीम 6 मार्च को विद्यालय पहुंचेगी। वहीं बीएसए ने बताया कि गांव के लोग भी कह रहे हैं कि जमीन विद्यालय की ही है।

### पश्चिम बंगाल में हुई घटना को लेकर एबीवीपी करेगी प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पश्चिम बंगाल में हुई घटना को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रातः 11 बजे से आयोजित होने वाला प्रदर्शन लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट संख्या एक पर किया जाएगा।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' लखनऊ नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

**प्रपत्र-4**

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : लखनऊ |
| 2. प्रकाशन की अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : त्रिनाथ शुक्ला |
| क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| पता | : 364, शक्तिनगर, इन्दिरा नगर कन्वेंशन सेंटर, लखनऊ (उ.प्र.) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : त्रिनाथ शुक्ला |
| क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| पता | : 25/116-ए, जप्लिंग रोड, लखनऊ |
| 5. सम्पादक का नाम | : शंभू दयाल वाजपेयी |
| क्या भारत के नागरिक हैं | : हां |
| पता | : 116, आवास विकास, सिविल लाइन्स, बरेली |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : रुहेलखंड इंण्टरप्राइजेज बरेली |

मैं त्रिनाथ शुक्ला एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य हैं।

तारीख: 5 मार्च, 2024

हस्ताक्षर
त्रिनाथ शुक्ला
मुद्रक/प्रकाशक

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं अजीजुल हक पुत्र समीउल्लाह सिद्दीकी मेरे फ्लैट नं. 105 प्रथम तल परिसर सं. 14/138, 14/143, 14/144, 14/144ए. व 14/144 बी, चक नं. 14 चुन्नीगंज कानपुर का निष्पादन दिनांक 29/06/2010 को बहीं सं. 1 जिल्द सं. 5172 पृष्ठ सं. 399 से 436 पर क्रमांक 2143 आत्माराम खत्री द्वारा क्रय किया गया है जिसका मूल बैनामा कहीं खो गया है जिसका उपयोग अवैधानिक माना जायेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं SANJAY LOHIA पुत्र RAJENDRA KUMAR LOHIA **निवासी- 1061, बाधमण्डी खैराबाद सुलतानपुर।** कुछ अभिलेखों में मेरा नाम SANJAY LOHIYA है। जिसे SANJAY LOHIA के नाम से जाना और समझा जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि मैनें अपना नाम KHURSHID BANO JEELANI से बदलकर KHURSHID AHMAD रख लिया है अब से मेरे सभी अभिलेखों में इसी नाम को लिखा पढ़ा व समझा जाये। KHURSHID AHMAD D/O MISQEEN ALI, 55,ELDECO GREENS, GOMTI NAGAR, LUCKNOW, 226010, U.P.

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति राम सुंदर भारतीय जीवन बीमा की पॉलिसी संख्या 213963223 के नामित रूप में रामावती अंकित हो गया है जबकि आधार व अन्य अभिलेख में मेरा नाम मायावती है। मैं मायावती व रामावती दोनों ही नाम से जानी जाती हूं। अतः मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। **- मायावती रामावती पत्नी स्व0 राम सुंदर, निवासी- ग्राम- सेमरहवा, पोस्ट - राजापुर परसौरा, जिला- गोंडा**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट सं0 T0275197 में मेरा नाम TAUQIR S/O TAUFAIK दर्ज है जो कि गलत है, मेरे प्रमाणपत्र आधार व पैन कार्ड में मेरा नाम TOQEER ALAM S/O TAUFEEK KHAN दर्ज है जोकि सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। **-तौकीर आलम पुत्र तौफीक खान नि0- ग्रा0 दक्खिन गांव धनेशा राजपूत तहसील मुसाफ़िर खाना जिला अमेठी।**

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### ताबा सराह की याद में मजलिस 8 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिया धर्म गुरु और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद सैफ अब्बास नकवी के पिता नजम उलेमा सैय्यद अली नकवी ताबा सराह की याद में इमाम बाड़ा सैय्यद तक़ी साहब हुसैनिया जन्नत मआब में आगामी आठ मार्च को शाम 7.30 बजे मजलिस का आयोजन किया जायेगा। इस मजलिस को मौलाना सैय्यद अली रिजवान खिताब करेंगे।

### नेशनल कॉलेज बना क्रिकेट प्रतियोगिता का विजेता

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज ने अमित सिंह चौहान ट्रॉफी के लिए 24वीं चंद्रभान गुप्त मेमोरियल अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। सीबी गुप्त मैदान पर फाइनल मुकाबलें में शिया पीजी कॉलेज को 38 रन से हराकर ये जीत दर्ज की।

# जापानी एन्सेफेलाइटिस का शोध देगा राहत की डोज

## लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र करेंगे शोध, फ्रांस के वैज्ञानिक ने साझा कीं महत्वपूर्ण जानकारियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र जल्द ही जापानी एन्सेफेलाइटिस पर शोध करने जा रहे हैं। इसको लेकर फ्रांस के वैज्ञानिक ने विवि के छात्रों के बीच जानकारियां साझा कीं। पहली कड़ी में 215 छात्र शामिल हुए। कुछ छात्र जल्द ही इस बीमारी की खोज-खबर लेने के लिए तैयार किये जा रहे हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय आए फ्रांसीसी वैज्ञानिक प्रो. सर्ज मिगनानी ने बताया कि दुर्लभ बीमारियों में जापानी एन्सेफेलाइटिस शामिल है। भारत में भी काफी संख्या में प्रति वर्ष लोगों की मृत्यु होती रही है। इसको लेकर शोध आवश्यक है, ऐसा इसलिए ताकि समस्या का जड़ से निस्तारण किया जा सके। बताते हैं कि समस्या के निस्तारण के लिए लविवि में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें फार्मेसी के 215 छात्र शामिल हुए। केजीएमसी विवि के सेंटर फॉर एडवांस रिसर्च के विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र सक्सेना ने बीमारी से जुड़ी जानकारियां साझा की गईं। सीडीआरआई के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. आरपी त्रिपाठी द्वारा कई छात्रों को शोध के लिए तैयार भी किया गया।

वर्ष 1978 में विषाणु जनित बीमारी ने पूर्वी और मध्य क्षेत्र में दस्तक दी थी। तबसे अब तक हजारों बच्चों की मृत्यु हुई। कई शारीरिक व मानसिक दिव्यांगता के शिकार भी हुए। हालांकि प्रदेश में पांच वर्षों में ये आंकड़ा बहुत तेजी से घटा है।



लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को जानकारी देते फ्रांसीसी वैज्ञानिक प्रो. सर्ज मिगनानी। अमृत विचार

### बच्चे और बुजुर्ग होते हैं अधिक ग्रसित

एन्सेफेलाइटिस को दिमागी बुखार भी कहा जाता है। इसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग अधिक आते हैं। इसके कारण दिमाग में सूजन आ जाती है। वायरस मच्छर के काटने से तेज बुखार, सिरदर्द, तीव्र प्रकाश से समस्या, उल्टी, सिर घूमना और कई मामलों में पैरालिसिस और कोमा जैसी स्थिति भी आ जाती है, जिससे मरीज की मौत भी हो सकती है।



कैंट विधानसभा क्षेत्र में लाभार्थियों को योजनाओं का पत्रक देते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, साथ में अन्य। अमृत विचार

### पिछली सरकारों में नहीं मिलता था योजनाओं का लाभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** पिछली सरकारों में गरीबों के लिए योजनाएं तो बनती थीं मगर उसका लाभ उनको नहीं मिल पाता था। मोदी सरकार में गरीबों को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिल रहा है। उक्त बात भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने की। उन्होंने सोमवार को कैंट विधानसभा के बूथ संख्या में लाभार्थियों से संपर्क किया और उनको योजनाओं से संबंधित पत्रक दिए। साथ ही लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारंटी के स्टीकर चिपकाए। इस दौरान पार्षद सुशील तिवारी पम्मी, मंडल अध्यक्ष मानस बाहरी, बूथ अध्यक्ष क्षितिज रावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनायक पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि तकनीकी निदेशक अजय श्रीवास्तव।

### पहले दिन पूर्वांचल ने केस्को को हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की ओर से उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर की 49 क्रिकेट प्रतियोगिता सोमवार से लखनऊ में शुरू हो गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह चौक स्टेडियम पर किया गया। जहां मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक तकनिकी अजय कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहें। इसके साथ निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार सहित क्रीड़ा अधिकारी और अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी इमरान उल हक, पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी सुरेंद्र सिंह चौहान, हशमत हुसैन पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी वकील अहमद प्रतियोगिता सचिव और पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी अनुराग श्रीवास्तव समारोह मे मौजूद रहें। प्रतियोगिता उपसचिव और मध्यांचल टीम के कप्तान प्रदीप वर्मा उपसचिव आयोजन समिति के साथ ही प्रतियोगिता में बिजली विभाग की 9 टीमें भाग ले रही हैं। जो इस प्रकार हैं, पश्चिमांचल, पूर्वाचल, दक्षिणांचल, केस्को, कानपुर, ओबरा परियोजना, हरदुआगंज परियोजना, अनप्रा परियोजना, परीक्षा, पनकी परियोजना और मेजबन मध्यांचल है। उद्घाटन मैच, कि कानपुर और पूर्वाचल के बीच खेला गया। जिसमे केस्को कानपूर ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पूर्वांचल ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 181 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में केस्को की टीम 109 रन पर आल आउट हो गयी। यह मैच पूर्वांचल ने 72 रन से जीत लिया। मैच के मैन ऑफ़ द मैच शशिकांत सरोज रहें।



लखनऊ गोल्फ लीग में सोमवार को शानदार जीत दर्ज करने वाली राम स्वरूप टाइगर्स की टीम। अमृत विचार

### राम स्वरूप टाइगर्स की वेलनेस पर आसान जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राम स्वरूप टाइगर्स ने शानदार खेल दिखाते हुए लखनऊ गोल्फ लीग ने सोमवार को वेलनेस वॉरियर्स को 5-0 से हरा दिया। दबंग डेयरडेविल्स, शालीमार स्ट्राइकर और टू फ्रेण्ड्स बेसकैम्प चैंपियन ने भी अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। राम स्वरूप के लिए आज बीडी नकवी और आमेर महमूद शेख ने एकल मुकाबले जीते। सैयद फैसल और विक्रम भार्गव, सोमेश भारद्वाज और पीके धवन के साथ अजय भसीन और संदीप कलसी ने युगल मुकाबले जीते। आज दूसरी सबसे बड़ी जीत शालीमार स्ट्राइकर ने दर्ज की। उसने इकाना टाइटंस को 4-1 से शिकस्त दी। शालीमार ने शुरुआती चारों मुकाबले जीतकर 4-0 से अजेय बढ़त बना ली थी। शालीमार के जनरल एके परमार और अजय दीक्षित ने एकल मुकाबले जीते। जिसके बाद विजयी टीम का आत्मविश्वास दोगुना हो गया। इसके बाद अजित कुमार दुबे और संजय सिन्हा, सुदीप लूथरा और सुनील बोरा की जोड़ियों ने युगल मुकाबले जीते। पांचवें मैच में इकाना टाइटंस के अचिंत खण्डेलवाल और मनोज शुक्ला ने जीत दर्ज कर शालीमार की जीत का अंतर कम कर दिया। दबंग डेयरडेविल्स की टीम सैस हुण्डई को 3.5-1.5 से पराजित किया। डेयरडेविल्स के लिए वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव और धर्मेंद्र सिंह ने अपने-अपने-एकल मुकाबले जीतकर 2-0 से बढ़त बना ली। पहले युगल में डेयरडेविल्स के रजनीश सेठी और डॉ. रजत माथुर के साथ सैस के हिमांशु कालरा और गगन वोहरा की जोड़ियों के बीच मैच बराबर रहा।

## पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ 16वां दस्तक यूथ फेस्टिवल

**अमृत विचार, लखनऊ :** संगीत नाटक अकादमी में आयोजित दस्तक यूथ फेस्टिवल का सोमवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। यह 16वां दस्तक फेस्टिवल था। आज के आयोजन की खास बात यह रही कि विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीतने वाले युवाओं के साथ हारने वाले युवाओं ने एक दूसरे के गले लगकर जमकर नृत्य किया। अगले साल फिर से मिलने के वादे के साथ फेस्टिवल के समापन की घोषणा हो गई।

दस्तक के समापन समारोह में अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार, अर्थशास्त्री प्रीति आहूजा, डॉ. प्रभा, आर्किटेक्ट सिद्धार्थ और गायक महेंद्र पाल ने फेस्टिवल के विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किये। दीपक कबीर ने बताया कि यह आयोजन युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा के साथ करीब लाने के उद्देश्य से हर साल आयोजित किया जाता है।

## मोदी की गारंटी से विकसित भारत योजना पर हो रहा काम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गांरटी से विकसित भारत योजना पर काम हो रहा है। 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए लोगों से सुझाव लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद कौशल किशोर ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत कैसा हो इस संबंध में सुझाव देने के लिए संकल्प पत्र सुझाव पेटिका लांच किया। उन्होंने बताया कि जनमानस से संकल्प पत्र के लिए सुझाव पेटिका जिला स्तर और विधानसभा स्तर पर रखी जा रही। इसके साथ दो एलईडी वैन हर विधानसभा में चलेंगी। दोनों वैन के जरिए भाजपा कार्यकर्ता एक दिन में 20 जगह जाकर लोगों से संकल्प पत्र के लिए सुझाव एकत्र करेंगे। सभी लोगों द्वारा नमो एप के माध्यम से सुझाव सीधे भेजा जा सकता है। सुझाव भेजने के लिए मोबाइल नंबर 9090 9020 24 पर मिस कॉल भी कर सकते हैं। पिछले 10 वर्षों में सभी वर्ग को बिना किसी भेदभाव के सशक्त करते हुए 25 करोड़ देश वासियों का गरीबी से उत्थान हुआ है। प्रधानमंत्री को जनता जननायक के रूप में देखती है। जिलाध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं को सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। नारी शक्ति वंदन कानून बनाकर 33 फीसद लोकसभा और विधानसभा सीटें आरक्षित करने का फैसला लेकर मोदी सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

▶▶ प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विज्ञान, आर्थिक, स्वास्थ्य और अंतरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा देश

## लॉटरी के जरिए खादिमुल हुज्जाज का चयन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** हज 2024 पर जा रहे हज यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से भेजे जाने वाले खादिमुल हुज्जाज का चयन पांच मार्च को लाटरी के जरिये किया जायेगा। सरोजनी नगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में दोपहर 12 बजे यह चयन लाटरी के जरिये किया जायेगा।

इस मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ और हज मंत्री धर्म पाल सिंह, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी और उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा तथा हज समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे। सरकार की ओर से हर साल हज यात्रियों की सुविधा के लिए खादिमुल हुज्जाज (हज सेवक) भेजे जाने की परम्परा है। खादिमुल हुज्जाज के आवेदन के लिए यह जरूरी है कि वह दो बार से अधिक हज यात्रा पर जा चुका हो और उसे मक्का व मदीना के बारे में विस्तृत जानकारी हो।

## किसान संघ का मनाया गया स्थापना दिवस

**अमृत विचार, लखनऊ :** रज्जू भैया स्मृति भवन चारबाग पर आयोजित भारतीय किसान संघ स्थापना दिवस प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मनाया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल ने संगठन के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सदस्यता अभियान के महत्व को समझाया। साथ ही संगठन शक्ति के माध्यम से किसानों की समस्याओं का शासन प्रशासन पर दबाव बनाकर निराकरण कैसे कराया जाये इसकी रणनीति बताई गई। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने वर्षा व ओलावृष्टि से किसानों की फसल को हुए नुकसान का सर्वे कराकर तत्काल प्रभाव से मुआवजा देने की मांग को प्रमुखता से उठाया। इस मौके पर शिवकांत, अशोक, नरेश, रामचेला, भानु, कुलदीप, अमरेंद्र, रणवीर शर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल भूपेंद्र सिंह व किसान संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

# कांतिका ने कथक नृत्य में दिखाई नारी की शक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर ने सोमवार को गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में कांतिका मिश्रा का कथक नृत्य और नाटक ओवरटोंस का मंचन किया।

लखनऊ की नृत्यांगना कांतिका मिश्रा ने यहां साथी नृत्यांगनाओं के साथ मनभावन कथक नृत्य प्रस्तुत किया। देवी दुर्गा के नौ रूपों की वंदना के साथ कथक नृत्य का कार्यक्रम शुरू हुआ। पारम्परिक कथक में उठान, आमद, परन, पांच की बंदिश और 54 चक्कर को बहुत शानदार अंदाज में प्रस्तुत किया। कथक नृत्य की अंतिम प्रस्तुति थी आज की नारी। इस प्रस्तुति में नारी को शक्तिस्वरूपा के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में यह बताया गया कि नारी सबको साथ में जोड़कर चलती है।

कथक के मनभावन प्रदर्शन के बाद यहां नाटक ओवरटोंस का मंचन किया गया। डॉ. रिशाद रिजवी द्वारा लिखित और मोहम्मद राशिद के निर्देशन में मंचित इस नाटक में आधुनिक महिलाओं के सामने आने वाले मुद्दों को बहुत अच्छे अंदाज में प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति कभी हंसाती है तो कभी सोचने को विवश कर देती है।

नाटक में पूजा गर्ग, पूजा घई, मनीषा लाधानी, आनंदी अग्रवाल, प्रज्ञा अग्रवाल और पारुल भुगरा ने प्रमुख भूमिकाएं अदा कीं। सुरभि मोदी सहाय ने वाचक की भूमिका अदा की। ख़ास बात यह रही कि नाटक के कलाकार फिक्की फ्लो के सदस्य ही थे। नाटक के लिए शानदार सेट बनाया गया था।

इस मौके पर फिक्की फ्लो के लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन स्वाती वर्मा, माधुरी हलवासिया, विभा अग्रवाल, वन्दिता अग्रवाल, सिमरन साहनी, ज्योत्सना हबीबुल्लाह, स्मृति गर्ग, स्वाति मोहन, वनिता यादव और शमा गुप्ता की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।



गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में कथक नृत्य प्रस्तुत करतीं नृत्यांगनाएं।

▶▶ फिक्की फ्लो ने किया नाटक ओवरटोंस का मंचन

# सम्राट अशोक को समझना हो तो पुस्तक मेला आइए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अगर आपको मंडल कमीशन की रिपोर्ट पढ़नी है। सम्राट अशोक का सही इतिहास जानना है। दलित और पासी समाज पर कांशीराम द्वारा लिखे गए लेख पढ़ने हैं या फिर जातिगत जनगणना के बारे में समझना है तो रवीन्द्रालय लॉन में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में जाइए। यहां पर बहुत सी ऐसी पुस्तकें आसानी से मिल जाएंगी जिन्हें बाजार में ढूंढते रहेंगे लेकिन उनका हासिल हो पाना मुश्किल है। यह पुस्तक मेला 10 मार्च तक चलेगा। सोमवार को लखनऊ पुस्तक मेले का तीसरा दिन था। दो दिन की बारिश के बाद धूप खिली थी तो सांस्कृतिक मंच भी पूरी तरह से गुलजार दिखाई दिया। पूरे दिन यहां साहित्य पर चर्चा होती रही। पुस्तकों का विमोचन हुआ और कवियों ने काव्यपाठ किया। संयोजक मनोज चन्देल ने बताया कि साहित्य, कला और संस्कृति को समर्पित इस पुस्तक मेले में आज से वाश शैली के विख्यात चित्रकार सुखबीर सिंघल की स्मृति में कला प्रदर्शनी भी शुरू हो गई है। इस प्रदर्शनी के साथ-साथ डॉ. स्तुति सिंघल के निर्देशन में वाश चित्रों की कार्यशाला भी चलेगी। इस कार्यशाला में कोई भी नियमित तौर पर इस कला की बारीकियां सीख सकता है। सांस्कृतिक मंच पर सोमवार को हेल्पिंग हार्ट्स फाउंडेशन की ओर से ज्योति किरण सिन्हा के संयोजन व संचालन में काव्य संध्या का आयोजन किया गया। इसमें अंजना मिश्रा की अध्यक्षता में चन्द्रशेखर वर्मा, संध्या सिंह, बलवंत सिंह, अमित हर्ष, कल्पना अग्रवाल, निवेदिता श्री और अलका प्रमोद ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। शारदेय प्रकाशन द्वारा प्रकाशित निवेदिता श्री के लघु कथा संग्रह चार्वी का विमोचन शारदा लाल की अध्यक्षता में पवन जैन, सुषमा गुप्ता, इला सिंह, ज्योत्सना सिंह और अलका प्रमोद ने किया। संचालन अलका प्रमोद ने किया। अनिल बांके के संयोजन में भुशुण्डी साहित्य संस्थान ने भी यहां काव्य गोष्ठी का आयोजन किया।

## दिव्यांगजनों की स्थिति को देखकर तय करें अपनी भूमिका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सामाजिक स्तर पर दिव्यांगजनों को हीन भावना का एहसास न हो इसका हमें ध्यान रखना होगा। साथ ही दिव्यांगजनों की स्थिति को देखते हुए समाज में हमें अपनी भूमिका तय करनी होगी।

उक्त बात जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने सोमवार को दिव्य अनुभूति मेले के समापन अवसर पर कही। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों को सशक्त एवं जीवन के संघर्षों का दृढ़ता से सामना करने के लिए कविता 'संघर्ष की चर्चाओं का इक नाम बनकर देखना, अजनबी से शहर की पहचान बनकर देखना, आपकी हर बात की होगी कदर चारों तरफ, हो सके तो बस जरा इंसान बनकर देखना' के माध्यम से प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने संस्थाओं, विद्यालयों और दिव्यांगजनों की ओर से लगाए गए विभिन्न स्टॉलों और पुस्तक प्रदर्शनी को देखा।

▶▶ मेहंदी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस एवं बेबी शो किया गया आयोजन

कार्यक्रम के अवसर पर स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित बालिका इंटर कालेज की बालिकाओं ने स्वागत गीत, चेतना संस्थान की बालिकाओं ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। राजकीय संकेत विद्यालय, प्रयास विद्यालय, समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, बचपन डे केयर सेंटर, सक्षम स्कूल, पायसम और एनएबी के सहयोग से दिव्यांग छात्र/छात्राओं के मध्य मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही फैंसी ड्रेस और बेबी शो भी आयोजित किया गया। मेले में आयोजित समस्त कार्यक्रमों में कार्यरत प्रधानाचार्यों एवं अन्य को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। साथ ही दृष्टिबाधित को 90 स्मार्ट केन/ब्रेल किट दी गई।

**कार्यालय प्राथमिक विद्यालय भेन्दुआ बहरेला, वि०ख० बनीकोडर, बाराबंकी**

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय मेन्दुआ बहरेला विकास खण्ड बनीकोडर के जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 11 मार्च 2024 को की जायेगी जिसमें इच्छुक व्यक्ति विद्यालय में उपस्थित होकर अपना नामांकन करा कर नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति विद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव के पास अपने आधार की छाया प्रति एंव नीलामी प्रकिया में विभाग द्वारा निर्धारित अग्रिम धनराशि दिनांक 11 मार्च 2024 तक पूर्वान्ह 11 बजे तक जमा कर सकते है।
नीलामी प्रकिया पूर्ण होने के पश्चात जमानत राशि वापस कर दी जायेगी।
दिनांक: 27.02.2024

अध्यक्ष / सचिव
विद्यालय प्रबन्ध समिति
प्राथमिक विद्यालय, भेन्दुआ बहरेल
बनीकोडर, बाराबंकी

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढुढ़ाव वि0ख0 मुजेहना जिला गोण्डा**

पत्रांक: मेमो/निविदा — **अल्पकालीन निविदा** — दिनाँक 04/03/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुजेहना ब्लाक की ग्राम पंचायत ढुढ़ाव में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मनरेगा योजना के तहत वकील के घर से खड़ंजा तक मिटटी व खड़ंजा कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक व पंजीकृत फर्मो से निविदा 5 /3/ 2024 से 7 /3/2024 तक आमंत्रित की जाती है। 7.3.2024 को अपराह्न में 3:00 बजे निविदा खोली जाएगी। निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष /प्रधान में निहित होगा। जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

खतूना — ग्राम प्रधान
दीपनरायन पाडेय — सचिव
ग्राम पंचायत ढुढ़ाव वि0ख0 मुजेहना जिला गोण्डा

**कार्यालय ग्राम पंचायत साबरपुर विकास खण्ड छपिया गोंडा**

पत्रांक: मेमो/निविदा — **अल्पकालीन निविदा** — दिनाँक 04/03/2024

ग्राम पंचायत साबरपुर विकास खण्ड छपिया जिला गोण्डा वित्तीय वर्ष 2023–24 में केंद्रीय वित्त/ मनरेगा/ पंचम वित्त/राज्य वित्त योजनान्तर्गत मस्जिद (मदनपुर) से मुख्य मार्ग तक नाली एवं ढक्कन निर्माण कार्य में ईट, सीमेंट, मोरंग, बालू, गिट्टी, मिट्टी, सरिया आदि सामग्री उपरोक्त कार्य हेतु रजिस्टर फर्मो द्वारा सामग्री हेतु निविदा प्रकाशन के तीन दिन के भीतर आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

विवेक कुमार — ग्राम प्रधान
अमित मिश्रा — ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत साबरपुर विकास खण्ड छपिया गोंडा

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, सेक्टर बी पानी की टंकी परिसर अलीगंज, लखनऊ**

पत्रांक: 2456/EE-3/GL-7/23-24 — दिनांक: 04/03/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतदद्वारा जलकल विभाग नगर निगम जोन–3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से पृथक–पृथक निविदाएं दिनांक 11.03.2024 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित किया जायेगा। जो उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.03.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा की जाएगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्तें तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र मे उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती हैं–

| क्र0 सं0 | कार्य | निविदा शुल्क | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Boring of Mini Tube Well size 200x200 mm Dia near Shri Ramdev Dixit's House, Ektapuram, Triveni Nagar Ward, Lucknow | Rs. 500/- | 8400.00 | 7 days |
| 2 | Development, Supply of P-gravel & other mechanical works for mini tubewell bored near Shri Ramdev Dixit's House, Ektapuram, Triveni Nagar Ward, Lucknow | Rs. 500/- | 8400.00 | 7 days |
| 3 | Supply & Fixing of by bass system & other electrical / Civil works for newly bore mini tubewell near Shri Ramdev Dixit's House, Ektapuram, Triveni Nagar Ward, Lucknow | Rs. 400/- | 6800.00 | 7 days |

अधिशासी अभियन्ता जोन–3
जलकल विभाग नगर निगम

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ0प्र0)। पीबीएक्स: 0522-2303623, 2303624, 2363133, वेबसाइट: http://www.ldaonline.co.in

**—: सार्वजनिक सूचना :—**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यावसायिक / रेन्ट / नजूल / इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण / नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन / भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रीमती अर्चना शर्मा | भवन सं० एम०एल० आई०जी०-1/196 | रूचि खण्ड-1, शारदा नगर | 02.07.2003 | (1) श्री सुशील कुमार शर्मा (2) श्री गौरव शर्मा | (1) श्री ओम प्रकाश शर्मा (पति) (2) श्रीमती सरोज शर्मा (पुत्री) | पुत्रगण |
| 2. | श्रीमती सुमन पाण्डेय | भवन सं० एम०-3/876 | सेक्टर-एच, कानपुर रोड योजना | 30.11.2011 | (1) श्री दिनेश चन्द्र पाण्डेय | (1) श्री हिमांशु पाण्डेय (पुत्र) (2) श्री सुधांशु पाण्डेय (पुत्र) | पति |
| 3. | श्रीमती कौशिल्या देवी | भवन सं० ई-1/336 | सेक्टर-एच, कानपुर रोड योजना | 04.03.2017 | (1) श्री सन्दीप कुमार सोनकर (2) श्री सौरभ आनन्द | श्रीमती सुमन सोनकर (पुत्री) | पुत्रगण |
| 4. | श्रीमती बीना तिवारी | भूखण्ड सं० ए-1/62 | गोमती नगर योजना | 21.08.2006 | श्रीमती नीरू तिवारी | श्री भोला नाथ तिवारी | पुत्री |
| 5. | श्रीमती नूर जहाँ (मृतक) | भूखण्ड सं० सी-872 | महानगर गृह योजना | 28.11.2018 | मोहम्मद रेहान, मोहम्मद फुरकान, राना अय्यूब, सलमान अय्यूब एवं कामरान अय्यूब समस्त वारिस स्व० नूर जहाँ | ---- | पुत्र/पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कालम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
सचिव

## एक नजर

### पुलिस चौकी के पास से चोरी हुईं दो बाइक

**अमृत विचार, लखनऊ :** पॉलीटेक्निक पुलिस चौकी के बाहर चोरों ने होम गार्ड पवन कुमार सिंह की बाइक पार कर दी। पवन ने गाजीपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक विकाय राय के मुताबिक, हजरतगंज निवासी ट्रैफिक होमगार्ड पवन गत 14 फरवरी को छुट्टी पर अपने गांव गया था। गांव जाने से पूर्व उनसे बाइक को पालीटेक्निक पुलिस चौकी के बाहर खड़ी कर दी थी। 27 फरवरी को को वह लौटा तो बाइक गायब थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा हैं। वहीं, गोसाईंगंज के भट्ठी बरकतनगर किसान बालकृष्ण सोमवार को रिश्तेदार की बेटी की शादी का सामान खरीदने के लिये खुजौली बाजार पहुंचे थे। जहां पुलिस चौकी के पास पीड़ित ने बाइक खड़ी कर दी थी। वापस आने पर उन्हें बाइक नहीं मिली।

### अल्पसंख्यक समुदाय की महिला पर अपमानजनक टिप्पणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** हुसैनगंज थाने में अल्पसंख्यक समुदाय की महिला ने चार लोगों पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि बदनाम करने की नियत से सोशल मीडिया पर झूठे तथ्यों के आधार पर अपमान जनक टिप्पणी की है। प्रभारी निरीक्षक रामकुमार गुप्ता के मुताबिक, जय नारायण रोड निवासी ए इदरीसी ने राघवेंद्र प्रताप सिंह, ए .त्रिपाठी, नावेद और शारिब के खिलाफ ब्लैकमेल और छवि धूमिल किए जाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि विपक्षी परिवार की छवि धूमिल करने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से संगठित गिरोह बनाकर बदनाम कर रहे हैं। पिछले वर्ष जून में भी अपमानजनक टिप्पणी की सोशल मीडिया पर अपलोड की थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आईटी एक्ट और धमकाने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

# हिस्ट्रीशीटर की पत्नी ने पुलिस पर लगाया घर में तोड़फोड़, फायरिंग करने का आरोप

## तिहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी के घर देर रात पहुंची थी दो थानों की पुलिस

▸▸ हिस्ट्रीशीटर सिराज खान की पत्नी ने पुलिस आयुक्त से की शिकायत


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


हिस्ट्रीशीटर सिराज उर्फ लल्लन खां के ठाकुरगंज स्थित मकान के बाहर खड़ी मलिहाबाद और माल पुलिस की गाड़ियां। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मलिहाबाद के मोहम्मदनगर गांव में तिहरा हत्याकांड के मुख्य आरोपियों के घर पर पुलिस की वेशभूषा में पहुंचे हमलावरों ने तोड़फोड़ कर फायरिंग की। हिस्ट्रीशीटर सिराज उर्फ लल्लन खां की पत्नी खुशनुमा ने रिश्तेदार फरीद और उनके भांजों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर से शिकायत की है। उनका कहना है कि उनके परिवार को जान से मारने की नियत से फरीद अहमद खान ने अपने भांजों के संग घर में घुसकर उनका हमला किया है। घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है।

### गैंगस्टर की कार्रवाई करने पहुंची दो थानों की पुलिस

खुशनुमा का आरोप है कि 2 मार्च को पुलिस की वर्दी में कुछ लोग उसके घर में घुस आए। इसके बाद पारिवारिक सदस्यों से बदसलूकी कर घर में तोड़फोड़ और फायरिंग की। मोबाइल से कनेक्ट सीसीटीवी फुटेज की रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है। यह रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि 2 मार्च में मलिहाबाद और माल पुलिस हिस्ट्रीशीटर सिराज खां और उसके बेटे फराज पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने के लिए ठाकुरगंज स्थित मकान पर पहुंची थी। जेल में बंद पिता-पुत्र पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जानी है। टीम ने आरोपियों की संपत्ति का ब्यौरा जुटने के साथ ही पड़ोसियों से भी पूछताछ की थी। घर में तोड़फोड़ किए जाने की बात निराधार है। हालांकि इस मामले में पुलिस ने 20 फरवरी को ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है। वहीं, खुशनुमा का आरोप है कि विपक्षी फरीद अहमद और उनके भांजों का सम्बन्ध राजनेताओं और कुख्यात अपराधियों से है। फरीद उनके परिवार की हत्या कर सकता है।


घर में टूटा वाशबेसिन।


टूटा पड़ा शीशा।

### यह थी घटना

गौरतलब है कि बीती 2 फरवरी को मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदनगर गांव में जमीन विवाद में हिस्ट्रीशीटर सिराज उर्फ लल्लन खां ने बेटे फराज साथी फुरकान व अशरफी के संग मिलकर रिश्तेदार फरहीन उनके बेटे हंजला व भाई मुनीर खां उर्फ ताज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। हालांकि, पुलिस ने 4 फरवरी को हत्यारोपियों की गिरफ्तारी कर सभी को जेल भेज दिया था। इस मामले में 5 फरवरी को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार हिस्ट्रीशीटर लल्लन खां के शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की थी। इसकी नोटिस भी लल्लन के ठाकुरगंज के मकान पर चस्पा की गई थी।

# परिजन को कॉल कर युवक ने की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पत्नी से अलगाव के बाद युवक ने लगाया फंदा

▸▸ मड़ियांव और सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र से सामने आए मामले



**अमृत विचार :** मड़ियांव कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भरतनगर में दुर्गेश यादव (28) ने बेरोजगारी से तंग आकर खुदकुशी कर ली। आत्मघाती कदम उठाए जाने से पूर्व दुर्गेश ने परिजन को कॉल कर आत्महत्या किए जाने की सूचना दी थी। वहीं, सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर -6 प्रधानमंत्री आवास विकास कालोनी में पत्नी से अलगाव के बाद राकेश रावत (35) ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र के मुताबिक, मूलरूप से सिद्धार्थनगर जनपद निवासी दुर्गेश यादव बंगलौर में नौकरी करता था। नौकरी छूट जाने के बाद बीत चार माह से वह मड़ियांव के भरतनगर स्थित विद्यार्थी आश्रम के पास किराए पर रहता था। भाई राजू ने बताया कि बेरोजगारी से दुर्गेश परेशान था। रविवार रात करीब 8 बजे उसने परिजन को फोन कर बातचीत कर आत्महत्या किए जाने की बात कही थी। यह सुनकर परिजन ने उसे काफी समझाया। उसके बाद दुर्गेश ने मोबाइल बंद कर कमरे में पंखे के हुक से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। वहीं, सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर -6 प्रधानमंत्री आवास विकास कालोनी अवध विहार कॉलोनी निवासी राकेश रावत (35) ने कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। पिता सूरज बली ने बताया कि करीब आठ पूर्व बेटे की शादी हुई थी। छह वर्ष पहले उसकी पत्नी का छोड़कर मायके चली गयी।इसके बाद से वह परेशान रहता था और शराब पीने आदी हो गया था।

# दो मकानों से चोरों ने पार की ज्वैलरी और नकदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आशियाना और चिनहट पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**अमृत विचार :** राजधानी में चोरों ने दो बंद मकानों का ताला तोड़ लाखों की नकदी और ज्वैलरी पार कर दी। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आशियाना और चिनहट थाने में एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, एकता विहार एल्डिको उद्यान -1 बंगला बाजार निवासी गौरव सिंह ने घर में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 29 फरवरी की रात करीब 9 बजे वह अपने घर पहुंचे तब घर का दरवाजा खुला मिला। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने उनके मकान से लाखों की ज्वैलरी और नकदी पार कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का मुआयना कर पड़ोसियों से पूछताछ की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धारा में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं, चिनहट थानाक्षेत्र के मल्हौर निवासी संजय कुमार ने बताया कि चोर इन्वर्टर को अपने साथ ले जाने मे कामयाब हो गया। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में आरोपी की करतूत कैद हो गई। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि फुटेज की मदद से चोरी की पहचान कराई जा रही है।

# निर्माण कार्य के चलते 25 तक रहेगा रूट डायवर्जन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पॉलीटेक्निक और मुंशी पुलिया के बीच पुल निर्माण कार्य के चलते 5 मार्च से 25 मार्च तक डायवर्जन व्यवस्था लागू की गई है। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया कि पालीटेक्निक से मुंशी पुलिया की जाने वाले वाहन चर्च रोड, संत बीरबल, अरावली पुलिस चौकी, सेक्टर-16 तिरहा होकर जायेंगे। चर्च रोड से संत बीरबल चौराहा से सीधे भूतनाथ तिराहा, सांई मंदिर चौराहा से सीधे सेक्टर-19 चौराहा होकर जा सकेंगे। भारी वाहन पालीटेक्निक चौराहा से मुंशी पुलिया नहीं जा सकेगा। वाहन न्यू हाइकोर्ट, इंदिरागांधी प्रतिष्ठान, डिगडिगा चौराहा, समता मूलक चौराहा होकर जाएंगे।


सोमवार को बटलर पैलेस में अभियान के दौरान जेसीबी से अतिक्रमण हटाती एलडीए की टीम। अमृत विचार

# डेयरी संचालक से रुपये और मोबाइल छीना

**अमृत विचार, काकोरी:** पारा थानाक्षेत्र निवासी डेयरी संचालक आसिफ अली रविवार रात करीब साढ़े बजे बड़ागांव से दूध की केन लेकर आलमबाग गया था। लौटते समय बुद्धेश्वर चौराहे पर शराब के ठेके के पास दबंग सड़क घेरकर खड़े थे। रास्ता मांगने पर दबंगों ने आसिफ को रोक लिया और पीटने लगे। मोबाइल और जेब में रुखे पांच हजार रुपये भी छीन लिए। शोर मचाने पर जब तक अन्य राहगीर पहुंचे तब तक दबंग भाग निकले। सोमवार पीड़ित ने सम्बन्धित थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा ने कहाकि मामला संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म की कोशिश में महिला से मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ महिला ने रिश्तेदार के खिलाफ मदेयगंज थाने मे दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मदेयगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत रिश्तेदार ने एक महिला से दुष्कर्म करने का प्रयास किया। नाकाम होने पर आरोपी ने उसकी पिटाई कर चोरी-छिपे बनाए गए वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। हालांकि, पीड़िता की लिखित शिकायत पर मदेयगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली महिला ने रिश्तेदार मो. शरीफ पर संगीन आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि आरोपी उसकी ससुराल में रहता है। छोटी-छोटी बातों को लेकर ससुराल में उससे मारपीट की जाती है। लिखित शिकायत में पीड़िता का कहना है कि रिश्तेदार पर उस पर गंदी नियत रखता है। इसी बीच आरोपी घर में अकेला पाकर उससे जोर जबरदस्ती करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी ने उसकी पिटाई कर दी। फिर मुंह बंद रखने की धमकी देते हुए चोरी-छिपे बनाए गए वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धारा में एफआईआर दर्ज कराई है। फिलहाल, मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा है।

## सार-संक्षेप


उप निबंधक कार्यालय का निरीक्षण करते स्टांप और पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल।

### उप-निबंधक कार्यालय में अव्यवस्था पर मंत्री ने जताई नाराजगी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** प्रदेश के स्टांप और पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने सोमवार को सरोजनीनगर के उप निबंधक कार्यालय का निरीक्षण किया। मंत्री ने कार्यालय में व्यवस्था और गंदगी पर नाराजगी जताई। अधिकारियों को एक सप्ताह में सुधार करने के निर्देश दिए। मंत्री ने एक सप्ताह में सुधार न होने पर उप-निबंधक और संबंधित कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये। लापरवाह कर्मचारी को मुख्यालय संबद्ध करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने उप निबंधक से कहा कि कार्यालय को बाहरी व्यक्तियों से मुक्त रखा जाए। मंत्री ने कार्यालय में आये हुए लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा। लोगों से कहा कि अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी परेशान करे तो विभाग के टोल फ्री नंबर 18001801476 पर शिकायत जरूर करें। महानिरीक्षक निबंधन डॉ. रुपेश कुमार, अपर महानिरीक्षक निबंधन रवीश गुप्ता भी साथ रहे।


खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

### डिजिटलाइजेशन के विरोध में शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, काकोरी :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने सोमवार को सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और नगर क्षेत्र शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में डिजिटलाइजेशन के विरोध में ज्ञापन दिए। महानिदेशक स्कूल शिक्षा को सम्बोधित ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार शिक्षकों को टैबलेट दे रही है लेकिन सिम उपलब्ध नहीं करा रही है। विभाग के कहने पर कंपनियां निशुल्क सिम उपलब्ध कराने के लिए तैयार हैं। समस्या का निदान होने तक विरोध जारी रहेगा। चिनहट में ब्लॉक अध्यक्ष विजय कुमार, काकोरी में ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, मॉल में ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह मलिहाबाद में अध्यक्ष अवधेश कुमार, सरोजनीनगर में मंत्री धीरेंद्र गौतम, मोहनलालगंज में अध्यक्ष सुशील मिश्रा, गोसाईगंज के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, नगर क्षेत्र के अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह व मंत्री अभय प्रकाश के नेतृत्व में ज्ञापन दिए गए।

### दिन में दुकान पर काम, रात में राहगीरों से करते थे लूट

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिन में दुकान पर काम करने और रात में राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले तीन लुटेरों को वजीरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार के मुताबिक, रविवार रात बाइक सवार दो लुटेरे एक युवक का मोबाइल लूटकर भागने का प्रयास कर रहे थे। पीड़ित ने चीख पुकार मचाते हुए दौड़ाकर बाइक पकड़ ली। इस बीच अनियंत्रित होकर बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। पीड़ित ने राहगीरों की मदद से उसे पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। लुटेरों की पहचान वजीरगंज मल्लाही टोला निवासी मो. सैफ व गोलागंज के मो. शावेज के रूप में हुई। लुटेरों के पास से पांच मोबाइल बरामद किए है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने गिरोह के सदस्य राजसैनी को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ में लुटेरों ने बताया कि दिन में वह दुकान और फैक्ट्री में काम करते हैं। छिनौनी की वारदात को अंजाम देते है। छीना मोबाइल वह कम दामों पर बेच देते थे।

### दूसरी युवती का कॉल आने पर प्रेमिका ने प्रेमी का सिर फोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी के मोबाइल पर एक महिला की कॉल आ गई। जिसे देखकर प्रेमिका तिलमिला पड़ी। इसके बाद प्रेमिका ने प्रेमी से मोबाइल छीन उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में प्रेमिका सिर फूट गया। प्रेमी ने यह आरोप लगाते हुए मोहनलालगंज कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। निगोहां निवासी युवक का गांव की ही युवती से प्रेम प्रसंग चल रह था। लिखित शिकायत में प्रेमी ने बताया कि रविवार को उनके एक नया मोबाइल खरीदा था। मोबाइल खरीदने की खुशी में वह प्रेमिका से मिलने उसकी बहन के घर पहुंच गया। तभी प्रेमी के मोबाइल पर एक महिला की कॉल आ गई। जिसके बाद प्रेमी महिला से बातचीत करने लगा। यह देखकर प्रेमिका तिलमिला पड़ी और उसका पारा चढ़ गया। जब तक प्रेमी कुछ समझ पाता तब प्रेमिका ने उसका मोबाइल छीन लिया।इसके बाद प्रेमिका ने उसकी चिमटे से पिटाई कर दी। सिर में चिमटा पड़ने से प्रेमी लहूलुहान हो गया।

# मां से अभद्रता के विरोध में बेटी का सिर फोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ महिला ने आशियाना थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** आशियाना थानाक्षेत्र अंतर्गत सालेहनगर में पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाए दबंगों ने सरेराह मां-बेटी पर हमला कर दिया। लिखित शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, सालेह नगर जेल रोड निवासी रेनू चन्द्रा ने करन, अमन, हिमांशु, शांति और श्रवण के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि गत एक मार्च को रात वह अपने घर से निकली थी। तभी पुरानी रंजिश को लेकर घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पीड़िता की बेटियां बीच-बचाव करने पहुंची तब हमलावरों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। आरोप है कि दबंगों ने पीड़िता की लात-घूंसों से पिटाई कर सरिया से हमला कर बेटी का सिर फोड़ दिया। जिसके बाद हमलावर मां-बेटी को जान से मारने की धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर हमलावरों के खिलाफ बलवा, मारपीट और गाली-गलौज की सुसंगत धारा में एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पिता ने दर्ज कराई दहेज के लिए हत्या की रिपोर्ट

▸▸ मानकनगर में अन्य महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अमृत विचार :** मदेयगंज के त्रिवेणीनगर में सोमवार को विवाहता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर थाने में शिकायत दी है। मानकनगर में भी एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि सीतापुर जनपद के कमलापुर निवासी निशा चौधरी (27) की शादी दो वर्ष पूर्व त्रिवेणीनगर निवासी अनिल कुमार से हुई थी। पिता सुंदरलाल का आरोप है कि ससुराल में बेटी को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या कर दी गई।

बताया कि रविवार रात निशा की बेटी की मौत की सूचना मिली थी। वह बेटी की ससुराल पहुंचे, वहां शव घर में तखत पर पड़ा था। आरोप है कि बेटी को पानी गरम करने वाली रॉड से करंट लगाकर मारा गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की गई है।

इसी तरह मानकनगर थानाक्षेत्र के रामनगर निवासी बांके बिहारी की दो बेटी अंजू श्रीवास्तव (41) और चित्रा थी। पिता ने बताया कि काफी दिनों से बीमार चल रही अंजू का इलाज लोकबंधु अस्पताल से चल रहा था। सोमवार को अचानक अंजू की तबीयत खराब हो गयी। उसे इलाज के लिए लोकबंधू अस्पताल ले गया, जहां डाक्टर ने केजीएमयू रेफर कर दिया।वहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव घर ले गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# नौबस्ता पुल से युवती ने रेलवे ट्रैक पर लगाई छलांग

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-हरदोई रोड पर नौबस्ता पुल से एक युवती ने छलांग लगा दी। युवती को छलांग लगाता देख राहगीर शोर मचाने लगे, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने युवती को फौरन निजी अस्पताल में पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर युवती को केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया गया है। जहां उसकी इलाज चल रहा है। अतिरिक्त प्रभारी जय प्रकाश के मुताबिक, मलिहाबाद के गढ़ी संजर खां गांव निवासी सोमवती उर्फ डॉली (24) सोमवार दोपहर दांतों का इलाज कराने घैला पुल स्थित एक डेंटल अस्पताल में गई थी। भाई नीरज ने बताया कि अस्पताल से निकलते वक्त सोमवती ने छोटी बहन वंदना से कॉल पर बातचीत की थी। करीब डेढ़ घंटे बाद भाई को पुलिस के माध्यम से जानकारी हुई कि बहन सोनवती ने आत्महत्या करने की नीयत से नौबस्ता पुल से छलांग लगा दी।

## कार्रवाई — सरोजनीनगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

# प्रदर्शन करने वाले 150 लोगों पर प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रदर्शन कर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने की कर रहे थे मांग




**अमृत विचार :** लखनऊ-कानपुर हाइवे पर रविवार को शव रखकर प्रदर्शन करने वाले 150 लोगों पर सरोजनीनगर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि सड़क हादसे में मौत के मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कराने के लिए प्रदर्शन किया गया था।

प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, थाने में तैनात दरोगा शिवराज सिंह की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। शिकायत में दरोगा ने बताया कि बदाली खेड़ा निवासी अमित सिंह की सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। कुछ अराजक तत्वों के उकसाने पर परिजन ने भूसा वाली गली के सामने सड़क पर शव रखकर जाम लगाया था। इससे आने-जाने वालों को दिक्कत होने लगी। शव को हटाने के लिए करने पर प्रदर्शनकारियों ने हत्यारों को पकड़ने की मांग कर नारेबाजी शुरू कर दी थी। किसी तरह समझाकर उन्हें सड़क से हटाया गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस ने वैभव सिंह, राज, खट्टी, सोनू, लम्पे, अमन, अर्जुन, राजा समेत 150 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### यह है मामला

सुशांत गोल्फ सिटी में शुक्रवार रात पूर्व सैनिक नवीन सिंह के बेटे अमित सिंह (30) की ट्रक की टक्कर से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान मौत होने के बाद रविवार सुबह लखनऊ-कानपुर हाइवे पर शव रख प्रदर्शन करने लगे थे। परिवारजन की मांग पर पत्नी डाली की तहरीर पर अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

# प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी करने पर एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाने में प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले जालसाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। हालांकि, कैबिनट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के आदेश पुलिस ने कार्रवाई की है। आलमबाग के ओम नगर निवासी सपना मिश्रा ने बताया कि बरेली जंक्शन पर कार्यरत टीटीई मो. शोएब और दिशादीप ट्रेवल्स की एसोसिएट व मो. शोएब की मां शहाना बेगम के कहने पर वर्ष 2015 में दिशा दीप डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड से दो प्लाट की बुकिंग कराई थी। रियल एस्टेट कंपनी ने वर्ष 2020 तक टाउनशिप विकसित करके यह प्लाट सौंपने का दावा किया था। समय सीमा समाप्त होने पर भी टाउनशिप विकसित नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता ने आरोपियों से रूपये मांगे तब वह आनकानी करने लगे। जिस पर वह पीड़िता को धमकाने लगे। थाने में शिकायत देने पर भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। पीड़िता ने कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना से मदद की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर जालसाजों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# विधवा से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ डरा-धमका कर छह माह तक करता रहा यौन शोषण

**अमृत विचार :** माल थानाक्षेत्र अंतर्गत एक युवक ने विधवा से दुष्कर्म किया। फिर डरा-धमका कर छह माह तक यौन शोषण करता रहा। गर्भवती होने पर भी सम्बन्ध बनाने का दबाव डाला और इंकार करने पर विधवा की बेटी को बदनाम करने की धमकी दी।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म की धारा में एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

माल प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, क्षेत्र की एक महिला ने अऊमऊ गांव निवासी वीरेंद्र के खिलाफ दुष्कर्म की धारा में एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत में महिला ने बताया कि पति की मौत हो चुकी है। छह माह पूर्व बाग में लड़की बटोरने गई थी। वहां अकेला पाकर वीरेंद्र ने दुराचार किया और धमकाकर चुप करा दिया था। बदनामी के डर महिला खामोश रही। इसका फायदा उठाकर आरोपी छह माह तक महिला का यौन शोषण करता रहा। इस बीच महिला गर्भवती हो गई, तब भी वीरेंद्र ने सम्बन्ध बनाने का दबाव डाला। इंकार करने पर आरोपी महिला की अबोध बच्ची को बदनाम करने की धमकी दी।

महिला के गर्भवती होने की जानकारी परिजन को हुई। परिजन ने वीरेन्द्र से कहा कि महिला से शादी करो, लेकिन उसने इनकार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सोमवार मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### बहन के घर से लौट रहा भाई सड़क दुर्घटना में घायल

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** मूलरूप से उन्नाव जनपद के थाना औरास थानाक्षेत्र निवासी रजनीश कुमार सोमवार को बाइक से बहन पूनम के घर लौट रहा था। बाइक में उसके पीछे पूनम और तीन भांजे सवार थे। जिन्दौर के निकट पीछे से एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में जिससे रजनीश का पैर जख्मी हो गया। इसके साथ ही बहन पूनम, व तीन भांजों को मामूली चोट आयी है।

### नाले में मिले शव की हुई शिनाख्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** वजीरगंज के रिवर बैंक कालोनी में रविवार को नाले में मिले शव की शिनाख्त श्याम चंद गुप्ता (62) के रूप में हुई। बेटे अंकुर गुप्ता ने मार्चरी में पहुंचकर शव की शिनाख्त की। अंकुर ने बताया कि बीते 9 फरवरी को उन्होंने पिता की गुमशुदगी वजीरगंज थाने में दर्ज कराई दी थी। बेटे ने बताया कि पिता हाईकोर्ट वकील के यहां मुंशी का काम करते थे।

### मुख्य अभियंता ने किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनुरक्षण माह में हुए कार्यों का जायजा लेने के लिए ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने कई उपकेंद्रों को निरीक्षण किया। महानगर, निशातगंज, जानकीपुरम समेत कई उपकेंद्र पर अधिकारियों से कार्य का ब्योरा देने के निर्देश दिए। राजधानी में बरसात के दौरान किन इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही इसकी जानकारी भी मांगी। कई उपकेंद्र के अनुरक्षण कार्य के पूरा ना होने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की जमकर फटकार लगाई। मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने बताया कि एबीसी लाइन से लेकर ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग और फीडरों के मेंटीनेंस के बाद भी बिजली की सप्लाई क्यों बाधित हो रही है। इसकी जिम्मेदारी अब तय की जायेगी।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव कुमार बेरिया और पूर्व विधायक रुश्दी मियां समेत कई सपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए सोमवार को बसपा, कांग्रेस और भाजपा को छोड़कर सैंकड़ों नेता अपने साथियों के साथ सपा में शामिल हो गए। इनके अतिरिक्त अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के भी कई प्रमुख पदाधिकारियों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस कड़ी में भाजपा छोड़कर पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव कुमार बेरिया ने सपा में वापसी की। रूदौली जिला बाराबंकी के पूर्व विधायक रूश्दी मियां बसपा छोड़कर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। अतहर खान भुटटो नेता रसूलाबाद, राम मिलन भारतीय बसपा मंडल कोआर्डिनेटर, सिद्धार्थ नगर बसपा छोड़कर सपा में शामिल हुए। कांग्रेस छोड़कर डॉ. वीपी शर्मा और बसपा छोड़कर अभिनंदन शर्मा भी पार्टी में शामिल हुए। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा मेरठ के महामंत्री सुधीर कांत शर्मा अपने तमाम साथियों के साथ सपा के सदस्य बन गए। इसके अलावा अंकित शर्मा पूर्व प्रत्याशी बड़ोत विधानसभा ने भाजपा छोड़कर सपा की सदस्यता ली। राजा राजीव कुमार सिंह पूर्व मंत्री के पुत्र राजा रितेश कुमार सिंह भी सपा के सदस्य बन गए।

इस मौके पर पूर्व सांसद उदय प्रताप सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अवधेश प्रसाद, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, विधायक शाहिद मंजूर, पवन पाण्डेय पूर्व विधायक अयोध्या और लालजी यादव जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर की मौजूदगी रही है।

**ये होंगे विधान परिषद उम्मीदवार**–सपा के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम, बलराम यादव और कुछ दिन पहले सपा में शामिल होने वाले गुड्डू जमाली पार्टी के विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवार होंगे। जल्द ही करेंगे तीनों प्रत्याशी नामांकन करेंगे।



सपा मुख्यालय पर विभिन्न दलों से पार्टी में आए लोगों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

### अखिलेश के लिए दो लोकसभा सीटों पर चल रही तैयारी

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव आगामी लोकसभा चुनाव दो सीटों से लड़ सकते हैं। पार्टी की ओर से उनके लिए कन्नौज और आजमगढ़ दोनों में तैयारियां चल रही हैं। इन दोनों लोकसभा क्षेत्रों से अखिलेश यादव पहले भी सांसद रह चुके हैं। सपा ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को कन्नौज और आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी भी बनाया है। भाजपा से इन दोनों ही सीटों को पुन: हासिल करने के लिए सपा कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि आजमगढ़ के प्रभावशाली नेताओं को विधान परिषद में भेजने की तैयारी है। पूर्व विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को भी बसपा से तोड़कर सपा में लाया जा चुका है। सपा ने अपने रणनीतिकारों को क्षेत्र में बने रहने के लिए कहा है, ताकि पार्टी के भीतर कहीं कोई असंतोष होने पर उसे थामा जा सके। सपा सूत्रों का कहना है कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव खुद इन दोनों सीटों से चुनाव लड़ सकते हैं।

### सपा प्रमुख ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को कहा, प्यारे मोहन

**राज्य ब्यूरो, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा के यादव महाकुंभ पर निशाना साधा है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा बहुत होशियार पार्टी है। वह इस तरह के तरीके अपनाती रहती हैं। अखिलेश ने कहा कि उनकी ये ट्रिक बहुत पुरानी है। इसके लिए हमारा वजीर तैयार है। उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि वे तो प्यारे मोहन हैं। दरअसल, भाजपा की ओर से लखनऊ में यादव महाकुंभ का आयोजन किया था। इसमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अखिलेश यादव पर करारा हमला बोला था। उन्होंने कहा कि यादव समाज का कोई ठेकेदार नहीं है, समाज की अपनी पहचान है। मुझे मुख्यमंत्री बनाने से कुछ लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। सोमवार को सपा में भाजपा और बसपा के 100 से अधिक नेताओं ने सपा की सदस्यता ग्रहण की है। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र ''टेनी'' को टिकट देने पर कहा कि जनता को समझना चाहिए कि भाजपा कैसी सरकार है? सब हारने वाले चेहरों को टिकट दिया गया है।

# गेहूं आठ व सरसों में छह फीसद तक क्षति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सर्वे में न के बराबर नुकसान, नहीं मिलेगी सहायता
- जिले में कृषि विभाग ने सर्वे कर राजस्व को भेजी रिपोर्ट
- किसानों ने बीमित फसलों की टोलफ्री नंबरों पर दर्ज कराई शिकायत

**अमृत विचार :** जिले में बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं में अधिकतम आठ और सरसों में छह फीसद तक क्षति हुई है। कृषि विभाग ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट राजस्व विभाग को भेज दी है। नुकसान मानक से कम है, इसलिए किसानों को आर्थिक सहायता नहीं मिलेगी।

शनिवार और रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद रबी फसलों का सोमवार को जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने ब्लॉकवार टीम लगाकर सर्वे कराया। टीम ने शाम तक खेत व किसानों की फोटो समेत सर्वे रिपोर्ट दी। जिसमें सभी जगह नुकसान कम दर्शाया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले में सबसे ज्यादा गेहूं 6800 हेक्टेयर में किया गया है। मोहनलालगंज और मलिहाबाद में गेहूं को अधिकतम सात से आठ फीसद तक नुकसान हुआ है, जबकि अन्य ब्लॉक में इससे कम क्षति है। इसी तरह काकोरी में सरसों में पांच से छह फीसद और मोहनलालगंज में चार से पांच फीसद तक नुकसान हुआ है। जबकि अन्य ब्लॉक में इससे कम नुकसान है। चना, मटर व मसूर में एक से दो फीसद ही क्षति हुई है। रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को भेज दी है। 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर ही आर्थिक सहायता मिलती है।

**ब्लॉकों पर इतने फीसद क्षति**

| ब्लॉक | गेहूं | सरसों |
|---|---|---|
| काकोरी | 2-4 | 5-6 |
| सरोजनीनगर | 5-6 | 2-3 |
| चिनहट | 4-5 | 3-4 |
| बीकेटी | 3-5 | 2-3 |
| माल | 2-3 | 2-3 |
| मलिहाबाद | 7-8 | 3-4 |
| मोहनलालगंज | 7-8 | 4-5 |
| गोसाईगंज | 3-4 | 2-3 |

### थमी बारिश, बढ़े एक हजार नुकसान के दावे

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में दो दिन से हो रही बारिश और ओलावृष्टि के बीच सोमवार को कुछ मौसम साफ हुआ तो किसानों ने सबसे पहले फसल नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावे दर्ज कराए। एक दिन में एक हजार कॉल दर्ज की गईं। जिनका सर्वे करने के लिए बीमा कंपनियां क्षेत्रों पर निकलीं। शनिवार और रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से कई जिलों में रबी की फसलों को नुकसान हुआ है। सरसों, मटन व चना को ज्यादा क्षति होने की संभावना है। वहीं, गेहूं की पकी फसल, दलहन-तिलहन व आलू भी बर्बाद हुआ है। ऐसे प्रभावित किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित फसलों की क्षतिपूर्ति के लिए शनिवार और रविवार तक छह हजार से ज्यादा कॉल कर दावा किया था। वहीं, सोमवार को कुछ मौसम साफ हुआ तो और एक हजार किसानों ने केंद्र व राज्य सरकार के टोलफ्री नंबर पर क्षतिपूर्ति के लिए दावा दिया। उप निदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी उमा शंकर सिंह ने बताया कि नंबर जारी किए हैं। किसान 72 घंटे के अंदर शिकायत दर्ज कराएं। कंपनियों ने सर्वे शुरू कर दिया है। जिन बीमित फसलों का नुकसान हुआ उन किसानों को क्षतिपूर्ति मिलेगी।


## कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक :– 2086/ज0क0वि0न0नि0अयो0/ई–निविदा/2023–24 दिनांक : 04/03/2024

**द्वितीय ई–निविदा सूचना पत्र**

**नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत कौशलपुरी कालोनी के विभिन्न स्थानों पर पाइप लाइन बदलने का कार्य हेतु द्वितीय ई–निविदा आमंत्रण**

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्न स्थानों पर पाइप लाइन बदलने का कार्य हेतु द्वितीय ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जलकल विभाग द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्न आयोग के अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय के द्वारा ई–निविदा आमंत्रित करने हेतु प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में समस्त ठेकेदारों से उनके कार्य अनुभव के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा प्रकार से प्रकाशित की जाती है। समस्त नियम व शर्ते वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.-//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https://emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 05.03.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 11/03/2024 सायंकाल 05:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 12/03/2024 को 12:00 बजे तक |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जी0एस0टी0 सहित स्वीकृत आगणन धनराशि (अतिरिक्त G.S.T देय होगा) | जमानत राशि रूपया | निविदा मूल्य + 18% G.S.T. सहित (1500 + 18%) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत कौशलपुरी कालोनी फेज–1 में निम्न स्थानों पर 110 एम0म0 पी0बी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य। | 8,45,648.09 | 84,570.00 | 1770. | 30 दिवस |
| 02. | नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत कौशलपुरी कालोनी फेज–1 में निम्न स्थानों पर 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 पाइप लाइन बदलने का कार्य। | 8,45,270.12 | 84,530.00 | 1770 | 30 दिवस |

महाप्रबन्धक (जल)
नगर निगम अयोध्या

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या




राजधानी में सोमवार को अवध चौराहे पर लगा भीषण जाम, राहगीर हुए परेशान। अमृत विचार

# राजधानी के कई क्षेत्रों में घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के कई क्षेत्रों में सोमवार को घंटों बिजली की आपूर्ति बाधित रही। सिस गोमती के यहियागंज,चौक, सरोजनीनगर,नादरगंज,मोहनलालगंज सहित ट्रांसगोमती के चद्र लोक,इंदिरानगर,गोमतीनगर,चिनहट,बीकेटी,महानगर,निराला नगर और निशातगंज में बिजली गुल रही। लोग दिनभर उपकेंद्रों पर फोन मिलाते रहे। बावजूद किसी भी कर्मचारी ने फोन उठाने की जहमत नही उठाई। जिसके चलते लोगो को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

स्थानीय निवासियों के अनुसार कहीं आरडीएसएस योजना के तहत कई क्षेत्रों का अनुरक्षण कार्य पूरा हो चुका है। इसके बाद भी किसी ना किसी समस्या के चलते बिजली लगातार जा रही है।

शिकायत करने पर भी कर्मचारी समस्या को दूर नही करते हैं।अधिकारियों का फोन बंद रहने के साथ कभी उठता ही नहीं है। बिजली चले जाने की दशा में सबसे अधिक परेशानी पानी और बच्चों को लेकर होती है। कई इलाकों में शाम 7 बजे के बाद ही बिजली की आपूर्ति सामान्य हो पाई।

# लोगों को महत्व समझाकर घर-घर पहुंचाएंगे जल

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा हर घर जल योजना का कार्य अंतिम चरण में

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में हर घर जल पहुंचाएगा जाएगा। आपूर्ति से पहले ग्रामीणों को योजना और जल संरक्षण के महत्व बताकर जागरूक किया जाएगा।

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग द्वारा हर घर जल योजना का कार्य अंतिम चरण पर है। पानी की टंकी बनाने के साथ घरों पर कनेक्शन किए गए हैं। इसमें पहले चरण के कनेक्शनों में आपूर्ति करने की तैयारी है। इसके लिए आईईसी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इसमें गांव-गांव लोगों को शुद्ध पेयजल की जानकारी देने के साथ जल, पर्यावरण और पौधरोपण की उपयोगिता और संरक्षण, जन-जनित बीमारी जैसी गतिविधियों पर जागरूक किया जाएगा। इन गतिविधियों के लिए विभाग ने हर ग्राम पंचायत को 10,158 रुपये भुगतान किए हैं। अधिशासी निदेशक बृजराज सिंह यादव ने इस संबंध में सभी जिलाधिकारी को पत्र लिखा है।

# सम्पत्ति विवाद का निकालें उचित समाधान

विधि संवाददाता, लखनऊ

- 25 साल पहले टेलीग्राम के जरिये मां ने भेजी थी हाईकोर्ट को शिकायत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अपने बेटों से पीड़ित एक मां की करीब 25 साल पहले टेलीग्राम के जरिये भेजी गई शिकायत पर स्थानीय पुलिस को आदेश दिया है कि मां के तीनों बेटों को बुलाकर सम्पत्ति के विवाद का व्यवहारिक समाधान निकाला जाए। न्यायालय ने मां, उसके तीन बेटों व स्थानीय चौकी इंचार्ज को 19 मार्च को उपस्थित होने का भी आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने 25 साल पुराने लखनऊ के ठाकुरगंज क्षेत्र निवासी विद्या देवी की याचिका पर पारित किया। यह याचिका विद्या देवी की ओर से वर्ष 1999 में भेजे गए एक टेलीग्राम के आधार पर दर्ज की गई थी। याचिका काफी सालों बाद गत 7 फरवरी 2024 को सुनवाई के लिए आई तो न्यायालय ने सरकारी वकील से मामले के वर्तमान स्टेटस के बारे में पता करने को कहा, साथ ही याची विद्या देवी को भी हाजिर करने का आदेश दिया।

आदेश के अनुपालन में थाना ठाकुरगंज के अतंर्गत पड़ने वाली भूहर पुलिस चौकी के चौकी इंचार्ज शुभम कुमार वृद्धा विद्या देवी के साथ कोर्ट के समयक्ष हाजिर हुए। न्यायालय को विद्या देवी ने बताया कि उनके तीन बेटे हैं, दो बेटे अलग रहते हैं जबकि छोटा उनके साथ ही रहता है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि उनके दो बेटे जो अलग रहते हैं वे उन्हें धमकाते हैं और परेशान करते हैं। उन्होंने कई बार कहा कि अक्सर उसे अपने घर से बाहर दयनीय हालत में रहना पड़ता है। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि बिना पुलिस सुरक्षा के उनका छोटा बेटा भी उनकी सहायता करने और उन्हें सुरक्षा देने में असमर्थ है। न्यायालय ने विद्या देवी की बात सुनने के बाद कहा कि स्थिति बहुत ही दयनीय है। न्यायालय ने पुलिस को आदेश दिया कि वह मां व उसके तीनों बेटों को थाने बुलाकर उन्हें साथ बैठाकर विवाद का कोई व्यवहारिक हल निकाले।


## कार्यालय : जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या

पत्रांक :– 2089/ज0क0वि0न0नि0अयो0/ई–निविदा/2023–24 दिनांक : 04/03/2024

**ई–निविदा सूचना पत्र**

**नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत लक्ष्मणघाट वार्ड के निम्न स्थानों पर पाइप लाइन बदलने, नलकूप नं0 7 के नये पम्प हाउस का निर्माण कार्य एवं हैण्डपम्प, पाइप लाइन, नलकूपों की मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं सबमर्सिबल मोटर पम्पों को मरम्मत एवं मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं अन्य कार्यो को कराने व अन्य सामग्री की आपूर्ति कार्य हेतु मेलामद / 15वें वित्त / अन्य मद से प्राप्त धनराशि से कार्य कराने हेतु यूनिट दर के निर्धारण हेतु ई–निविदा आमंत्रण**

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। जलकल विभाग द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्न आयोग के अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय के द्वारा ई–निविदा आमंत्रित करने हेतु प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में समस्त ठेकेदारों से उनके कार्य अनुभव के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ई–निविदा प्रकार से प्रकाशित की जाती है। समस्त नियम व शर्ते वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई–प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई–निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https://emdnagarnigamayodhya.in/loginWithotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

| | |
|---|---|
| वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि | 05.03.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे |
| निविदा की अन्तिम तिथि | 11/03/2024 सायंकाल 05:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 12/03/2024 को 12:00 बजे तक |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जमानत धनराशि रूपया | निविदा मूल्य + 18% G.S.T. सहित (1500 + 18%) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत लक्ष्मणघाट वार्ड में प्रजापति मन्दिर से मजगवां मन्दिर तक 150 एम0एम0 व्यास की डी0आई0 (के–7 टाईप) पेयजल पाइप लाइन बदलने का कार्य। | 84,480.00 | 1770.00 | 30 दिवस |
| 02. | नगर निगम, अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत दन्तधावन कुण्ड में लगे नलकूप नं0 7 के पम्प हाउस को ध्वस्त कर नये पम्प हाउस का निर्माण कार्य। | 75450.00 | 1770.00 | 30 दिवस |
| 03. | नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत हैण्डपम्प, पाइप लाइन, एवं नलकूपों की मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री, सबमर्सिबल मोटर पम्पों को मरम्मत एवं मरम्मत में प्रयुक्त होने वाली सामग्री एवं अन्य कार्यो को कराने व अन्य सामग्री की आपूर्ति कार्य। | 50,000.00 | 1770.00 | 30 दिवस |

महाप्रबन्धक (जल)
नगर निगम अयोध्या

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या


# ये ऊंचे घरानों के लड़के हैं, जो प्यार को बाजार समझते हैं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इरम डिग्री कॉलेज में आल इंडिया मुशायरा का आयोजन

**अमृत विचार :** इरम एजुकेशनल सोसाइटी के संस्थापक डॉ. ख्वाजा मोहम्मद यूनुस की याद में इंदिरानगर स्थित इरम गर्ल्स डिग्री कालेज में सोमवार को आल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया गया। इस मुशायरे में देश के नामचीन शायरों ने अपने कलाम पेश किये।

प्रो. वसीम बरेलवी के यह शेर खूब पसंद किये गए :-फैसला हो ही नहीं पाया बहुत बातों के बाद, कौन खुलता है यहां कितनी मुलाकातों के बाद। आंसुओं के सामने पत्थर दिल की क्या बिसात, अच्छे-अच्छे घर दरक जाते हैं बरसातों के बाद।

मंजर भोपाली के इन शेरों ने युवाओं को गुदगुदा दिया :- अब तो गजल सुनाना कठिन हो गया, प्यार का गीत गाना कठिन हो गया, उसके कूचे में अब कैमरे हैं लगे, उसके घर आना जाना कठिन हो गया।

अंजुम रहबर की यह बानगी भी काबिले गौर रही :- एक बार मिलने को प्यार समझते हैं, पागल हैं मगर खुद को होशियार समझते हैं, यह ऊंचे घरानों के बिगड़े हुए लड़के हैं, जो प्यार के मंदिर को बाजार समझते हैं। डॉ. तारिक कमर ने अपने इन शेरों में मौजूदा दौर में रिश्तों की हकीकत को कुछ इस तरह से आइना दिखाया :- पुश्त में मेरी उतरता हुआ खंजर कोई, और फिर मेरे बराबर से निकलते हुए तुम, अपने हाथों की लकीरों से उलझता हुआ मैं, और फिर मेरे मुकद्दर से निकलते हुए तुम। शकील आजमी ने कहा :-हार हो जाती है जब मां लिया जाता है, जीत तब होती है जब ठान लिया जाता है, एक झलक देखने जिस शख्स की चाहत हो जाए, उसको पर्दे में भी पहचान लिया जाता है। मुमताज नसीम ने कहा :- मुरव्वतों से अब की बार काम नहीं लिया, थी बेरुखी की इंतेहा सलाम भी नहीं लिया, नसीम उसकी बज्म में वफा की बात जब चली, कसम खुदा की उसने मेरा नाम तक नहीं लिया। डॉ. अब्बास रजा नय्यर के संचालन में हुए इस मुशायरे में डॉ. हरिओम, पवन कुमार, डॉ. अंजुम बाराबंकवी, अकील नोमानी, पपलू लखनवी और शिखा अवधेश को भी आमंत्रित किया गया था।




इरम डिग्री कॉलेज में हुए आल इंडिया मुशायरे में कलाम पेश करते प्रो. वसीम बरेलवी, साथ में प्रो. अब्बास रजा नैय्यर व अन्य। अमृत विचार

मनसा चिन्तितं कार्यं वाचा नैव प्रकाशयेत्।
मन्त्रेण रक्षयेद् गूढं कार्यं चापि नियोजयेत्॥

मन में सोचे हुए कार्य को मुंह से बाहर नहीं निकालना चाहिए। मंत्र के समान गुप्त रखकर उसकी रक्षा करनी चाहिए। गुप्त रखकर ही उस काम को करना भी चाहिए।

## संपादकीय

# बड़ा कदम

उच्चतम न्यायालय ने सांसदों और विधायकों के विशेषाधिकार से जुड़े मामले में सोमवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। संसद या विधानसभाओं में पैसे लेकर वोट डालने वाले नेताओं को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। यह फैसला ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट ने 1998 के एक फैसले को बदलते हुए कहा कि चयनित प्रतिनिधियों को मिला विशेषाधिकार उन्हें घूसखोरी के मामले में कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। दरअसल, साल 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की और नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री बने। लेकिन जुलाई 1993 के मानसून सत्र में ही राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आ गया। तब आरोप लगे कि शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों ने पैसे लेकर लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव के खिलाफ वोटिंग की। वर्ष 1998 में पांच सदस्यीय पीठ ने फैसला सुनाया था कि सांसदों और विधायकों को संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) द्वारा प्रदत्त संसदीय विशेषाधिकारों के तहत विधानसभा में भाषण देने और वोट देने के लिए लिए मुकदमा चलाने से छूट दी गई है।

अब नया मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन के एक कथित रिश्वत मामले की सुनवाई कर रहा था। सीता सोरेन पर आरोप था कि उन्होंने साल 2012 में राज्यसभा के चुनाव में एक निर्दलीय उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत ली। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय पीठ ने कहा कि पैसे लेकर वोट डालना हमारे लोकतंत्र के लिए जहर के बराबर है। भ्रष्टाचार करने और घूस लेने वाले विधायक-सांसद भारत के संसदीय लोकतंत्र को तबाह कर रहे हैं। यानि नए फैसले के तहत अगर कोई सांसद या विधायक पैसे लेकर सदन या विधानसभाओं में वोट देता है या भाषण देता है तो उसके खिलाफ मुकदमा चलेगा। उन्हें जनप्रतिनिधि के तौर पर मिलने वाला विशेषाधिकार कानूनी कार्यवाही से राहत नहीं देता है। अब सीता सोरेन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस फैसले का असर महुआ मोइत्रा पर भी दिखाई दे सकता है। उन पर भी रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछने का आरोप है। महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को शानदार करार दिया और कहा कि इससे देश में साफ-सुथरी राजनीति सुनिश्चित होगी तथा व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा होगा। भारतीय राजनीतिक परिदृश्य से मूल्य गायब हैं। ऐसे में उच्चतम न्यायालय के इस फैसले को राजनीति में नैतिकता या राजनीतिक शुचिता की दिशा में बड़ा कदम कहा जा सकता है।

# किसानों पर पड़ी कुदरती मार की भरपाई कैसे होगी


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं।

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

बदलते मौसम के मिजाज और अचानक हुई घनघोर बारिश ने अपने रौद्ररूप से अन्नदाताओं की एक बार फिर कमर तोड़ दी। खेतों में इस वक्त गेहूं की अधपकी फसल खड़ी है जिसे तेज बारिश और मोटे-मोटे ओलों ने जमींदोज कर दिया। बीते शनिवार की शाम और रविवार की रात में तेज हवाओं के साथ रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में खड़ी हरी फसलों को पूरी तरह से चौपट कर डाला। जबकि ये सीजन तिलहन और फूल लगे दलहन फसलों का है, उन्हें भारी नुकसान हुआ।

प्रकृति के इस परिवर्तनकारी रवैये के आगे किसी का कोई जोर भी नहीं चलता। खेती किसानी पर वैसे ही संकट के बादल गुजरे कुछ सालों से मंडराए हुए हैं। फसलों को उगाने में किसान जितनी लागत लगाता है उतना वसूल भी नहीं पाता। खेती में उन्हें लगातार घाटा होता चला जा रहा है। ऊपर से कुदरत की कहर बरपाती मार उन्हें परेशान कर देती है। दो दिनों में बारिश से हुई इस लोक हानि की भरपाई कौन करेगा? इसकी गारंटी शायद कोई नहीं देगा।

बारिश से फसलों के नुकसान पर कई प्रदेशों की सरकार ने मुआयना करने के बाद मुआवजा देने का ऐलान किया है, लेकिन इस तरह का मुआवजा कब और कितने दिनों बाद दिया जाता है, इस कड़वी सच्चाई से किसान अच्छे से वाकिफ हैं। लाखों के नुकसान पर मात्र कुछ सौ रुपए या एकाध हजार का ही मुआवजा देकर मामले को रफादफा कर दिया जाता है, जो किसानों की नुकसान की भरपाई नहीं कर पाता।

गौरतलब है बेमौसम बारिश विगत कई वर्षों से लगातार हो रही है। तभी होती है जब फसलें पककर खेतों में खड़ी होती हैं। पिछले कई वर्षां से कमजोर मानसून मुख्य कारण तो बना ही हुआ है जिससे धान की फसल का उत्पादन घट गया है, पर इस बार रबी फसल की बुवाई और मौसम अनुकूल रहने के कारण गेहूं और तिलहन की फसल अच्छी हुई थी, लेकिन कुदरत के कहर और बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों को पलभर में तहस-नहस कर दिया। तेज हवा के झोंकों ने बाली दे चुके गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसल का दाना पुष्ट नहीं हुआ था, इससे वो सड़ जाएगा। निश्चित रूप से अकाल वृष्टि ने हमारे कृषि क्षेत्र की भेद्यताओं को कहीं का नहीं छोड़ा। बारिश को आमतौर पर एक वरदान कहा जाता है, लेकिन समय पर हो तब?

बेमौसम बारिश किसानों के लिए फसल की कम कीमतों, बढ़ती लागत और मौसम पैटर्न के प्रभाव अभिशाप साबित हो रही हैं। एक सवाल जो बार-बार उठने लगा है कि क्यों होने लगी हैं बेमौसम बारिश? ये सवाल मौसम वैज्ञानिकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। वैज्ञानिकों की माने तो अनचाही बारिश का समग्र मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति पर सोपानी प्रभाव ड़ालता है जिसका असर केवल कृषि क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों को भी प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप अप्रत्याशित मौसम पैटर्न की उत्पत्ति के चलते ही बेमौसम बारिश होती हैं।

इसके अलावा ग्लोबल वार्मिंग, दुर्बल पश्चिमी विक्षोभ और प्रबल उष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम हाल में हुई बेमौसम बारिश के प्रमुख कारण हैं। अन्य कारणों को देखें तो अल नीनो एक मौसमी परिघटना है जो तब होती है, जब पश्चिमी प्रशांत महासागर का गर्म जल पूर्व की ओर प्रवाहित होता है जिसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति, जबकि कुछ अन्य क्षेत्रों में बेमौसम बारिश की स्थिति उत्पन्न हो जाती हैं। इसलिए कुल मिलाकर बेमौसम बारिश का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ही है। वैसे मानवीय गतिविधियां भी बदलते मौसम मिजाज का कारण हैं। जंगलों की कटाई, शहरीकरण और प्रदूषण जैसी इंसानी गतिविधियां भी इसमें भरपूर योगदान देती हैं। वनों की कटाई जल चक्र को बाधित करती हैं। वहीं शहरीकरण और प्रदूषण सूक्ष्म-जलवायु को प्रभावित करती हैं जिसके चलते मौसम बदलाव के लिए करवट लेना आरंभ करता है।

फिलहाल मार्च लगते ही बेहताशा बारिश ने पूरे देश को सराबोर कर दिया है। कई जगहों पर तो बहुत मोटे-मोटे ओले पड़े जिससे फसलें खेतों में ही गिर गई, जब तक दोबारा उठ पाएंगी, तब तक उसका दाना सड़ चुका होगा। सरसों, सब्जियां, दालें, प्याज आदि की फसलों को कुछ ज्यादा ही नुकसान हुआ है। ये ऐसी फसलें होती हैं, जो बहुत कमजोर मानी जाती है, हल्की बारिश में भी खराब हो जाती हैं। अन्नदाता बर्बाद हुई फसलों को देखकर कलेजा पकड़कर खेतों में बैठे हैं। उनके रोने-चिल्लाने की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैर रही हैं, जिन्हें देखकर हम सभी परेशान हैं। किसान सरकारों से उम्मीद लगाए हैं कि उन्हें उनकी फसलों के नुकसान पर वित्तीय सहायता मिलेंगी। सहायता मिलनी भी चाहिए, आखिर उनकी छह महीने की कमाई पर पानी जो फिरा है। ऐसे में उन्हें सिर्फ उम्मीदें हुकूमतों से ही होती हैं, किसानों की वो उम्मीदें नहीं टूटने देनी चाहिए। हालांकि फसलों की सुरक्षा के लिए वैसे तो केंद्रीय स्तर पर कई योजनाएं अमल में हैं, लेकिन शायद कुदरती आपदाओं के वक्त किसानों को उनकी सुविधाएं तब मिल नहीं पाती। 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना', प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना' जैसी कई बेहतरीन पहलें हैं, लेकिन कम जोतकार किसान इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पाता। वर्ष-2016 में भारत सरकार द्वारा शुरू की गई 'फसल बीमा योजना', जो प्राकृतिक आपदाओं, कीटों या बीमारियों के कारण फसल खराब होने या नुकसान की स्थिति में किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

इस योजना के तहत किसानों को नॉमिनल प्रीमियम देना होता है और शेष राशि का भुगतान सरकार करती है। प्रीमियम की दरें फसल के प्रकार, अवस्थिति और किसान द्वारा चुने गए कवरेज के स्तर के आधार पर तय होती हैं। यह योजना सभी खाद्य एवं तिलहन फसलों और वाणिज्यिक एवं बागवानी फसलों को दायरे में लाती हैं। दरअसल दिक्कत ये है कि मध्यम स्तर का किसान अपनी फसलों की गारंटी या बीमा नहीं करवाता। मात्र छह फीसदी सीमांत व बड़े किसान ऐसे हैं, जो इस योजना को फॉलो करते हैं।

बहरहाल मसला इस वक्त ये है, बैमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसानों को उभारने का, सरकारी स्तर पर उनकी हर संभव सहायता होनी चाहिए। हालांकि फसलों के नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को 'कृषि निवेश अनुदान योजना' के तहत 'राज्य आपदा मोचक निधि' से सहायता देने का निर्णय हुआ है। जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वो कैंप लगाकर सर्वे करवाएं। किसानों की फसलों का 33 प्रतिशत या उससे अधिक का नुकसान होने पर सूचनार्थ रिपोर्ट शासन को भेजने का आदेश दिया गया है।

## प्रसंगवश

# न्यौता न मिलने का दर्द


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

दर्द की जो अनेक किस्में हैं उसमें शादी में न्यौता न मिलने का जानलेवा दर्द भी शामिल है। खासकर ऐसे किसी के यहां होने वाली शादी जिसके बारे में आप अपने खास होने का मुगालता पाले हों। सबसे पहला झटका तब लगता है जब ऐसे किसी तथाकथित खास के यहां ब्याह होने की खबर किसी और से मिलती है। किसी और से पता चलना दुखी कर जाता है। फोन कॉल आने की उम्मीद बंधी रहती है, पर मन तैयारियां भी करने लगता है शादी में जाने की। आदमी अपने परिवार में सरसरी तौर पर जिक्र करता है। मन में पूरी उम्मीद लिए, उदासीन दिखने की कोशिश करता है।

फिर वक्त बीतता है। शादी की तारीखें नजदीक आने लगती हैं। बताने वाले, शादियों का कार्यक्रम, पूरा ब्यौरा फुसफुसा जाते हैं। बस वही से खबर नहीं आती जहां से उसे आना चाहिए था और फिर न्यौता मिलने की भी किस्में होती हैं। एक विधान तय है इसका। किसी से खुद आकर न्यौता देने की उम्मीद की जाती है। बहुत बार हम चाहते हैं कि न्यौता देने वाला सपरिवार आए। यह भी देखा जाता है कि न्यौता कितना गर्मजोशी भरा या औपचारिक था। कार्ड आया है या नहीं? ई कार्ड को न्यौता माना जाए या नहीं? एक बार कहने भर से शादी में जाना ठीक लगेगा भी या नहीं? हमसे ही दोबारा मनुहार क्यों नहीं की गई? ऐसे सवाल तंग करते हैं और बंदा जाने या न जाने की ऊहापोह में फंसा रहता है।

फिर शादी की तारीख और नजदीक आती है। जाहिर है न्योता देने वाला या तो आपको जानबूझकर कर भूल चुका या शादी की तैयारियों के चलते वह ऐसा करने से चूक गया है। आप पहले अनमने होते हैं। फिर खीझते है और बहुत जल्दी नाराज होने लगते है। सामने वाला अहसान फरामोश लगने लगता है। उसकी कृतघ्नता, उसकी कृपणता चिड़चिड़ा कर जाती है। हमने इसके लिए क्या-क्या नहीं किया जैसी बातें याद आने लगती हैं। इस नाराजगी की चपेट में बहुत बार कोरियर और डाक तार वाले भी आ जाते हैं। चूंकि न्यौता को नहीं आने वाला होता है इसलिए नहीं भी आता है। इस दर्द को बढ़ाते हैं वो लोग जिन्हें न्यौता मिल चुका होता है। वो आपसे जानना चाहते हैं कि शादी में चलने बाबत आपका क्या कार्यक्रम है। आप मन की नाराजगी थामते हुए मुस्कराते हैं। अपनी व्यस्तताओं का ब्यौरा पेश करते हैं आप। यह बताते हैं कि उसी दिन आपकी बुआ की लड़की की ननद की शादी है, ऐसे में आपका शादी में जाना मुमकिन नहीं। आप यह बताते हैं किसी जरूरी मीटिंग में होंगे उस दिन आप। आपकी पत्नी के घुटनों में दर्द है। आप उसे दुनिया भर की बातें बताते है, बस आप यह नहीं बता पाते कि आप न्यौते से वंचित रह गए हैं या कर दिए गए हैं। फिर आपके बिना शामिल हुए शादी हो जाती है।

इंस्टाग्राम, फेसबुक और ट्विटर पर दूल्हा-दुल्हन और दूसरे तमाम निमंत्रित लोग मुस्कराते दिखते हैं आपको। आपको लगता है ये सब आपको चिढ़ाने के प्रयोजन से है। शादी में शामिल लोग लौटकर मिलते हैं आपसे। बताते हैं आपसे कि शादी जोरदार रही। ब्रेकफास्ट से लेकर डिनर तक की खबरें विस्तार से पेश की जाती हैं। वहां हासिल शराब की नदियों का ज़िक्र होता है। वहां की भव्यता को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया जाता है और फिर आखिर में आप की कमजोर नस दबाई जाती है। आपसे पूछा जाता है कि आप क्यों नहीं दिखे शादी में? आप का दिल चाहता है कि सामने वाले का गला दबा दिया जाए। आप यह भी चाहते हैं कि शादी बाबत कोई सनसनीखेज गॉसिप सुनने को मिले। आप शादी में हुए किसी लफड़े के बारे में जानने को व्यग्र रहते हैं। ऐसी खबरें आपको थोड़ी तसल्ली देती हैं और ऐसा कुछ न होने पर आप थोड़ा और नाराज हो जाते हैं। मन ही मन कसम खाते हैं कि इस घटिया आदमी को अपने पिंटू, या बेबी की शादी में हरगिज हरगिज नहीं बुलाएंगे।

हमारे देश में देवता सोते-जागते रहते हैं। जब तक वे जागे हुए रहते हैं, शादियां होती है। ऐसे में शादियां रुक-रुक कर सालभर चलती हैं। जब भी शादियां होती है, हर बार हमारे कुछ भुलक्कड़ या शातिर अपने, हमें शादी में बुलाना भूल जाते हैं। जब भी ऐसा होता है, दर्द होता है दिल में और लंबे वक्त तक बना रहता है।

# हमारे ज्ञान और आचरण के बीच बड़ा अंतराल


शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अत: यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें।

बचपन में सुनते थे कि भारत कृषि प्रधान देश है, पर आज साफ लगता है कि कृषि प्रधान देश के साथ भारत धर्म परायण देश भी है, कर्मकांड प्रधान देश भी है, राजनैतिक अनैतिकताओं का देश भी है, भ्रष्टाचार पसंद देश है। खुले आम आया राम गया राम का देश है। राजनैतिक नैतिकता और सत्यता लहू लुहान है और अफसोस है कि लोग बेफिक्र है, ताली बजाने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है।

इस संदर्भ में अंग्रेज विचारक-साहित्यकार अल्डस हक्सली याद आ रहे है। हक्सले अपने भविष्यदर्शी उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' के लिए बहुत प्रसिद्ध हैं। 1939 के बाद अपने अमेरिकी प्रवास के दौरान दक्षिणी कैलिफोर्निया वेदांत संस्थान के स्वामी प्रभावानंद से वह बहुत प्रेरित हुए। वर्ष 1941 से 1960 तक उन्होंने इस संस्थान द्वारा प्रकाशित 'वेदांत और पश्चिम' पत्रिका के लिए 48 लेख लिखे। 1944 में उन्होने 'भगवद् गीताः प्रभु का गीत' नामक श्रीमद्भगवद्गीता के एक अंग्रेजी अनुवाद की भूमिका लिखी। वह भारत से बहुत प्यार करते थे। जनवरी 1926 में वह भारत घूमने आए और उन्होंने एक छोटा-सा निबंध 'बनारस' 14 जनवरी 1926 को लिखा था।

उल्लेखनीय है कि जिस दिन हक्सली वाराणसी आए थे वह मकर संक्राति की ग्रहण स्नान का दिन था। हक्सले के अनुसार लाखों-लाख श्रद्धालु स्त्री-पुरुष, बूढ़े-बच्चे, धनी-गरीब, छोटे-बड़े झुंडों में दूर-दूर से धूल फांकते पैदल चलकर बनारस की घाटों पर इकट्ठे हुए थे। ग्रहण की स्थिति में ही सूर्योदय होना था। भारत में यह ग्रहण अत्यंत आंशिक था जिसे जाड़े में सुबह नंगी आंखों से देख पाना संभव नहीं था, लेकिन भारतवासियों की आस्थावान आंखें अचूक थीं। सूर्योदय होते-होते हजारों-हजार की भीड़ पवित्र डुबकी के लिए बेचैन हो उठी। घना कुहरा और भयानक ठंड के बावजूद लोग तेजी से घुटने अथवा कमर भर पानी में खड़े होते, कुल्ला करते, खंखारते, थूकते, अपने देवता सूर्य को जल अर्पण करते, जोर-जोर से मंत्रोचार करते, राम-नाम रटते और दो-चार डुबकी लगाकर नदी से बाहर निकल आते। यह अंतहीन क्रम चलता रहता। कारण?

हिंदुओं को विश्वास है कि राहु और केतु नाम के दो सर्प-राक्षस उनके देवता सूर्य या चंद्रमा को यदा-कदा निगल जाने की कोशिश करते हैं जिससे इन देवताओं को अपार कष्ट होता है और साथ ही पृथ्वी पर अंतहीन अंधेरा छा जाने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। हिंदू इन प्राकृतिक शक्तियों को देवता मानता है। अतः यह ग्रहण के अवसर पर इन देवताओं के कष्ट निवारण के लिए परेशान हो उठता है। दौड़कर तीर्थस्थलों में जाता है, पवित्र स्नान करता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है कि इस वह उसके देवता का साथ दें। उसे यह भी विश्वास है कि इस संकट की घड़ी में पूजा, स्नान आदि से उसके देवता को प्रेरणा व प्रोत्साहन मिलता है और वह दुष्ट राक्षसों को पराजित करने में सक्षम होता है। निबंध में मुख्यतः तीन बातों पर प्रकाश डाला गया हैः एक, हिंदू जीवन-दृष्टि सामाजिक विवेक पर नहीं, बल्कि धार्मिक अंधविश्वासों पर टिकी है। दो, भारतवासियों को धर्म और ईश्वर की नहीं, बल्कि सोच और नास्तिकता की आवश्यकता है और तीन, बुद्धि और कल्पना जो मनुष्य की विशिष्टता के आधार हैं, कभी-कभार जानवरों से भी बदतर बन जाने के लिए विवश करते हैं।

हमें आज हक्सले की कही बातें कुछ कड़वी लग सकती हैं, पर विदेशी लेखक सामान्यतः जो सोचते हैं, वही लिखते हैं, छिपाते नहीं हैं। इस पर बहस की जा सकती है, पर आज भी यह तो हमें भी लगता है कि भारतीयों की तमाम आस्थाएं ज्ञान पर नहीं टिकी है? हमारे ज्ञान और हमारे आचरण के बीच बड़ा अंतराल है वरना शायद हम शायद इतने कर्मकांडी न होते, हम अनैतिकता और झूठ बर्दाश्त नहीं करते। 'सब चलता है' यह हमारी सोच में न घुसता। नाजिम हिकमत की लाइनें याद आ रही हैं-'अगर हम नहीं जलेंगे/ अगर तुम नहीं जलोगे/अगर हम सब नहीं जलेंगे /तो इस अंधेरे में/उजाला कौन भरेगा?'

## सोशल फोरम

# अपनी मिट्टी का संगीतकार



जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

स्वर्गीय फणीश्वर नाथ रेणु को अपनी मिट्टी का कथाकार कहा जाता है। उनके दो उपन्यासों- 'मैला आंचल', 'परती परिकथा' और उनकी दर्जनों कहानियों के पात्रों की जीवंतता, सरलता, निश्छलता और सहज अनुराग हिंदी कथा साहित्य में संभवतः पहली बार घटित हुआ था।

हिंदी कहानी में पहली बार लगा कि शब्दों से सिनेमा की तरह दृश्यों को जीवंत ही नहीं किया जा सकता, उनसे संगीत की सृष्टि भी की जा सकती है। रेणु ने लोकगीत, ढोल-खंजड़ी, लोकनृत्य, लोकनाटक, लोक विश्वास और किंवदंतियों के सहारे बिहार के कोशी अंचल की जो जीवंत और संगीतमय तस्वीर खींची है, उससे गुजरना एक बिल्कुल अलग-सा और असाधारण अनुभव है। उनकी तुलना अक्सर कथासम्राट प्रेमचंद से की जाती है।

मेरी अपनी समझ से रेणु प्रेमचंद से आगे के कथाकार हैं। प्रेमचंद में गांव का यथार्थ है, रेणु में गांव का संगीत। प्रेमचंद को पढ़ने के बाद हैरानी होती है कि इतनी विपरीत और अमानवीय परिस्थितियों के बीच भी किसान अपने गांव, अपने खेत से बंधा कैसे रह जाता है। रेणु का कथा संसार यह रहस्य खोलता है कि जीवन से मरण तक गांव के घर-घर से उठते संगीत और मानवीय संवेदनाओं की वह नाजुक डोर है, जो लोगों में अपनी जड़ों, अपनी मिट्टी और अपने रिश्तों के प्रति असीम राग पैदा करती है।

जीवन के खुरदुरे यथार्थ के बीच रागात्मकता की यही दृश्य या अदृश्य अंतर्धारा रेणु को उनके पूर्ववर्ती और समकालीन कथाकारों से अलग करती है।

-फेसबुक वॉल से

# और न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी


डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

बचपन में कहानी सुनते थे कि हमारे गांव के बाबू ने अपने छोटे भाई की शादी में परफॉर्म करने के लिए बनारस से कलाकार बुलाए थे। जब बाजार में तीन रुपए किलो रोहू मछली बिकती थी तब बनारस वाली उस टोली को तीन हजार रुपये देने की चर्चा दस-दस कोस दूर के गांवों तक हुई थी। बाबू सैकड़ों बीघे खेत के मालिक थे। इलाके के बड़े बबुआनों में नाम था। उनके खेतों में खलिहानों में न जाने कितने लोग काम करते थे। औरतें भी, मर्द भी। मडुआ, मकई तौल कर मजदूरी में देते थे। गांव के श्रमिक उनके खेतों में खूब काम करते थे। मौसम साथ देता तो अक्सर अच्छी उपज भी होती। बाबू मय खानदान फलते-फूलते रहे।

दुर्गा पूजा में नाटक कंपनी भी गांव में आती थी जिसकी मेजबानी वही करते थे। दो दृश्यों के बीच में नटुआ नाचता तो मौज में आकर उसे नकद इनाम भी देते थे। गांव के श्रमिकों ने अथक मेहनत से फुद्दी बाबू की बबुआनी को बनाए रखा। बदले में सपरिवार भरपेट भोजन भी नसीब नहीं तो इसे नसीब का खेल माना। जमाना बदला। बाबुओं की रौनक भी घटी। रौनक शिफ्ट हुई नए दौर के बाबुओं के आंगन में। बोले तो बड़े बिजनेस मैन। सम्मान से बुलाओ तो उद्योगपति कहो, फिलॉसफी से बुलाओ तो पूंजीपति कहो। बाबुओं के जमाने में सरकारों के पास उतने पैसे नहीं होते थे कि सबको मुफ्त अनाज दो, मुफ्त मकान दो। टैक्स देने वाले मिडिल क्लास का उतना विकास और विस्तार नहीं हुआ था, अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने वाली नई प्रौद्योगिकियों का जलवा कायम नहीं हुआ था। तो उस टाइम गरीब बीमारी से मरते थे, अक्सर भूख से भी मरते थे। काम बाबू का करते थे, अनाज की कोठरियां उनकी भरते थे। खुद भूख और बीमारी झेलते, अपने नसीब को रोते एक दिन मर जाते थे। अब जमाना बदला है। देश ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था के दौर में है। अब टैक्स लेने और देने का अच्छा सिस्टम है। आमदनी बढ़ी है तो टैक्स भी बढ़ा है। नए दौर के बाबुओं के कर्मचारी भूख से नहीं मरें, इसका इंतजाम सरकार करती है। बीमारी के इलाज के लिए मुफ्त बीमा के कार्यक्रम सरकार अपने फंड से चलाती है।

जीतोड़ मेहनत से काम मालिक का करेंगे, लेकिन जीने के लिए न्यूनतम जरूरतों की गारंटी सरकार देगी। अब अगर वेडिंग नहीं, प्री वेडिंग में ही हजारों करोड़ खर्च कर दिए जाएं। रिहाना को महज कुछ घंटों के परफॉर्म के लिए चौहत्तर करोड़ खर्च दिए जाएं, लेकिन मालिक की रिटेल चेन के निचले दर्जे के कर्मचारियों की विशाल फौज से जाकर मिलिए, उन्हें देखिए, जानिए। वे लगातार काम करते हैं, अथक मेहनत करते हैं, मामूली पगार पाते हैं। इतनी ही कि वे और उनका परिवार इस पर जी नहीं सकते। वे शहरों में सर की सेवा में लगे हैं। उनके बिजनेस के लिए उनके मुनाफे के लिए पूरा टाइम, पूरी एनर्जी खर्च करते हैं। उधर गांव में उनके बूढ़े और अशक्त माता-पिता मुफ्त अनाज की लाइन में खड़े हैं, उनके बच्चे मुफ्त किताबों, पोशाकों और मिड डे मील की लाइन में खड़े हैं।

आंकड़े बताते हैं कि पिछले दस-पंद्रह वर्षों में जितनी तेजी से भारत के अरबपतियों की समृद्धि में वृद्धि हुई है उतनी दुनिया के किसी और देश में नहीं। मुफ्त अनाज लेने वाली 85 करोड़ आबादी में न जाने कितने परिवारों के नौजवान बेटे शहरों में अंबानियों, अदानियों का मुनाफा बढ़ाने के लिए अपनी जवानी गर्क कर रहे हैं और हम सरकारों को कोस रहे हैं कि अब तक उन्हें मुफ्त मकान देने का वादा पूरा नहीं हुआ।

# सिलई बड़ा गांव की यात्रा


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

रामपुर मिलक के करीब एक गांव सिलई बड़ा गांव इन दिनों चर्चा में है। जहां बीते दिनों एक दलित समाज के नौजवान छात्र सोमेश की गोली लगने से मौत हो गई। वह हाईस्कूल की गणित की परीक्षा देकर आया था। प्रबुद्ध मैत्रीय संघ व क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के पदाधिकारी रविवार को गांव पहुंचे। गांव में बड़ी संख्या में पुलिस दल मौजूद था। गांव वालों ने बताया जिस स्थल पर सोमेश की मौत हुई यह जमीन दलित समाज के लोगों की कूड़ा फेंकने की जगह है। जिन लोगों से विवाद है उनकी अलग जगह है। 22 जनवरी को दलित समाज के लोगों ने सफाई अभियान के तहत ऊंची-नीची जगह को, समतल कर लिया और एक, जिस पर संविधान निर्माता का चित्र, एक झंडा जिस पर लिखा है जय भीम और बोर्ड लगा दिया। उस दिन अयोध्या में देश के प्रधानमंत्री के साथ-साथ प्रदेश व देश के अनेक गणमान्य लोग राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल थे। गांव की महिलाओं ने बताया उस समय पुरुष घर पर थे नहीं, गरीब लोग हैं। अधिकतर भूमिहीन हैं। बीघा दो-चार बीघा जोत के किसान हैं। बिन मजदूरी के गुजारा नहीं चलता। पुलिस ने महिलाओं को भी पीटा। ऐसे में सवाल है कि आखिर क्यों किसी का लाल मरे? क्यों किसी की कोख सूनी हो? सभी की हिफाजत की जिम्मेदारी पुलिस की है। पुलिस के रहते सोमेश कैसे मारा गया? जाति-धर्म, रंग-भाषा के आधार पर घृणा क्यों हो? प्रशासन व शासन को चाहिए शांति स्थापित हो और पीड़ित पक्ष को उचित मुआवजा मिले। हालांकि पीड़ित परिवार को मुआवजे से सदा का सहारा नहीं मिलेगा जिसके जीने का सहारा चला गया, उसकी भरपाई कैसे हो सकती है। यह व्यवस्था हो कि चाहे उच्च वर्ग के हों या निम्न वर्ग के या किसी भी धर्म के किसी की भी जान न जाए सभी स्वतंत्र जिएं। गांव पहुंची टीम में डॉ.सतीश, डॉ.एमपी सिंह, नवीन सागर, डॉ.हीरालाल, मोहम्मद फैसल, ललित चौधरी, हरगोविंद, चरण सिंह यादव व प्रेमपाल सिंह आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### सीएसजेएमयू को यूजीसी से मिला श्रेणी-1 का दर्जा




**कानपुर, अमृत विचार :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर (सीएसजेएमयू) को कैटेगरी 1 में लिस्टेड किया गया है। कैटेगरी 1 विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद सीएसजेएमयू देश के सर्वोच्च विश्वविद्यालयों में शामिल हो गया है। नैक ए प्लस प्लस हासिल करने के बाद विश्वविद्यालय की यह दूसरी बड़ी उपलब्धि है। इसका श्रेय कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कुलाधिपति आंनदीबेन पटेल को दिया है।

### मुठभेड़ में हत्यारोपी गिरफ्तार, लगी गोली

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना कैंट पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर विशाल यादव हत्याकांड के एक आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रितेश यादव वारदात के बाद से फरार चल रहा था। उसके पैर में गोली लगी है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कैंट थाना प्रभारी संजय मौर्या ने बताया कि पुलिस ने रितेश यादव को पेशकार पुरवा जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार किया गया।

# अयोध्या में बनेगा एमपी भवन व विक्रमादित्य घाट

## एमपी के सीएम ने की घोषणा, मंत्रिमंडल के साथ किए रामलला के दर्शन



रामलला के दर्शन के पश्चात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव व कैबिनेट के सदस्य। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में मध्य प्रदेश भवन और विक्रमादित्य के नाम से घाट का निर्माण मध्य प्रदेश सरकार कराएगी। इसकी घोषणा सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रामलला के दर्शन के बाद की।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी कैबिनेट के 63 सदस्यों के साथ सोमवार दोपहर महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। सांसद लल्लू सिंह और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह सहित अन्य भाजपा नेताओं और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने स्वागत किया। तीन ई-बस में सवार होकर सभी मंत्री राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे और रामलला के दर्शन किया।

यहां मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कई जन्मों के पुण्य के बाद ऐसा मौका मिलता है जब अयोध्या आने का सौभाग्य प्राप्त होता है। अयोध्या सभी पुण्य नगरियों में शीर्ष है। आज से दो हजार वर्ष पहले महाराजा विक्रमादित्य ने प्रभु श्रीराम के मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था और 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद एक बार फिर प्रभु श्री राम का मंदिर बना है। यह हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है। इसके लिए मैं सभी रामभक्तों को वासियों को बधाई देता हूं। कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सहयोग मिला तो हम अयोध्या में मध्य प्रदेश भवन बनाने की योजना पर कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त महाराजा विक्रमादित्य के नाम पर घाट बनाने की भी योजना है। मध्य प्रदेश भवन के माध्यम से हम अयोध्या आने वाले राम भक्तों की सेवा करेंगे।

## भाजपा प्रत्याशी के चाचा ने छोड़ी कांग्रेस

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता कृष्ण कुमार पांडे उर्फ कक्कू ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। वह काफी समय से कांग्रेस की राजनीति में सक्रिय थे। वह 1999 में कांग्रेस के बैनर तले जिला बचाने के लिए लड़ाई भी लड़ चुके हैं। कक्कू पांडे बीजेपी से लोकसभा प्रत्याशी रितेश पांडे के चाचा हैं।

## कमिश्नर ने परखीं मेले की तैयारियां

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा पहुंचे मंडलायुक्त गौरव दयाल और आईजी प्रवीण कुमार ने सोमवार को मेले का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने महादेवा कॉरिडोर के संबंध में भी जिलाधिकारी से जानकारी ली। सोमवार को दोपहर में लोधेश्वर महादेवा मेला पहुंचे आईजी और कमिश्नर ने मेला परिसर अभरन सरोवर, मंदिर के प्रवेश द्वार, निकास द्वार, बैरिकेडिंग, होल्ड अप एरिया आदि का स्थलीय निरीक्षण किया और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से महाशिवरात्रि पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर तरीके से दर्शन कराए जाने के लिए की गई व्यवस्था तथा भीड़ का अधिक दबाव होने पर रोकने का इंतजाम की जानकारी ली।

## दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहा किशोर पकड़ा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा में सोमवार को सुबह की पाली में एक छात्र के स्थान पर परीक्षा देते मुन्नाभाई धरा गया। वहीं एक छात्रा नकल सामग्री के साथ पकड़ी गई। केंद्र व्यवस्थापक सतीश वर्मा ने सतरिख थाना के जाटा बरौली निवासी पकड़े गए युवक सोनू पर रामसनेहीघाट कोतवाली में केस दर्ज कराया है। वह एक छात्र के स्थान पर परीक्षा दे रहा था।

# गृहमंत्री अमित शाह के मामले में हुई गवाही



**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में परिवादी के गवाह मोहित तिवारी का बयान एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। शेष गवाह के साक्ष्य के लिए कोर्ट ने 7 मार्च की तारीख तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट में सोमवार को परिवादी के अन्य गवाह मोहित तिवारी का बयान दर्ज हुआ। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत म्योढी छोलहा, विकास खण्ड- रेउसा, सीतापुर

पत्रांक मेमो/निविदा पत्रा0/मनरेगा/2023–24 दिनांक 05/03/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से पंचम वित्त/पन्द्रहवा वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा निम्न कार्य कराने हेतु क्षेत्र के ईट भट्ठा स्वामियों तथा अन्य सामग्री विक्रेताओं से निम्न विवरण के अनुसार निर्माण व आपूर्ति हेतु दिनांक 05/03/2024 को सायं 5 बजे तक दरें/ निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिन .... से दिनांक 08/03/2024 तक किसी भी कार्यदिवस् में पूर्वान्ह 11.00 बजे अपरान्ह 01.00 निर्धारित शुल्क नकद भुगतान करके सचिव ग्राम पंचायत म्योढ़ी छोलहा से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाता भट्ठा स्वामियों/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनांक ..... की सायं तक ग्राम पंचायत प्रधान अथवा सचिव के पास व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा की जा सकती है। निविदाए दिनांक 08/03/2024 को ग्रा0पं0 कार्यालय में पूर्वान्ह 11.30 बजे निविदादाताओं उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण, पैन कार्ड, तथा 10 स्टाम्प पेपर पर फोटो सहित स्वघोषणा पत्र जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र प्रकार की कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। निविदा फार्म पर दर का उल्लेख अंकों एवं शब्दों में करना होगा। सामग्री की दरों में लदाई, उतराई व ढुलाई भाड़ा तथा आयकर एवं व्यापारकर सहित सामिल होगा। बिना बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत म्योढ़ी छोलहा को होगा। कार्य के लिए अलग–अलग निविदा फार्म भरना होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | सामग्री की अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1– | उच्च प्राथमिक विद्यालय म्योढ़ी छोलहा में शौचालय निर्माण कार्य। | 261600/– | 214725.00 | 200 |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंण्डर में स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का 02 प्रतिशत जमानत/धरोहर की धनराशि का एनएससी/एफडीआर जो प्रधान/ग्राम पंचायत अधिकारी म्योढ़ी छोलहा के पक्ष में बंधक होगा, जमा करने पर ही सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0
ग्राम पंचायत म्योढ़ी छोलहा

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत म्योढ़ी छोलहा



## कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद, सीतापुर

पत्रांक :– 535/ई0टेण्डर/2023–24/न0पा0परि0मह0 दिनांक :– 04.03.2024

**ई–टेण्डर सूचना**

शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149 सा/2019 के अनुपालन में समस्त ठेकेदारों एवं फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में 15वां वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से कराये जानें वाले निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 03.02.2024 समय 01.00 PM बजे से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा वेब साइट etender.up.nic.in पर दिनांक 05.03.2024 समय 01.00 PM से दिनांक 11.03.2024 समय 04.00 PM तक अपलोड की जा सकती है, निविदा प्रपत्र की धनराशि नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के खाता संख्या 27351450000011 आई0एफ0एस0सी0 कोड–HDFC0002735 HDFC Bank महमूदाबाद में जमा करके प्राप्ति की रसीद निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा, प्राप्त ई–निविदाओं के सम्बंध में टेक्निकल बिड्स दिनांक 12.03.2024 समय 04.00 PM तक खोली जायेगी एवं टेक्निकल बिड्स खोले जाने के उपरान्त फाइनेन्सियल बिड्स खोली जायेंगी, ई निविदा के सम्बंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद जनपद सीतापुर में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है, यदि किसी कारणवश निविदा तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्यदिवस में यथावत निविदा खोली जायेगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | वेब–साइट पर ई निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 05.03.2024 | 11.00 AM |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 05.03.2024 | 01.00 PM |
| 3 | ई–निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि व समय | 11.03.2024 | 04.00 PM |
| 4 | ई–निविदा की टेक्निकल बिड्स खोले जानें की तिथि व समय | 12.03.2024 | 04.00 PM |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | जमानत धनराशि (रू0 में) | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 15वां वित्त आयोग टाइड ग्रान्ट | | | | |
| 1 | वार्ड नम्बर 14 अमीरगंज में बाल्मीकि मन्दिर के आगे सरवर के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 19.24 | 163104.00 | 2270.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड नम्बर 12 नई बाजार उत्तरी शराब ठेका रोड पर कययूम किराना की दुकान मोड पर स्थित पुलिया से वर्मा मेडिकल स्टोर होते हुए जाबिर होटल तक नाली एवं पुलिया क्रास का निर्माण कार्य। | 13.23 | 112171.00 | 1561.00 | 2 माह |

**नियम एवं शर्ते :–**

1. निविदा के साथ 10 (दस) प्रतिशत धरोहर / जमानत धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के पदनाम से बन्धक कर मूल रुप से संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, कार्य स्वीकृत होनें के पश्चात एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
2. निविदा की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
3. सक्षम अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद को बिना कोई कारण बताये एवं नोटिस दिये बिना एक या समस्त निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार निहित होगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग–अलग टेण्डर की धनराशि बैंक में जमा की जायेगी।
4. निविदादाता को शासनादेश संख्या–एक/706/कम्प्यू0सेल0/2019 लखनऊ दिनांक 27 सितम्बर, 2019 के अनुसार ठेकेदारी कार्य हेतु पंजीकरण एवं नवीनीकरण अनिवार्य है।
5. निविदा दाता निकाय द्वारा उपलब्ध कराये अदतन अदेय प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। बिना अदेय प्रमाण–पत्र के निविदा पर विचार करना सम्भव न होगा।
6. निविदा दाता को अपनी निविदा के साथ टी–4, टी–5 तथा जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, जो मोबाइल नम्बर से लिंक हो एवं श्रम विभाग से श्रमिकों का पंजीयन प्रमाण पत्र नियमानुसार जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता द्वारा दिये गये दस्तावेजों / प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदादाता को अयोग्य समझा जायेगा एवं उसकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। यदि फर्जी/ गलत दस्तावेजों की जानकारी अनुबन्ध गठन के पश्चात होती है तो अनुबन्ध उसी समय निरस्त करते हुए दण्ड के रुप में उसकी धरोहर धनराशि जब्त करते हुए उसका नाम काली सूची में डाला जायेगा तथा अनुबन्ध गठन की प्रक्रिया या उसके उपरान्त यदि यह संज्ञान में आता है कि सम्बन्धित ठेकेदार / फर्म सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, असमाजिक कार्यों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसके साथ किया गया अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा एवं दण्ड के रुप में उसकी धरोहर धनराशि जब्त करते हुए उसका नाम काली सूची में डाला जायेगा। निविदादाता को निविदा के साथ इस आशय का शपथ पत्र (टी–6) देना होगा।
8. नगर निकाय, नगर पंचायत, जलनिगम से जलनिकासी कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
9. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा में सम्मिलित कार्यों की अवधि में तर्कसंगत आधार होने पर नियमानुसार वृद्धि की जायेगी। अपूर्ण अथवा सही ढंग से न भरी गयी निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
10. कार्य निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण न करने पर नियमानुसार आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा जिस पर कटौती ठेकेदार के बिल से अथवा जमा धनराशि से की जायेगी यह दण्ड दो सप्ताह तक अधिकतम रू0 500/– प्रतिदिन तक हो सकता है। दो सप्ताह पश्चात कार्य की निविदा निरस्त करने की कार्यवाही की जा सकती है।
11. सक्षम अधिकारी/अधिशासी अधिकारी को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा।
12. यह कि निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि जमा किये जानें के पश्चात ही निविदा स्वीकृत की जायेगी, जमानत धनराशि की वापसी कार्य सन्तोषजनक स्थित में बने रहने की दशा में एक वर्ष के पश्चात तकनीकी अधिकारी की आख्या के पश्चात वापस की जा सकेगी। उक्त अवधि में निर्माण कार्य में किसी प्रकार की खराबी आने की दशा में ठेकेदार को स्वयं अपनें व्यय पर ठीक कराना होगा।
13. किसी विवाद की दशा में सक्षम अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद का निर्णय अन्तिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा तथा कार्यादेश जारी करने के पश्चात कार्य न करने पर जमानत धनराशि जा कर ली जायेगी।
14. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करों की नियमानुसार कटौती की जायेगी जो ठेकेदार को मान्य होगा। नियमानुसार स्टाम्प पर भुगतान से पूर्व अनुबन्ध सम्पन्न कराया जाना अनिवार्य है।
15. शासनादेश सं0 609/नौ–9–2007–249ज/06 दिनांक 26.02.2007 के अनुसार राज्य बार कौंसिल में पंजीकृत किसी भी अधिवक्ता को ठेकेदारी में प्रतिभाग करने का अधिकार न होगा।
16. यह कि निविदा मूल्य G.S.T. सहित की धनराशि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के खाता संख्या HDFC BANK Mahmudabad के चालू खाता संख्या 27351450000011 IFSC Code- HDFC0002735 में सीधे जमा करें, तथा जमा पुष्टि की रसीद निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
17. निविदा के साथ संलग्न 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि की मूल प्रति तथा निविदा क्रय की रसीद, समस्त प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां आदि वांछित अभिलेख बंद लिफाफे में निर्धारित तिथि तक कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
18. 10 प्रतिशत से कम तक की निविदा हेतु अतिरिक्त जमानत धनराशि Extra Performance Guarantee जमा करनी होगी। 10 प्रतिशत निम्न निविदा डाले जाने पर 0.50 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत की दर से तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा डाले जाने पर 1.00 प्रतिशत की दर से सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारंटी ली जायेगी।
19. ठेकेदार को निर्धारित समय में आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप कार्य पूर्ण कराना होगा। पूर्ण कार्य होने पर पालिका में धन उपलब्ध होने की दशा में नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। पालिका में धन न होने पर ठेकेदार भुगतान हेतु धन की मांग / मा0 न्यायालय की शरण में नही जायेगा।
20. दिनांक 01.07.2017 से उ0प्र0 सरकार द्वारा लागू जी0एस0टी0 नियमानुसार देय होगी।
21. किसी भी शर्त का उल्लघन करने पर निविदा पर विचार करना सम्भव न होगा।
22. कार्य स्थल पर डिस्प्ले बोर्ड कार्य प्रारम्भ होनें से पूर्व लगाना अनिवार्य होगा।
23. निविदा दाता को निविदा स्वीकृत होनें के पश्चात निर्धारित 100 रुपये के स्टाम्प के साथ नोटरी भी देनी होगी।

**(श्री शैलेन्द्र कुमार दुबे)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद महमूदाबाद**
**सीतापुर**

**(मो0 अहमद)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद महमूदाबाद**
**सीतापुर**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद, सीतापुर

पत्रांक : 534/नि0सू0/2023–24/न0पा0परि0मह0 दिनांक – 04.03.2024

**निविदा सूचना**

शासनादेश संख्या 3890/नौ–5–19–149सा/2019के अनुपालन में समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15 वां वित्त आयोग टाइड ग्रान्ट एवं 15 वां वित्त आयोग अनटाइड ग्रान्ट की धनराशि के अर्न्तगत निम्नलिखित निर्माण कार्य करानें हेतु सीलबन्द निविदायें दिनांक 12.03.204 को समय 11.00 AM से बजे से अपरान्ह से 3.00 PM अपरान्ह बजे तक नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के कार्यालय एवं श्रीमान जिलाधिकारी महोदय सीतापुर के स्थानीय निकाय लिपिक के कक्ष में रखे गये सीलबन्द बाक्स में आमांत्रित की जाती है, टेण्डर फार्म निर्धारित शुल्क नगद जमा कर दिनांक 11.03.2024 को समय 11.00 AM बजे प्रातः 3.00 PM बजे अपरान्ह तक नगर पालिका परिषद महमूदाबाद से प्राप्त कर सकतें है 5.00 लाख से कम लागत के टेण्डर दिनांक 12.03.2024 को 3.30 बजे अपरान्ह को अध्यक्ष नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के समक्ष ठेकेदारों की उपस्थित में खोले जायेगें तथा 05.00 लाख से अधिक के टेण्डर दिनांक 12.03.2024 को समय 04.30 बजे अपरान्ह में प्रभारी अधिकारी/नगर मजिस्टेट महोदय, सीतापुर के समक्ष ठेकेदारों की उपस्थिति में खोलें जावेगें टेण्डर के साथ 10 प्रतिशत जमानत के तौर पर एफ0 डी0 आर0/एन0/एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के नाम बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा बिना कारण बताए टेण्डर निरस्त करनें का अधिकार पालिका प्रशासन को होगा, कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यदिवास में कार्यालय नगर पालिका परिषद महमूदाबाद से प्राप्त कर सकतें है । निविदा दिवस में यदि अवकाश पडता है तो निविदा अगले दिन खोली जायेगी ।

| क्रंम सं0 | प्रस्तावित कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख) रू0में | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | वार्ड नम्बर 05 पुरानी बाजार में अम्बेडकर पार्क के सामनें गिरधारी के मकान से गौहर के मकान तक कर्वड नाला निर्माण कार्य। | 6.70 | 56821.00 | 790.00 | 2 माह |
| 2 | वार्ड नम्बर 15 कैथी टोला में मो0 खुदागंज में सिराज के मकान से मोहसिन के मकान तक कर्वड नाला निर्माण कार्य। | 9.78 | 82880.00 | 1154.00 | 2 माह |
| 3 | वार्ड नम्बर 17 नूरपुर दक्षिणी में मेन बाजार के आगे जमील के मकान से अली हुसैन सलमानी मकान तक दोनों तरफ 31 मी0+27मी0 अली हुसैन के मकान से मेंहदी हसन के मकान तक दोनों तरफ 27 मी0 +27 मी0 मेंहदी हसन के मकान से सगीर नददाफ के मकान तक 19 मी0 नाला निर्माण कार्य। | 9.55 | 80938.00 | 1130.00 | 2 माह |
| 4 | मो0 शहजानी एशिया कालोनी मे राज कुमार वर्मा के मकान के सामनें नाला कवरिंग निर्माण कार्य। | 1.00 | 8145.00 | 118.00 | 2 माह |
| 5 | वार्ड नम्बर 24 नूरपुर उत्तरी में सगीर नददाफ के मकान से अमित कुमार मर्यािा के मकान होते हुए अखिरी निर्मित नालें तक नाला निर्माण कार्य। | 9.63 | 81609.00 | 1136.00 | 2 माह |
| 6 | वार्ड नम्बर 07 ठाकुरपुर में पैंतेपुर रोड पर श्यामदासपुर मोड से अषेश ईशान बाजपेई के काम्प्लेक्स होते हुए अतीक के प्लाट तक नाला निर्माण कार्य। | 2.95 | 24996.00 | 350.00 | 2 माह |
| 7 | वार्ड नम्बर 17 नूरपुर दक्षिणी में मेन बाजार के तीन तरफ बाम्बे कलेक्शन के सामनें इस्माइल होटल वाले के घर के आगे तक 27 मी0 रिजवान के मैकेनिक के घर से साबिर अली के मकान होते हुए जमील के घर तरफ 62 मी0 मुन्ना होटल से मरकज मस्जिद तक 29 मी0 आंशिक कवर्ड नाला निर्माण कार्य। | 9.70 | 82170.00 | 1150.00 | 2 माह |
| 8 | मो0 पैगम्बरपुर में मुबारक रजा के मकान से स्व0 रज्जन दरोगा के मकान पुलिया तक नाला एवं पुलिया निर्माण कार्य। | 1.59 | 13600.00 | 190.00 | 2 माह |
| | अनटाइड ग्रान्ट | | | | |
| 1 | मो0 बेलदारी टोला में साहिबे आलम के घर से सीबा के घर के आगे तक दोनों तरफ नाली, इन्टरलाक सडक का निर्माण कार्य। | 9.26 | 78486.00 | 1095.00 | 2 माह |

शर्ते

1. निविदा के साथ 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एन0 एस0 सी0/एफ0 डी0 आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद सीतापुर के पदनाम से बन्धक कर मूल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा कार्य स्वीकृत होनें के पश्चात एक सप्ताह के इकरार नामा कराना अनिवार्य होगा ।
2. निविदा सुस्पष्ट भरे जानें चाहियें ।
3. प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत्त अथवा अस्वीकृत तथा निरस्त करनें का अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद महमूदाबाद बाद में निहित होगा ।
4. हैसियत प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र, पैन, कार्ड, जी0 एस0 टी0 प्रमाण पत्र पालिका का पजींकृत प्रमाण पत्र टेण्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
5. कार्य स्थल पर डिस्प्ले बोर्ड कार्य प्रारम्भ होनें के पूर्व लगाना अनिवार्य होगा ।
6. निविदादाता को निविदा स्वीकृत होनें के पश्चात निर्धारित 100.00 रूपये के स्टाम्प के साथ नोटरी भी देनी होगी।
7. श्रम विभाग में श्रमिकों का पंजीयन प्रमाण पत्र की छाया प्रति देना होगा ।

**शैलेन्द्र कुमार दुबे**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**महमूदाबाद, सीतापुर**

**मो0 अहमद**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**महमूदाबाद, सीतापुर**

# धर्म दर्शन

शिव आदि तत्व हैं, वह ब्रह्म हैं, वह अखंड, अभेद्य, अच्छेद्य, निराकार, निर्गुण तत्व है। वह अपरिभाषेय हैं, वह नेति-नेति हैं। अभिव्यक्ति में प्रतीत होते हैं, जिन्हें विद्या तथा अविद्या कह सकते हैं। ऋग्वेद में भगवान शिव का सबसे पहला उल्लेख मिलता है,जो उनकी दिव्य पहचान पर प्रकाश डालता है। भगवान शिव को अक्सर रुद्र के रूप में जाना जाता है। रुद्र जिसका अर्थ है "गर्जना करने वाला" देवत्व के कच्चे और मौलिक पहलुओं का प्रतीक है। उन्हें एक उग्र देवता के रूप में चित्रित किया गया है,जो तूफान, विनाश और कायाकल्प से जुड़ा है।



## आत्मज्ञान, वैराग्य एवं कल्याण का प्रतीक शिव तत्व

ऋग्वेद के मंत्र बुरी ताकतों से सुरक्षा के लिए रुद्र के आशीर्वाद का आह्वान करते हैं,जो विध्वंसक और रक्षक दोनों के रूप में उनकी दोहरी प्रकृति को प्रदर्शित करता है। जैसे ही हम ऋग्वेद से यजुर्वेद की ओर बढ़ते हैं,हम रुद्र से शिव में परिवर्तन का अनुभव करते हैं। शिव,संस्कृत शब्द "शिव" से लिया गया है,जो शुभता और पवित्रता का प्रतीक है। इस चरण में भगवान शिव को तपस्वी योगी के रूप में चित्रित किया गया है,जो हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर ध्यान कर रहे हैं। वह वैराग्य, आत्मज्ञान और परोपकार के आदर्शों का प्रतीक हैं। यजुर्वेद शिव को ध्यान और आध्यात्मिकता के दिव्य आदर्श के रूप में महिमामंडित करता है। सामवेद हमें सर्वोच्च देवता महादेव से परिचित कराता है। महादेव, रुद्र और शिव के रूप में अपने पिछले अवतारों को पार करते हुए,भगवान शिव की दिव्यता की भव्यता को समाहित करते हैं। वह ब्रह्मांडीय व्यवस्था का अंतिम स्रोत, ब्रह्मांड का निर्माता, पालनकर्ता और संहारक है। सामवेद महादेव को उनकी सर्वशक्तिमानता और परोपकारी सर्वव्यापकता का चित्रण करते हुए एक लौकिक देवता के रूप में प्रतिष्ठित करता है। सृष्टि 16 तत्वों से निर्मित हैं। पहले पांच तत्व, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश, पृथ्वी लोक से संबंधित हैं। छठा तत्व 'शिव तत्व' है जिसका संबंध आज्ञा चक्र से है तथा वह माथे के केंद्र में स्थित है। विशुद्धि और आज्ञा चक्र के बीच में 11 तत्व हैं,किंतु फिर भी शिव तत्व को छठा तत्व कहा जाता है,क्योंकि शिव आदि, अनादि, अनंत, अखंड हैं,जो बुद्धि की समझ से परे हैं। सारे तत्व उसी में निहित हैं। शरीर में तीन प्रकार की ग्रंथियां होती हैं,ब्रह्म ग्रंथि, विष्णु ग्रंथि तथा रुद्र ग्रंथि। ब्रह्म ग्रंथि तथा विष्णु ग्रंथि खोलना अपेक्षाकृत सरल है,किंतु रुद्र ग्रंथि को खोलना बहुत कठिन है। इसके खुले बिना शेष 11 तत्वों का अनुभव नहीं हो सकता। 16 तत्वों के अनुभव के बाद ही शिव और शक्ति का संयोजन होता है और शिव तत्व की प्राप्ति होती है। संपूर्ण वेदों में विभिन्न श्लोक भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को दर्शाते हैं। अथर्ववेद का एक श्लोक शिव के लौकिक नृत्य, तांडव का सार दर्शाता है: "न तस्य प्रतिमा अस्ति यस्य नमः महद्यशः ।"/ तन्द्य त्वाग्वं प्रस्वादं पयधि। यह श्लोक भगवान शिव के निराकार स्वरूप की प्रशंसा करता है,इस बात पर जोर देता है कि उनकी दिव्य ऊर्जा असीमित और मानवीय समझ से परे है। यह इस विश्वास को पुष्ट करता है कि भगवान शिव के प्रति सच्ची भक्ति मूर्ति पूजा से परे है और उनके लौकिक सार से जुड़ती है। शिव का वास्तविक अर्थ है 'वह जो नहीं है' अर्थात् शून्य। आधुनिक भौतिक विज्ञानियों ने भी यह साबित कर दिया है कि पूरी सृष्टि शून्य से निकलती है और शून्य में ही चली जायेगी। व्यापक शून्यता अस्तित्व का आधार और ब्रह्मांड का मूल तत्व गुण है। इस विशाल शून्यता को ही शिव कहते हैं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

## भौतिक शक्ति का सूचक असुर

व्युत्पति की दृष्टि से 'असुर' शब्द 'असुः+'र' (असुः=प्राण,र =वाला) का अर्थ प्राणवान, ऊर्जावान, शक्तिशाली या शक्ति संपन्न है। कालांतर में यह भौतिक शक्ति का सूचक/प्रतीक बन गया। ऋग्वेद में 'असुर' शब्द का प्रयोग 105 बार हुआ है। इसमें भी 99 बार भौतिक 'शोभन' अथवा मंगल सूचक है,जबकि मात्र 15 बार ही देवों के शत्रु विशेष के लिए। यास्क के "निरुक्त" (3/8) के अनुसार शारीरिक शक्ति के आधिक्य के कारण ही इन्द्र के लिए, तदुपरांत,नैतिक बल के सूचक के रूप में वरुण देव के लिए हुआ है।

प्राचीनतम असीरियन (असुर) साम्राज्य या परवर्ती मैसापोटामियन साम्राज्य (फारस (ईरान), इराक, तुर्की आदि पड़ोसी क्षेत्रों का) के निवासी पारसियों का धर्म,विश्व के भारतीय वैदिक धर्म के समान ही प्राचीनतम है। इस पारसी धर्म को 'जरथुस्त्र "धर्म" भी कहा जाता है। पारसियों की सर्वशक्तिमान सत्ता या ईश्वर को ही "अहुर मज्दा" या "अहोरमज्द" कहते हैं। 'अहोर' शब्द वैदिक 'असुर' शब्द का रूपांतर है। अथवा यह कहा जा सकता है कि अहोरमज्दाका वैदिक संस्कृत रूपांतर "असुरेन्द्र" है। अहुरमज्दा का आशय 'आसुरी मेधा' या 'बुद्धिबल' से है वैदिक "वृत्रघ्नइन्द्र" को ही अवेस्ता में "वेघ्रोघ्न" कहा गया है। ऋग्वेद (10/138/3-4)में इन्द्र को वज्र के प्रहार से देव विरोधी दानवों सहित वृत्रासुर का वध करने वाला कहा गया है। ऋग्वेद के 'अग्निदेव' की भांति पारसियों के प्राचीनतम धर्म ग्रंथ "जेंद अवेस्ता" में भी सर्वाधिक पवित्र देवता वही हैं। उसी अग्निदेव के माध्यम से ही "अहुरमज्दा" की पूजा होती है। प्रमुख अंतर यह भी है कि वेदों में जहां देवों तथा देवियों की स्तुति है, वहीं अवेस्ता में प्रायः कई की निंदा और असुरों की उपासना या स्तुति है। किंतु यह आश्चर्यजनक है कि वेदों और अवेस्ता दोनों में ही वैदिक सवितृ (सूर्य ), सोम, अर्यमा, आदि की स्तुति है। विषयांतर के भय से विस्तृत चर्चा न कर इतना ही कहना पर्याप्त है कि हजारों वर्षों पूर्व भारत एवं फारस और ईरान में परस्पर सांस्कृतिक संबंध अत्यंत प्रगाढ़ थे। असीरिया तो असुरों का ही सामाज्य था और आधुनिक ईरान, इराक, तुर्की, बहरीन, कुवैत, कतर, सउदी अरब, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात या यह कहा जाए कि फारस की खाड़ी के आसपास का संपूर्ण भूभाग ही उसमें समाहित था। आधुनिक संपूर्ण इस्रायल सहित मिश्र का कुछ भाग अधीन था।

सातवीं सदी के बाद विजेता इस्लाम धर्मावलंबियों के अत्याचार, उत्पीड़न, बलात्कार, धर्मांतरण ने वहां के मूलनिवासियों को इस्लाम स्वीकार करने या पलायन को विवश किया। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार असुर,देवदृष्टि से अपभ्रंश भाषा का अधिक प्रयोग करते थे (ते$सुरोहेलयो हेलया इति कुर्वन्तः पराबभूवुः)। पतंजलि और शबर स्वामी इस बात के समर्थक हैं। शांख्यायन तथा आश्वलायन श्रौतसूत्रों की "आसुरि विद्या" को शतपथ ब्राह्मण में ही प्रयुक्त "माया" शब्द का समानार्थी बताया गया है। माया को ही लोकभाषा में "जादूगरी" कहा गया है, किंतु यह बहुत आश्चर्यजनक है कि सभी भौतिक विद्याएं इसी में समाहित/समाविष्ट हो सकती हैं। सुप्रसिद्ध विद्वान, स्व. डॉ राज बली पाण्डेय जी के अनुसार, "आसुरि" शुद्ध भौतिक प्रवृत्ति से उत्पन्न सभी ज्ञान-विज्ञान असुर विद्या हैं। इसमें 'सुर विद्या' अथवा 'देवी विद्या' या आध्यात्मिकता को स्थान नहीं है।" 'हिन्दू धर्मकोश' पृष्ट,69. ऋग्वेद में देवताओं के लिए विशेषण के रूप में असुर शब्द का प्रयोग होता रहा है। विशेष रूप से वरुण आदि के लिए।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति

हे सोम! आप उपयाम-पात्र में ग्रहण करने योग्य हैं। आदित्यों के सदृश तेजस्विता के लिए आपको हम ग्रहण करते हैं। हे इंद्रदेव! आप हिंसक प्रवृत्ति से सर्वथा रहित हैं। याजक द्वारा प्रदत्त हवि के प्रतिदान स्वरूप आपका दान संपन्नता बढ़ाने वाला होता है। हम आदित्यों के स्नेह भाव के लिए आपकी स्तुति करते हैं। हे आदित्य! आप आलस्य, प्रमाद आदि से सर्वथा रहित हैं। आपकी जो शक्ति सामर्थ्य,अविनाशी और दिव्य आनंदप्रद है, वह सूर्य मंडल मे स्थापित है। हे आदित्य ग्रह! (पात्र) हम आदित्यदेव की प्रसन्नता हेतु आपको ग्रहण करते हैं। देवताओं के सुख के निमित्त यह यज्ञ है,अतएव हे आदित्य! आप हम सबके लिए कल्याणकारी हों। आपकी शुभ संकल्प युक्त मति हमें उपलब्ध हो। हे आदित्य! आप अज्ञान रूपी अंधकार के विनाश के निमित्त कारण हैं। हे पुरुषार्थी मनुष्यों! तुम अपनी वाणी में सुसंस्कारिता को धारण करो। जब गृहस्थ आश्रम में दंपती धर्माचरण का निर्वाह करते हैं,तभी पावन सुसंस्कारवान पुत्र उत्पन्न होते हैं और नित्य ही समृद्धि को प्राप्त होकर वे दुष्कर्मों और ऋणादि से निवृत्त रहते हुए श्रेष्ठ गृह में निवास करते हैं।

हे सोमासिक्त धान्य! यजुर्वेद के मंत्रों से जिसकी कामना की गई है, ऋक् मंत्रों से स्तुत्य तथा साम के स्तोत्रों द्वारा संवर्धित आपका सेवन अश्वों और गौओं को भी प्रेरणा देने में समर्थ है। आपके सेवन से प्राप्त होने वाले अभीष्ट फल की इच्छा से युक्त हम आपका सादर सेवन करते हैं। हम सब ब्रह्मतेज से संपन्न, दुग्धादि रसों से परिपूर्ण, श्रेष्ठ शरीर और शिवसंकल्पकारी मन से सदा युक्त रहें। श्रेष्ठ दान प्रदाता त्वष्टादेव हमें ऐश्वर्य प्रदान करें तथा हमारे शरीर में जो कमी है,उसे भी दूर करें। हे ऐश्वर्यवान इंद्रदेव! हमें श्रेष्ठ मन, गाय आदि पशुओं और ज्ञानीजनों तथा श्रेष्ठ कल्याणकारी भावनाओं से युक्त करें। ज्ञान से प्रेरित दिव्य मानवों द्वारा जो श्रेष्ठ कर्म संपादित होते हैं, उससे हमें जोड़ें,जो सत्कर्म हमें देवताओं के अनुग्रह प्रदान करते हैं,वह यज्ञरूप श्रेष्ठकर्म श्रेष्ठ मति के साथ आपके निमित्त समर्पित हों। हम सब लोग सदैव ब्रह्मवर्चस जल, सुदृढ़ शरीरों और शुभ संकल्पकारी पवित्र मन से युक्त रहें। श्रेष्ठ पदार्थों के दाता,सर्वप्रेरक परमात्मा हमें संपूर्ण ऐश्वर्य संपदा प्रदान करें। दानशील विधाता,सर्वोत्पादक सविता,प्रजा के पालक- प्रजापति, देदीप्यमान अग्निदेव, त्वष्टादेव और सर्वव्यापक विष्णुदेव,यह सभी देवगण हमारी आहुति को स्वीकार करें। यज्ञकर्मों के ज्ञाता हे देवगण! आप हमारे यज्ञ में पधारें, हमारी आहुति को स्वीकारें तथा यज्ञ से संतुष्ट होकर अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रयाण, प्रस्थान करें।

हे मन के अधिष्ठाता देव! इस यज्ञ को श्रेष्ठ औषधियों से परिपूर्ण करें और वायु का शोधन करें। यह आहुति आपके प्रति समर्पित है। जिस परमात्मा से उत्तम अन्य कोई नहीं है,जो संपूर्ण लोकों में संव्याप्त है,वे प्रजापालक सोलह कलाओं से अपनी प्रजा में रमण करते हैं। वे सूर्य, विद्युत व अग्नि रूप तीनों ज्योतियों को अपने भीतर समाहित किए हुए हैं। उत्तम कर्म करने में कुशल हे अग्निदेव! हमें तेजस्विता, पराक्रम एवं अपार वैभव संपदा प्रदान करें। आप देव-शक्तियों के बीच में अति तेजस्वी हैं। अतः आपकी कृपा से हम मनुष्यों में तेजस्विता का संचार हो। ये ज्योतिर्मयी रश्मियां संपूर्ण प्राणियों के ज्ञाता सूर्य को तथा समस्त विश्व को,दृष्टि प्रदान करने के लिए विशेष प्रकाशित होती हैं। हे ग्रह (पात्र)! हम आपको ज्योतिर्मान सूर्य के लिए स्वीकृत करते हैं। हे महिमामयी गौ! आप इस यज्ञ से उत्पन्न पोषणयुक्त मंडल रूपी कलश को सूंघें,वायु के माध्यम से ग्रहण करें। इसके सोमादि पोषक तत्व आपके अंदर प्रविष्ट हों। उस ऊर्जा को पुनः सहस्त्रों पोषक धाराओं द्वारा हमें प्रदान करें।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## शिवरात्रि प्रकृति से तादात्म्य का संदेश

मनुष्य का शरीर पंच भौतिक तत्वों का संयोजन है, इसीलिए धर्मग्रंथों में पृथ्वी को माता, आकाश को पिता और जल, अग्नि, वायु को देवता मानकर पूजा करने का उल्लेख है। इसी के लिए मांगलिक-कार्यक्रमों के प्रारंभ करने के पहले स्वस्तिवाचन मंत्र पढ़ने का विधान किया गया है जिसमें प्रकृति की अनुकूलता की कामना की गई है। भगवान शंकर और माता पार्वती के पुत्र गणेश जी प्रथम देवता हैं। जिस प्रकार समस्त भैतिक यंत्र ऊर्जा से संचालित होते हैं उसी प्रकार पंच भौतिक शरीर भी आत्मा की ऊर्जा से संचालित होता है। मनुष्य ही नहीं, बल्कि सृष्टि में जितने अन्य जीव-जंतु हैं, सभी को ऊर्जा की आवश्यकता है। इसका संदेश यही हुआ कि पार्वती माता, शिवजी पिता और पुत्र गणेश ऊर्जा के रूप में पुत्र हैं। वे माता-पिता से दूर न जाकर उन्हीं के चरणों की परिक्रमा करते हैं। कार्तिकेय के पूरे ब्रह्मांड की परिक्रमा का आशय उनमें वायु-तत्व की प्रधानता हैं जबकि वाहन नन्दी जल-तत्व का सूचक इसलिए है क्योंकि पशु जिन इलाकों में रहता है, सबसे पहले वह जल-स्रोत ही तलाशता है। शिवरात्रि का पर्व आकाश तथा पृथ्वी पर मौजूद प्राकृतिक संसाधनों की पूजा का पर्व है। इन संसाधनों का संरक्षण कैसे किया जाए ताकि मां पार्वती और शिव की कृपा-परिधि में सभी भौतिक पदार्थ रह सके, इस पर सजगता तथा तादात्म्य बनाने का पर्व है शिवरात्रि।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

# प्रदेश

## बस की टक्कर से बच्ची समेत तीन की मौत, चार घायल

संवाददाता, मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)

- रोडवेज की अनुबंधित बस की टक्कर से ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे
- पुलिस ने बस को कब्जे में लिया चालक हुआ फरार

**अमृत विचार :** मोहम्मदी-गोला मार्ग पर सोमवार की शाम भीषण हादसा हो गया। दिलावरपुर के पास रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा को सामने से टक्कर मार दी, जिससे ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में ई-रिक्शा पर सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन साल की बच्ची और युवती ने शाहजहांपुर अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

मोहम्मदी से एक ई-रिक्शा सवारियों को लेकर गांव दिलावरपुर की तरफ जा रहा था। दिलावरपुर मोड़ के पास सामने से गोला की तरफ से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। ई-रिक्शा पर चालक समेत छह सवारियां थीं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के उड़े परखच्चे सड़क पर बिखर गए। हादसे में ई-रिक्शा में सवार बलिया जिले के गांव सिसोटर निवासी बुचिया देवी (55) की मौके पर मौत हो गई, जबकि ई रिक्शा चालक दिलावरपुर निवासी मुजीब (27), रुखसाना (37) अर्सलान (3) व आलिया (3) रवीना (26) और महरुन्निसा (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। चालक बस मौके पर छोड़कर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को अस्पताल लाई, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया। शाहजहांपुर ले जाते समय दिलावरपुर निवासी रवीना (21) पुत्री शमशुल और तीन साल की आलिया ने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक आलिया की मां रुखसाना की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है। जबकि महरुनिशान पत्नी युसुफ निवासी दिलावरपुर को बरेली अस्पताल भेजा गया है। चालक का शाहजहांपुर में इलाज चल रहा है। मोहम्मदी प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि पुलिस ने बस कब्जे में ले ली है। मंगलवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा।

## दक्षता और न्यायिक संतुलन न्याय प्रणाली की आवश्यकता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने लंबा आपराधिक इतिहास रखने वाले अपराधियों को जमानत देने से पहले उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि पर विचार करने का निर्देश देते हुए कहा कि दक्षता और न्याय के बीच संतुलन बनाना कानूनी कार्यवाही का एक चुनौतीपूर्ण पहलू है। आपराधिक न्याय प्रणाली को इस प्रकार बनाया जाय, जिससे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकने के साथ-साथ गलत काम करने वालों को उनके कार्यों का परिणाम भुगतना तय हो।

कोर्ट ने आगे कहा कि यह एक दुखद सत्य है कि जघन्य अपराधी कानूनी कार्यवाही में खामियों का फायदा उठा कर बच जाते हैं। कानूनी खामियां आपराधिक न्याय प्रणाली में जनता के विश्वास को कमजोर करती हैं। पीड़ित ठगा हुआ सा महसूस करता है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति कृष्ण पहल की एकलपीठ ने भरत सिंह की दूसरी जमानत याचिका को खारिज करते हुए की। आरोपी के खिलाफ झांसी के नवाबाद पुलिस स्टेशन में आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मालूम हो कि आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास होने के कारण उसे दो मामलों में दोषी ठहराया गया है और पहली जमानत याचिका खारिज होने का कारण उसका आपराधिक इतिहास ही है।

### जयाप्रदा कोर्ट में पेश, गैरजमानती वारंट निरस्त

रामपुर, अमृत विचार : आचार संहिता उल्लंघन के दो मामलों में पूर्व सांसद जयाप्रदा सोमवार को दोपहर ढाई बजे कोर्ट में पेश हुईं। कोर्ट ने उनके गैरजमानती वारंट और 82 की कार्रवाई को निरस्त कर दिया। जमानत मिलने के बाद वह 4 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। अब इस मामले में छह मार्च को सुनवाई होगी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान स्वार और केमरी थाने में जयाप्रदा के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज कराए गए थे। ये दोनों मामले इन दिनों कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं। जिस पर कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे।

## वर्ग पहेली-362

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला,बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।; 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टांका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता,स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम, किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान,कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 5 | | | |
| 6 | | | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 7 | |

### वर्ग पहेली - 361 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | ■ | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | ■ | ■ | ता | ■ | ग |
| दे | ■ | 4 यु | व | ती | ■ |
| 5 व | शी | ■ | ला | ■ | 6 का |
| वा | ■ | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | ■ | टि |
| ■ | ■ | ठा | ■ | 9 रैं | क |

## सुडोकू-79

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 9 | | 1 | | | |
| 1 | | | 2 | 4 | | | | |
| 2 | | 4 | | | | 9 | | 5 |
| | | 7 | | | 9 | | 4 | |
| 6 | | 3 | 5 | | 4 | | | 9 |
| | 8 | | 1 | | | 6 | | |
| 9 | | 8 | | | | 2 | | 6 |
| | | | | 2 | 8 | | | 7 |
| | | | 6 | | 3 | 1 | | |

### सुडोकू - 78 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 6 |
| 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 2 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 5 | 2 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 8 | 9 | 5 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 8 | 1 | 5 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 मार्च,मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 08.04 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज जीवनसाथी के साथ तनाव में वृद्धि हो सकती है। परिस्थितियों को संभालने में थोड़ी कठिनाई होगी। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। नई जॉब की शुरुआत कर रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें।

**वृष:** आज आपका मन किसी कारण से अप्रसन्न हो सकता है। बिना मतलब की बातों में समय बर्बाद न करें। गले और छाती में विकार उत्पन्न हो सकते हैं। छात्र अपने भविष्य को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। मन की इच्छाओं को प्रकट करने से बचें।

**मिथुन:** आज अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। किसी गंभीर समस्या का आपको समाधान मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आपके व्यवहार की प्रशंसा होगी। अचानक आपको उच्च पद मिल सकता है। आपके मन में अच्छे विचारों का प्रभाव रहेगा।

**कर्क:** आज विदेशों से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। व्यवसाय में लक्ष्य तय समय पर प्राप्त कर लेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन सफलता मिलने के आसार हैं। प्रियजनों के साथ आनंद युक्त समय बिताएंगे। घर में नजदीकी सम्बन्धियों का आगमन होगा।

**सिंह:** आज अपनी गलतियों की जिम्मेदारी स्वयं लें दूसरों पर न लादें। बच्चे रचनात्मक कार्यों में रुचि ले सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। व्यवसाय में लाभ के अवसर चूक सकते हैं। क्रोध और आवेग से आपको बचना चाहिए।

**कन्या:** आज अपने खर्चों का हिसाब रखें। मानसिक रूप से संतुष्ट रहेंगे। अनावश्यक बातों में समय नष्ट न करें। व्यापार में जबरदस्त गति होने की संभावना है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को परेशानी हो सकती है।

**तुला:** आज पूरा दिन काफी अच्छा व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक:** आज पैतृक संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। आपकी छोटी-छोटी गलतियों को लोग बढ़ा-चढ़ाकर दिखा सकते हैं। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलने की संभावना है। आपका ध्यान व्यर्थ गतिविधियों में जा सकता है।


**धनु:** आज रुक-रुक कर आपके सभी काम पूर्ण हो जाएंगे। नई योजनाओं में धन निवेश कर सकते हैं। घर के सदस्यों में आपसी तालमेल अच्छा रहेगा। प्रेमीजन के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**मकर:** आज अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास बनाए रखें। मौसम में आए परिवर्तन के कारण कफ की समस्या हो सकती है। अकड़ू व्यवहार के कारण आपको परेशानी हो सकती है। नकारात्मक वातावरण से बचने का प्रयास करें।

**कुंभ:** आज आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी के व्यवहार से आप काफी आनंदित हो सकते हैं। आपके मस्तिष्क में नवीन योजनाओं की रूपरेखा बन सकती है। सरकारी नौकरी से जुड़े लोगों के वेतन बढ़ने की संभावना है।

**मीन:** आज आशा के अनुरूप परिणाम मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। यात्राओं से लाभ प्राप्त होगा। मित्रों के सहयोग से आपके सभी काम आसानी से हो जाएंगे। कारोबार में आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। शारीरिक रूप से काफी सक्रिय रहेंगे।

## आज का पंचांग





दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मूल 16.00 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
लोहा — सुबह : 11.34
परदेसी बाबू — रात : 08.00

**Sony Pix**
सुसाइड स्क्वॉड — सुबह : 09.34
एक्वामैन — रात : 08.45

**Sony Max**
पागलपंती — सुबह : 09.00
अफवाह — रात : 07.00

**Zee Cinema**
सम्राट एंड कंपनी — सुबह : 10.30
हैक्ड — शाम : 04.30

**Colors Cineplex**
परंपरा — सुबह : 10.58
बिल्लू — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़की- जब पिता जी सो जाएंगे तो में सिक्का फेंकूंगी तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना।
लड़की सिक्का फेंकती है पर लड़का ऊपर नहीं आता।
एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का- अरे में तो सिक्का ढूंढ रहा था
लड़की- अरे पागल वो तो धागा बांध कर फेंका था वापिस खींच लिया।

पप्पू की टांग टूट गई अस्पताल गया तो देखा की वहां एक आदमी की दोनों टाँगे टूटी हैं।
पप्पू उसके पास गया और पूछा की आपकी दो पत्नियां हैं क्या?

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, मंगलवार, 5 मार्च 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

## रेटिंग एजेंसी ने 2024 के लिए भारत में वृद्धि दर 6.1 से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दी

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 के कैलेंडर साल के लिए भारत की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया था।

वर्ष 2023 में भारत के आर्थिक आंकड़े उम्मीद से कहीं बेहतर रहे हैं, जिसकी वजह से मूडीज ने वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाया है। कैलेंडर साल 2023 की चौथी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत रही है। ऐसे में पूरे 2023 के साल में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने सोमवार को कहा कि सरकार के पूंजीगत व्यय और मजबूत विनिर्माण गतिविधियों ने 2023 में वृद्धि के मोर्चे पर सार्थक नतीजे दिए हैं। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिकूल परिस्थितियां अब कम रह गई हैं, जिसकी वजह से भारत आसानी से छह से सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है। मूडीज ने अपने वैश्विक वृहद आर्थिक परिदृश्य-2024 में कहा, ''भारत की अर्थव्यवस्था ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से अधिक मजबूत आंकड़ों के कारण हमने 2024 के लिए अपना वृद्धि दर का अनुमान 6.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।'' मूडीज ने कहा कि 2025 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उच्च-आवृत्ति के संकेतकों से पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की सितंबर और दिसंबर तिमाही की मजबूत रफ्तार 2024 की मार्च तिमाही में जारी है।




### चुनाव के बाद निरंतरता की कर रहे उम्मीद: मूडीज

मूडीज ने कहा-हम आम चुनाव के बाद नीतिगत मोर्चे पर निरंतरता की उम्मीद कर रहे हैं। इसके अलावा हमारा मानना है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम जारी रहेगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हालांकि निजी औद्योगिक पूंजीगत व्यय की वृद्धि धीमी रही है, लेकिन आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण के लाभ और सरकार की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं पर निवेशकों की प्रतिक्रिया से इसमें तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024 भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे कई जी20 देशों के लिए चुनावी साल है। मूडीज ने कहा कि चुनाव का असर सीमा से आगे दिखाई देता है। मूडीज ने कहा कि इन चुनावों में जो नेता चुने जाएंगे, अगले चार से पांच साल के दौरान घरेलू और विदेशी नीतियों पर उनका प्रभाव देखने को मिलेगा।

## शेयर बाजार में तेजी नए रिकॉर्ड स्तर पर सेंसेक्स, निफ्टी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक-बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। मूडीज के 2024 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान बढ़ाये जाने के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी बनी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 66.14 अंक यानी 0.09 प्रतिशत चढ़कर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 73,872.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह एक समय 183.98 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 27.20 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ रिकॉर्ड स्तर 22,405.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह अपने अबतक के उच्चतम स्तर 22,440.90 अंक तक चला गया था।

## दिल्ली में महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 1,000 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप सरकार का 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश
- वित्त मंत्री आतिशी ने योजना की घोषणा की



दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये के परिव्यय का बजट पेश किया। अपना पहला बजट पेश करते हुए आतिशी ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना' की घोषणा की, जिसके तहत 18 वर्ष और इससे अधिक आयु की सभी महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये दिए जाएंगे।

आतिशी ने अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित है। आम चुनाव से पहले राज्य विधानसभा में पेश किए गए बजट में उन्होंने 'बिजनेस ब्लास्टर्स' योजना का विस्तार विश्वविद्यालयों और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) तक करने की घोषणा की। अभी तक यह योजना स्कूलों में लागू की जा रही थी। पिछले साल सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे और जी20 की तैयारियों के तहत नौ योजनाओं की घोषणा की थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 65,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,600-48,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,350 |
| चांदी पक्की | 721 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,600 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन पर आरबीआई की रोक

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड पर सोने के बदले कर्ज की मंजूरी या वितरण पर सोमवार को तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सोना गिरवी रखकर कर्ज देने के मामले में कुछ चिंताएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया गया।

हालांकि, आरबीआई ने एक बयान में कहा कि आईआईएफएल फाइनेंस सामान्य संग्रह और वसूली प्रक्रियाओं के माध्यम से अपने मौजूदा स्वर्ण ऋण कारोबार को जारी रख सकता है। बयान के मुताबिक, आरबीआई ने आईआईएफएल फाइनेंस लि. को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से स्वर्ण कर्ज को मंजूरी देने या वितरित करने या अपने किसी भी गोल्ड लोन को असाइन/प्रतिभूतिकरण या बिक्री करना करना बंद करे। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक आईआईएफएल की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में कंपनी का निरीक्षण किया गया था। केंद्रीय बैंक ने कहा-कंपनी के स्वर्ण ऋण पोर्टफोलियो में निगरानी स्तर पर कुछ चिंताएं पाई गईं। इनमें कर्ज की मंजूरी के समय और चूक पर नीलामी के समय सोने की शुद्धता और शुद्ध वजन की जांच और सत्यापन के मामले में खामियां शामिल हैं।

## अब तक चीनी उत्पादन मामूली घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन पर

**नई दिल्ली।** उद्योग संगठन इस्मा ने कहा कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक देश का चीनी उत्पादन 1.19 प्रतिशत घटकर दो करोड़ 55.3 लाख टन रहा। एक साल पहले की समान अवधि में फरवरी तक चीनी का उत्पादन दो करोड़ 58.4 लाख टन हुआ था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितम्बर तक चलता है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू 2023-24 विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर तीन करोड़ 30.5 लाख टन होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वर्ष में तीन करोड़ 66.2 लाख टन था।

## बेहतर सेवाओं के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीतारमण ने जीएसटी में खामियां दूर करने के लिए दी सलाह



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों से प्रणालीगत खामियां दूर करने और बेहतर करदाता सेवाएं देने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने को कहा। सीतारमण ने यहां राज्य और केंद्रीय जीएसटी संरचनाओं के प्रवर्तन प्रमुखों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि व्यापक राष्ट्रीय हित में राज्यों के बीच निर्बाध समन्वय की जरूरत है। उन्होंने उभरती सर्वोत्तम गतिविधियों को साझा करने की भी वकालत की।

बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक-वित्त मंत्री ने सभी जीएसटी संरचनाओं से अपनी खामियों को दूर करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के साथ बेहतर करदाता सेवाएं प्रदान करने का भी आग्रह किया।" सीतारमण ने जीएसटी अधिकारियों से हितधारकों के साथ जुड़कर उनकी चिंताओं को समझने, कर अनुपालन बढ़ाने, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और कर प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं कुशल बनाने की दिशा में मिलकर काम करने के लिए भी कहा। उन्होंने केंद्र और राज्यों के जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों के बीच नियमित रूप से ऐसी बैठकें आयोजित करने और बाधाओं पर चर्चा करने, सफल रणनीतियों का आदान-प्रदान करने के लिए इस मंच का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया। इस बैठक में राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने जीएसटी प्रणाली की सफलता सुनिश्चित करने में प्रवर्तन की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में गोली चल जाने से एक जवान की गई जान

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण सीमा रेखा (एलओसी) के पास भारतीय सेना के एक जवान की दुर्घटनावश उसकी सर्विस राइफल से गोली चल जाने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लांस नायक बलवीर सिंह घुसपैठ रोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) के पास तैनात थे। नौशेरा सेक्टर में उनकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल जाने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने कहा कि सेना के जवान की मौके पर ही मौत हो गई।

### अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस आयुक्त (सीपी) गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने सोमवार को कहा कि गिरफ्तार ड्रग तस्कर की पहचान जसबीर सिंह उर्फ मल्ल निवासी गांव खैला कलां, लोपोके, अमृतसर ग्रामीण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूचना के आधार पर उपायुक्त (विवेचना) हरप्रीत सिंह मंडेर ने पुलिस पार्टी के साथ एक विशेष अभियान चलाया था।

# मोदी सरकार ने नौकरी के अवसर खत्म किए


## मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान राहुल गांधी ने लगाया आरोप

शिवपुरी/गुना (मप्र), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया।

मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, ''देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे।

उन्होंने आरोप लगाया-जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मध्य प्रदेश के गुना जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक नवविवाहित जोड़े के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। ● एजेंसी

### नौकरी के 'बंद द्वार' खोलेगा 'इंडिया'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को भाजपा पर संविदा व्यवस्था को लगातार बढ़ावा देने का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) युवाओं के लिए ''नौकरी के बंद द्वार'' खोलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए ठोस योजना तैयार की गई है।

## ईडी ने फेमा जांच में निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रमुख रियल्टी कंपनी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तक निरंजन हीरानंदानी से पूछताछ की है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि 73 वर्षीय रियल एस्टेट कारोबारी ने मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए संघीय जांच एजेंसी को कुछ दस्तावेज सौंपे हैं। निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत चल रही जांच के तहत ईडी ने उन्हें यहां अपने कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था। दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले महीने मुंबई और उसके आसपास समूह के लगभग चार परिसरों की तलाशी ली थी।

## 50 लाख रुपये मुआवजे की याचिका पर अधिकारियों से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

### आवारा कुत्ते के हमले का मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पिछले माह कुत्तों के एक झुंड का शिकार हुई डेढ़ वर्षीया बच्ची के पिता की 50 लाख रुपये के मुआवजे संबंधी याचिका पर सोमवार को अधिकारियों का रुख जानना चाहा। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि आवारा कुत्ते खतरा बनते जा रहे हैं।

राष्ट्रीय राजधानी के तुगलक लेन इलाके में धोबी घाट स्थित अपने घर के बाहर बैठी डेढ़ वर्षीय बच्ची पर चार-पांच कुत्तों ने हमला कर दिया था, जिससे उसकी मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के साथ-साथ दिल्ली सरकार तथा पुलिस को नोटिस जारी किए और यह सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों के संबंध में उनसे स्थिति रिपोर्ट मांगी कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। अदालत ने कहा-समस्या यह है कि लोग वाहनों में आ रहे हैं और कुत्तों को खाना खिला रहे हैं। इसकी वजह से कुत्ते बहुत अधिक स्थानीय हो गए हैं और वे किसी पर भी हमला कर देते हैं। वे पैदल यात्रियों के लिए खतरा बन रहे हैं।अदालत ने कहा-आवारा जानवरों को खाना खिलाना अच्छी बात हो सकती है, लेकिन खुद खाना ढूंढने की उनकी क्षमता आप छीन रहे हैं। उनके पास करने के लिए कुछ और नहीं है। याचिकाकर्ता राहुल कनौजिया के वकील ने कहा कि मौजूदा मामले में बच्चों के पार्क में कुत्तों को खाना खिलाया जा रहा है, जिससे बच्चों को खतरा है।

## जयपुर में भवन निर्माण के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत

**जयपुर।** जयपुर के रामनगरिया थाना क्षेत्र में सोमवार को एक भवन के निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी ढहने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि जगतपुरा क्षेत्र में एक भवन के निर्माण के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान झारखंड के रहने वाले राजजन्म सिंह(35), प्रेम सिंह (30) और बिहार निवासी इरशाद आलम (23) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि रामजन्म सिंह की मौके पर ही जबकि दो अन्य मजदूरों की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

## दो और अफसर गिरफ्तार, दो करोड़ से अधिक कैश बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

### एनएचएआई रिश्वत रैकेट

सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट के भंडाफोड़ से संबंधित मामले में मध्य प्रदेश में कार्यरत एक उप महाप्रबंधक समेत एनएचएआई के दो और अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। अब गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या बढ़कर आठ हो गई है।

भोपाल में परियोजना निदेशक का प्रभार संभाल रहे उप महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार गुप्ता और विदिशा में परियोजना निदेशक के रूप में कार्यरत हेमंत कुमार को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों और भोपाल स्थित बंसल कंस्ट्रक्शन वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े रिश्वतखोरी रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए नागपुर में तैनात एनएचएआई के महाप्रबंधक और परियोजना निदेशक अरविंद काले और एमपी के हरदा में तैनात उप महाप्रबंधक ब्रिजेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने कहा कि कुल बरामदगी बढ़कर दो करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

## ईडी पर हमला : उच्च न्यायालय ने जांच संबंधी याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख के परिसरों पर छापेमारी करने गए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों पर हमले की जांच राज्य पुलिस से केंदीय अन्वेषण ब्यूरो को हस्तांतरित करने संबंधी ईडी की याचिका पर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने ईडी, राज्य सरकार और केंदीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# टीएमसी नेता तापस रॉय ने दिया इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया। इससे पहले उन्होंने पार्टी के प्रति अपनी गहरी निराशा व्यक्त की और पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी पर ''बुरे वक्त'' में उनका साथ छोड़ने का आरोप लगाया। रॉय के इस्तीफे के बाद इस तरह के कयास लगाए जा रहे हैं कि रॉय भाजपा में शामिल होंगे या किसी विपक्षी दल का दामन थामेंगे।

### गुजरात: कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

**अहमदाबाद।** लोकसभा चुनावों से पहले विपक्षी दल कांग्रेस की गुजरात इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने सोमवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और वह मंगलवार को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होंगे। उनके इस्तीफे की घोषणा से ठीक पहले, प्रदेश कांग्रेस प्रमुख शक्तिसिंह गोहिल ने संवाददाताओं से कहा कि रविवार रात हुई एक बैठक के दौरान पार्टी की अनुशासनात्मक समिति ने डेर को पार्टी के सभी पदों और कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निलंबित कर दिया। गोहिल ने कहा कि पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई। गोहिल के इस बयान से पहले, भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख सी आर पाटिल के पूर्व विधायक डेर के घर जाने की फुटेज स्थानीय टेलीविजन चैनलों पर प्रसारित की गई। कांग्रेस की कार्रवाई की गोहिल द्वारा घोषणा किये जाने के कुछ ही मिनट के भीतर, डेर ने अपने आवास पर संवाददाता सम्मेलन बुलाया और कहा कि पता ही नहीं चला कि उन्हें कब पार्टी ने निलंबित कर दिया।

## कंटेनर से टकराई कार एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**वड़ोदरा।** गुजरात के वड़ोदरा शहर के पास राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से एक कार टकरा गई, जिससे उसमें सवार दो दंपतियों और एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। कपूराई पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात हुई जब एक ही परिवार के दो पुरुष, अपनी पत्नियों और दो बच्चों के साथ कार में वड़ोदरा जिले के कर्जन तालुका से वापस आ रहे थे। उन्होंने बताया कि कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि दो दंपतियों और एक साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 साल का दूसरा बच्चा घायल हो गया।

# महुआ मोइत्रा की अंतरिम याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया

दिल्ली उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की ओर से दायर एक अंतरिम याचिका सोमवार को खारिज कर दी जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहाद्रई को उनके खिलाफ कोई भी "फर्जी और अपमानजनक" सामग्री पोस्ट करने या प्रसारित करने से रोकने का अनुरोध किया गया था। मोइत्रा को हाल ही में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने आदेश सुनाते हुए कहा, ''मैंने रोक के अनुरोध वाली याचिका खारिज कर दी है।'' उच्च न्यायालय ने 20 दिसंबर, 2023 को मोइत्रा, दुबे और देहाद्रई के वकील की दलीलें सुनने के बाद अंतरिम याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था। मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था, वह पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर से सांसद थीं। मोइत्रा ने पिछले साल अक्टूबर में दायर अपनी याचिका में दुबे, वकील देहाद्रई, सोशल मीडिया मंच 'एक्स', गूगल, यूट्यूब और 15 मीडिया संस्थानों को उनके खिलाफ अपमानजनक और दुर्भावनापूर्ण बयानों के प्रकाशन, प्रसारण से स्थायी रूप से रोके जाने का अनुरोध किया है।



### फेमा मामले में टीएमसी नेता को नया समन जारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस की नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा उल्लंघन मामले में नया समन जारी कर 11 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा (49) ने पिछले महीने एजेंसी को एक पत्र भेजकर पेश होने में असमर्थता जताई थी और पूछताछ का सामना करने के लिए कुछ सप्ताह का समय मांगा था।

## इनेलो नेता के दो हत्यारोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के नेता नफे सिंह राठी की हत्या के मामले में गोवा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। इनेलो की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष राठी और पार्टी कार्यकर्ता जयकिशन की 25 फरवरी को झज्जर के बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों ने उनके वाहन पर गोलीबारी कर हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने बताया कि आशीष और सौरभ को हरियाणा पुलिस के विशेष कार्य बल, जिला पुलिस और दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ के संयुक्त अभियान में गोवा से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को गोवा से दिल्ली लाया गया और फिर झज्जर ले जाया गया।



स्मृति मंधाना

80 रन

50 गेंद

10 चौके

3 छक्के

# मंधाना और पैरी के अर्धशतकों के दम पर आरसीबी ने यूपी वारियर्स को हराया

## बेंगलुरु की टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर बनाए 193 रन, यूपी वारियर्स को 23 रन से दी मात

बेंगलुरु, एजेंसी

कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला एलिसे पैरी के अर्धशतकों से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने महिला प्रीमियर लीग के मैच में सोमवार को यूपी वारियर्स को 23 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर आरसीबी ने 3 विकेट पर 193 रन बनाए। पैरी ने 37 गेंद में 4 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। मंधाना और पैरी ने दूसरे विकेट के लिए 64 गेंद में 95 रन की साझेदारी की। जवाब में यूपी वारियर्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 175 रन ही बना सकी। कप्तान एलिसा हीली (38 गेंद में 55 रन) को छोड़कर यूपी की कोई बल्लेबाज टिक नहीं सकी। यह डब्ल्यूपीएल के बेंगलुरु चरण का आखिरी मैच था और अब मैच मंगलवार से दिल्ली में होंगे।

वारियर्स की शुरुआत शानदार रही और उसने 4.2 ओवर में ही 47 रन बनाए। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहला ओवर मेडन डाला, लेकिन हीली और किरण नवगिरे ने आक्रामक बल्लेबाजी की। हीली ने तेज गेंदबाज सोफी डेवाइन को दूसरे ओवर में 2 छक्के जड़े और रेणुका के अगले ओवर में दोनों ने 24 रन निकाले। डेवाइन ने नवगिरे को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा और रनगति पर अंकुश लगाया। यूपी ने चामरी अटापट्टू (8), ग्रेस हैरिस (5) और श्वेता सहरावत (1) के विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू ने हीली को आउट करके यूपी की उम्मीदें खत्म कर दी। इससे पहले दो मैच हारने के बाद आरसीबी ने सोफी डेवाइन की जगह एस मेघना से पारी की शुहरुआत कराई। मेघना और मंधाना ने 5.3 ओवर में 51 रन जोड़कर आरसीबी को मजबूत शुरुआत दी। आरसीबी ने पावरप्ले में 1 विकेट पर 57 रन बनाए। मंधाना ने 50 गेंद में 10 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। मंधाना ने 28 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए आफ स्पिनर चामरी अटापट्टू और बाएं हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवनी की धुनाई की। आफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने उन्हें पवेलियन भेजा और डीप मिडविकेट में पूनम खेमनार ने कैच लपका। बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ को लगातार 2 छक्के लगाने वाली पैरी और रिचा घोष ने तीसरे विकेट के लिए 18 गेंद में 42 रन जोड़े। यूपी वारियर्स की वृंदा दिनेश कंधे की चोट के कारण डब्ल्यूपीएल के बाकी मैचों से बाहर हो गई। उन्हें 28 फरवरी को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान चोट लगी थी। यूपी टीम ने विकेटकीपर बल्लेबाज उमा छेत्री को विकल्प के तौर पर दस लाख रुपए की बेसप्राइज पर लिया। आरसीबी ने चोटिल श्रेयांका पाटिल की जगह अनुभवी एकता बिष्ट को उतारा।



### विमेंस प्रीमियर लीग

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.251 |
| मुंबई | 4 | 3 | 1 | 6 | 0 .402 |
| बेंगलुरु | 5 | 3 | 2 | 6 | 0 .242 |
| यूपी | 5 | 2 | 3 | 4 | -0 .073 |
| गुजरात | 4 | 0 | 4 | 0 | -1.804 |

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** 198/3, स्मृति मंधाना 80, एलिस पेरी 58, एस मेघना 28, ऋचा घोष 21* । **विकेट :** अंजली सरवानी 1, दीप्ति शर्मा 1, सोफी एकल्सटन 1

**यूपी वॉरियर्स :** 175/8, अलिसा हीली 55, दीप्ति शर्मा 33, पूनम खेमनार 31, किरण नवगिरे 18 । **विकेट :** सोफी डिवाइन 2, सोफी मोलिन्यू 2, जॉर्जिया वेयरहम 2, सोभना आशा 2

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष-महिला टेबल टेनिस टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीम ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के आधार पर पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। बुसान में विश्व टीम चैंपियनशिप पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट थी और समापन के बाद टीम स्पर्धाओं में 7 स्थान बचे थे और टीमों को उनकी रैंकिंग से चुना गया। आईआईटीएफ ने कहा कि शीर्ष रैंकिंग की जो टीम क्वालीफाई नहीं कर सकीं, उन्होंने पेरिस 2024 के लिए अपना टिकट हासिल कर लिया। महिलाओं की स्पर्धा में भारत 13वीं रैंकिंग पर था, उसने पोलैंड (12), स्वीडन (15) और थाईलैंड के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। पुरुष टीम स्पर्धा में क्रोएशिया (12), भारत (15) और स्लोवेनिया (11) ने टिकट कटाया। भारत के अनुभवी खिलाड़ी शरत कमल ने ट्वीट किया कि भारत ने ओलंपिक के लिए टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ओलंपिक में पांचवीं बार खेलने के बावजूद यह बहुत विशेष है।

### सेबेस्टियन ने एलेजांद्रो को हराकर जीता खिताब

**सैंटियागो, एजेंसी।** अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 स्पर्धा और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब जीता।

**चिली ओपन**

रविवार को चीली ओपन फाइनल मुकाबले में एलेजांद्रो टेबिलो ने तेज शुरुआत करते हुए पहला सेट अपने नाम किया। इसके बाद सेबेस्टियन बेज ने शानदार वापसी करते हुए लगातार दो सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया। सेबेस्टियन बेज ने इससे पहले रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 जीत दर्ज की थी। बेज ने कहा कि मेरे मन में कई भावनाएं हैं। मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। मुकाबला बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे। मैच उतार-चढ़ाव रहा।

### कॉनवे का आईपीएल से बाहर होना तय

**वेलिंगटन, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट से आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे उनका आईपीएल से बाहर होना तय है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी-20 श्रृंखला के दौरान कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी, जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने कहा कि कॉनवे के अंगूठे के जोड़ में हल्का फ्रैक्चर है और वह इस सप्ताह ऑपरेशन करवाएंगे। उनके आठ सप्ताह में फिट होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कॉनवे को 2022 की नीलामी में करोड़ों रुपए में खरीदा था। कॉनवे ने आईपीएल में 23 मैच में 924 रन बनाए हैं।

# मुंबई फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

## रणजी ट्राफी : शार्दुल की 109 रन की पारी और 4 विकेट लेने से मुंबई को मिली जीत

मुंबई, एजेंसी

शार्दुल ठाकुर के प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैंपियन मुंबई ने सोमवार को तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से हराकर रणजी के फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे दिन 109 रन की पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया। मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिक सके और तमिलनाडु अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन इससे काम नहीं चलने वाला था। मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर 2 विकेट और 16 रन देकर 2 विकेट) की भूमिका अहम रही, जिन्होंने दूसरे दिन पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में 7 विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलाई थी। तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के 2 विकेट झटक लिए, जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक 3 विकेट ले लिए थे। बीसाई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया, लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया।



ठाकुर ने नई गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया। मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर 9 चौके की मदद से 70 रन बना लिए थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे। मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर 2 विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर 4 विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे 6 विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलाई। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गई। सुंदर ने तुषार देशपांडे (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

# सनराइजर्स के तीन साल में चौथे कप्तान बने कमिंस

हैदराबाद, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद का नेतृत्व करेंगे। वह तीन साल में सनराइजर्स की कप्तानी संभालने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स ने पिछले साल दिसंबर में हुई आईपीएल नीलामी में इस तेज गेंदबाज को 20.50 करोड में खरीदा था। वह नीलामी में सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर हैं। कमिंस द. अफ्रीका के एडेन मार्कराम की जगह लेंगे जिन्होंने 2023 में टीम की अगुआई की थी। सनराइजर्स ने कमिंस की तस्वीर के साथ सोशल मीडिया पर लिखा कि हमारे नए कप्तान पैट कमिंस। सनराइजर्स 2023 के सत्र में मार्कराम की कप्तानी में अंतिम स्थान पर थी। टीम तब 14 मैच में चार जीत सकी थी। मार्कराम की कप्तानी में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 का खिताब जीता था, लेकिन वह आईपीएल में कप्तानी बरकरार नहीं रख सके। हालांकि वह टीम का हिस्सा रहेंगे। सनराइजर्स में कप्तान बदलने की शुरुआत 2021 में तब हुई जब ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को सत्र के बीच में कप्तानी से हटाया गया था। सनराइजर्स ने वार्नर की कप्तानी में 2016 में आईपीएल का खिताब जीता था। वार्नर की जगह न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को कप्तान बनाया गया लेकिन टीम आठवें स्थान पर रही और उन्हें 'रिलीज' कर दिया गया था।



### तेज गेंदबाजी के कोच बनाए गए फ्रैंकलिन

**हैदराबाद।** सनराइजर्स ने आईपीएल के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन को तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। फ्रैंकलिन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन की जगह ली जिन्होंने फ्रेंचाइजी से व्यक्तिगत कारणों से ब्रेक देने का अनुरोध किया था। सनराइजर्स ने अपने सोशल मीडिया मंच पर घोषणा की कि डेल स्टेन सत्र में टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे जिससे इस सत्र में तेज गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी जेम्स फ्रैंकलिन को दी गयी है। जेम्स आपका स्वागत है।

# कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी : साक्षी

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं। पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ के चुनाव में अध्यक्ष चुनने के बाद साक्षी ने प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। वह बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी मांग बृजभूषण को हटाने और गिरफ्तार की थी। साक्षी ने 'मी टू' के प्रभाव पर पैनल चर्चा में कहा कि हम तरीके से इस प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं इसलिए मैं कुश्ती जारी नहीं रख पाऊंगी।

### कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई चुनाव के खिलाफ याचिका पर महासंघ से मांगा जवाब

दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर केंद्र और भारतीय कुश्ती महासंघ से जवाब मांगा है। पहलवानों ने दिसंबर 2023 में हुए महासंघ के चुनावों को अवैध घोषित करने की मांग की है। जस्टिस सचिन दत्ता ने केंद्र, डब्ल्यूएफआई और उसकी तदर्थ समिति को नोटिस जारी किए हैं। केंद्र सरकार के वकील अनिल सोनी को मामले में निर्देश के लिए समय दिया है। अगली सुनवाई 7 मार्च को होगी।

# अश्विन आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते हैं: रूट



बेंगलुरु, एजेंसी

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आक्रामक मानसिकता, विविधता और विकेट लेने के प्रयासों से प्रभावित हैं उनका मानना है कि वह प्रतिद्वंद्वी को थकाने की सोच में विश्वास नहीं करते और हर समय खतरा बने रहते हैं। अश्विन ने हाल में 500 विकेट लेने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में 100वां टेस्ट खेलेंगे।




रूट ने कहा कि अश्विन हमेशा आपको आउट करने के तरीके ढूंढने की कोशिश करते रहते हैं। अश्विन के पास गेंदबाजी में इतनी विविधता है कि बल्लेबाज उनकी गेंदबाजी पर हमेशा अनुमान ही लगाते रहते हैं। वह पारंपरिक ऑफ स्पिनर की तुलना में क्रीज का अलग तरह से इस्तेमाल करता है। वह ओवर स्पिन, साइड स्पिन के साथ स्टंप पर कसी गेंदबाजी करता है, वह वाइड और कैरम गेंदबाजी भी करता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि इसलिए आपको उसके अलग-अलग खतरों से सतर्क रहना पड़ता है और सुनिश्चित करना पड़ता है कि आपके पास उसकी गेंदों से निपटने के लिए बहुत अच्छा बल्लेबाजी कौशल हो ताकि आप उस पर हावी हो सकें।

### नई चीजें आजमाने से हिचकिचाते नहीं अश्विन



**नई दिल्ली।** अश्विन के साथ खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर हमेशा नई चीजें आजमाने के लिए तत्पर रहता है और हमेशा खुद को बल्लेबाजों से एक कदम आगे रखता है। पुजारा ने लिखा कि अश्विन के लिए बल्लेबाजों को पढ़ना हमेशा अहम हिस्सा रहा है। वह हमेशा एक कदम आगे रहता है, वह छोटी से छोटी चीज पर भी सतर्क रहता है। वह बल्लेबाज की हरकतों को देखता रहता है, उसके लिए कोई जानकारी छोटी नहीं है। वह प्रत्येक गेंद के लिए काफी प्रयास करता है। 500 टेस्ट विकेट लेने के बाद अब वह 100 वां टेस्ट खेलने के करीब है। वह विभिन्न कारणों से यहां तक देर से पहुंचा। लेकिन मैं उसके लिए बहुत खुश हूं।



## बॉलीवुड हलचल

# ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर हुआ रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म में सारा अली खान की मुख्य भूमिका है। इसकी कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इस फिल्म में सारा उस जाबांज महिला की कहानी दिखाएंगी, जिन्होंने रेडियो से अंग्रेजों की हालत खराब कर दी थी। ट्रेलर में सारा को स्वतंत्रता की आखिरी लड़ाई लड़ने के लिए 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ अंडरग्राउंड स्टेशन शुरू करते और इसी के जरिए अंग्रेजों के छक्के छुड़ाते देखा जा सकता है। इसमें सारा अली खान, उषा मेहता के रोल में नजर आएंगी।

### शुभी की फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर जारी

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री शुभी शर्मा की आने वाली फिल्म जय वट सावित्री मैय्या का ट्रेलर रिलीज हो गया है। जय मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म जय वट सावित्री मैय्या में शुभी शर्मा ने वट सावित्री मां का किरदार निभाया है।जेएएस मोशन पिक्चर्स के बैनर से निर्मित फिल्म जय वट सावित्री मैय्या के निर्माता अपूर्व मेड़तिया, अंशुमन सिंह और मोनिका सिंह हैं, जबकि निर्देशक संजय श्रीवास्तव और कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म जय वट सावित्री मैय्या को लेकर शुभी शर्मा ने कहा कि फिल्म बेहद खूबसूरत है और इस फिल्म में मेरा किरदार शानदार है। इसके लिए मैं फिल्म के निर्माताओं का आभार व्यक्त करती हूं। वैसे फिल्म के ट्रेलर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म कितनी भव्य है और यह किस लेवल की बनी है। इस फिल्म मां वट सावित्री की महिमा का भी बखान है। मां अपने भक्तों की सारी मनोकामना है। इस फिल्म के जरिए उनकी महिमा को अलग ढ़ंग से प्रस्तुत किया गया है।



# 'पंख' में मुख्य भूमिका में माही, श्वेता, आयशा

**मुंबई, एजेंसी।** वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी की भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है। पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) मुख्य भूमिका में हैं। जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो दो वक्त की रोटी के लिए जूझ रहे हैं, जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है और महत्वाकांक्षी है। वही रोहित सिंह (मटरू) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें हैं। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी मजबूरी और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। विदेश में इनको क्या काम करना पड़ता है और किन परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है, जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म में आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा। संजय पांडे ने कहा कि ये फिल्म मेरे दिल के करीब है क्योंकि इसका किरदार शानदार है जो अपने लिए नही अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। माही श्रीवास्तव ने कहा कि पंख जैसी फिल्म में योगदान का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर बहुत पसंद आने वाला है। निर्देशक पराग पाटिल ने कहा कि हमने फ़िल्म को देश से लेकर विदेश तक फिल्माया है। पंख में संजय पांडे, श्वेता महरा, माही श्रीवास्तव, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह मटरू, सुबोध सेठ, संजीव मिश्रा, यादविंदर यादव, श्वेता वर्मा, विजया सिंह, शिखा चौबे, अवनी गिरी, रानी जयसवाल, अखिलेश शुक्ला, अमरेश आनंद त्रिपथ, जुबैर शाह, योगेश पांडे, राजेश गिरी हैं।



# चांदनी की फिल्म हम नहीं सुधरेंगे हुई पूरी

**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री चांदनी सिंह की आने वाली फिल्म हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो गयी है। भोजपुरी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे में भोजपुरी फ़िल्म जगत के कई सारे हास्य कलाकार इकट्ठे नज़र आने वाले हैं, जहां वे सब के सब अपने अपने तरीके से चांदनी सिंह को परेशान करते नजर आने वाले हैं। हम नहीं सुधरेंगे की शूटिंग पूरी हो चुकी है ,फ़िल्म का पोस्ट प्रोडक्शन भी अपने अंतिम चरण में है।इस फ़िल्म की शूटिंग उत्तरप्रदेश के गोरखपुर और आसपास के इलाकों में की गई है।

फ़िल्म निर्माता आनन्द रूंगटा के रूंगटा फ़िल्म प्रोडक्शन्स के बैनर तले बनी फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे का निर्देशन सुनील मांझी ने किया है।इस फ़िल्म के लेखक पिंकू दुबे हैं। फ़िल्म हम नही सुधरेंगे के गीत प्यारे लाल यादव, धरम हिंदुस्थानी एवं संदीप साजन ने लिखे हैं, जिसका संगीत निर्देशन मधुकर आनन्द एवं ओम झा ने किया है। फ़िल्म हम नहीं सुधरेंगे के नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता हैं, छायांकन सरफराज खान ने किया है। इस फ़िल्म में चांदनी सिंह, संजय पांडे, लोटा तिवारी, मनोज टाईगर, केके गोस्वामी, माया, मधु, महेश आचार्य, प्रकाश जैश, संजय वर्मा, आनंद मोहन , सीपी भट्ट, कुअर सुधीर सिंह , क्रिश भैया ,वीआईवी विजेंद्र, सन्तोष श्रीवास्तव, गजेंद्र एवं प्रमोद चोखानी की अहम भूमिका है।



### अंकुश का होली स्पेशल 'आहि रे दिदिया' रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** अंकुश राजा का होली स्पेशल गाना आहि रे दिदिया रिलीज हो गया है। आहि रे दिदिया गाने को अंकुश राजा ने शिल्पी राज के साथ मिलकर गया है।गाना आहि रे दिदिया अन्नपूर्णा फिल्म के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर अंकुश राजा ने कहा कि होली बिना संगीत कैसे हो सकता है। इसलिए हम इस बार होली को और खास बनाने के लिए एक से बढ़कर एक गाने लेकर आ रहे हैं उसी क्रम में यह भी खाना है जो आपको बेहद पसंद आएगा। हम आप सबों से आग्रह करेंगे कि आप हमारे इस गाने को खूब प्यार और आशीर्वाद दें। इसके साथ होली के रंग को हमारे इस गाने के साथ और रंगीन बनाएं उम्मीद करता हूं कि हमारे गाने आपकी भोजपुरी होली को यादगार बनाने के लिए सक्षम है। गाना आहि रे दिदिया के गीतकार अखिलेश कश्यप, दीपक मतलबी और संगीत निर्देशक आर्य शर्मा हैं। संगीतकार शुभम तिवारी हैं। वीडियो निर्देशक आशीष सत्यार्थी हैं। निर्माता अखिलेश कश्यप हैं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## एक नजर

### अमेरिकी सेना में एआई लड़ाकू विमान शामिल करने की मांग

**वाशिंगटन।** अमेरिकी वायु सेना ने अगले पांच वर्षों में एक हजार मानव रहित छोटे लड़ाकू विमान को सेवा में शामिल करने की मांग की है। जिनमें से कई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों की बदौलत स्वायत्त रूप से संचालित हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट ने कहा कि ऐसे मानवरहित लड़ाकू विमानों को एफ-35 लड़ाकू विमानों या बी-21 बमवर्षकों सहित मानवयुक्त विमानों का साथ देने और उनकी सुरक्षा करने के लिए डिजाइन किया जाएगा। अन्य विमानों और जमीनी ठिकानों पर हमला करने के लिए अपने हथियार ले जाने में भी सक्षम होंगे और उनका इस्तेमाल टोही विमान और संचार केंद्र के रूप में भी किया जाएगा।

### ईरानः चुनाव में कट्टरपंथियों का दबदबा, 11 महिलाएं भी शामिल

**दुबई।** ईरान में हुए आम चुनाव को लेकर सोमवार को नतीजे जारी किए गए। चुनाव में कट्टरपंथी राजनेताओं का दबदबा रहा। उन्होंने पकड़ बरकरार रखी है। हालांकि, अधिकारियों ने अब भी शुक्रवार को हुए मतदान के आंकड़े जारी नहीं किए हैं और न ही देरी का कोई कारण बताया। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर कम मतदाता देखे जाने के बाद मतदान का प्रतिशत कम होने की आशंका जताई गई थी। चुने गए 245 नेताओं में से 200 को चुनाव से पहले प्रकाशित मतदाता गाइडों में कट्टरपंथी समूहों द्वारा समर्थन दिया गया था। लगभग 45 सांसदों को अपेक्षाकृत उदारवादी, रूढ़िवादी या स्वतंत्र बताया गया था।

### अमेरिकाः पार्टी में गोलीबारी, 4 लोगों की मौत, 3 घायल

**किंग सिटी (अमेरिका)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने पार्टी में गोलीबारीकी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। सोमवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। रविवार शाम 6 बजे के आसपास गोलीबारी की सूचना पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। किंग सिटी पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा, किंग सिटी में तीन लोग बंदूक की गोली से घायल पाए गए, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें एक महिला भी शामिल है। मामले की जांच में जुटी है पुलिस।

### पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार, यातायात ठप

**शिमला।** हिमाचल समेत पहाड़ी हिस्सों में तीसरे दिन भी मौसम की मार रही, बारिश-हिमपात से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। सात क्षेत्रों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। सोमवार को चार नेशनल हाईवे सहित 601 सड़कें बंद रहीं जबकि 1436 बिजली ट्रांसफार्मर अभी भी ठप हैं 124 पेयजल परियोजनाएं प्रभावित हैं। भारी हिमपात के बाद मौसम साफ होते ही लाहौल-किन्नौर में 20 जगह हिमखंड गिरने की चेतावनी जारी हुई है। जम्मू संभाग में भी कई हिस्सों में भूस्खलन हुआ, लेकिन किसी हताहत की कोई सूचना नही है। स्थानीय प्रशासन ने चेतावनी जारी पहाड़ी में न जाने की हिदायत दी है।

## बेंगलुरुः रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। बता दें कि 1 मार्च को ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। घटना के मुख्य संदिग्ध का अभी तक पता नहीं चला है। इससे पहले, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने रविवार को कहा था कि जरूरत पड़ने पर सरकार रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) मामले की जांच कर रही है। बता दें, रामेश्वरम कैफे में यह धमाका शुक्रवार दोपहर 1 बजे हुआ। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध कैफे के अंदर बैग रखते हुए नजर आया है। पुलिस का मानना है कि विस्फोट को अंजाम देने के लिए टाइमर के साथ एक आईईडी डिवाइस का इस्तेमाल किया गया था। संदिग्ध हमलावर का सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विस्फोट स्थल कैफे के आस-पास पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है। अब आगे की जांच एजेंसी एनआईए करेगी।

## एक्स पर अब ऑडियो वीडियो कॉल की सुविधा



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) अब सभी यूजर्स को ऑडियो-वीडियो कॉल की सुविधा देने जा रहा है। एक्स ने पिछले साल यह सुविधा अपने प्रीमियम यूजर्स को दी थी। लेकिन अब इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। यह फीचर एक्स के डायरेक्ट मैसेज (डीएम) में है। आप कुछ खास लोगों या सभी को कॉल करने की अनुमति दे सकते हैं...आइए जानते हैं इसके बारे में।

### फीचर कैसे करें एक्टिवेट

इसके लिए सेटिंग्स और सपोर्ट पर जाएं। फिर सेटिंग्स और प्राइवेसी, इसके बाद प्राइवेसी और सेफ्टी फिर डायरेक्ट मैसेज (डीएम) पर जाएं। वहां आपको 'ऑडियो और वीडियो कॉल की अनुमति दें' का विकल्प दिखेगा। यदि आप कॉल लेना चाहते हैं, तो वे सामान्य कॉल की तरह आएंगे। लॉक स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम (या उनके द्वारा एक्स को दिया गया नाम) दिखाई देगा।

### कॉल करने का प्रोसेस

- इनबॉक्स आइकन टैप करें। आप मैसेजेज पर डायरेक्ट हो जाएंगे।
- मौजूदा डीएम कन्वर्सेशन पर टैप करें या न्यू कन्वर्सेशन शुरू करें।
- ऑडियो या वीडियो कॉल शुरू करने के लिए फोन आइकन टैप करें।
- अब ऑडियो कॉल शुरू करने के लिए ऑडियो कॉल पर टैप करें।
- वीडियो कॉल शुरू करने के लिए वीडियो कॉल पर टैप करें।
- जिस अकाउंट पर आप कॉल करेंगे उसे एक नोटिफिकेशन मिलेगा।

### कैसे करें मैनेज

ऑडियो कॉल के दौरान कॉल को स्पीकर पर रखने के लिए ऑडियो आइकन पर टैप करना होगा। वहीं माइक्रोफोन आइकन टैप करके अपने माइक्रोफोन को म्यूट या अनम्यूट कर सकता हैं। कॉल के दौरान आप फ्लिप कैमरा आइकन पर टैप करके फ्रंट या बैक कैमरे के बीच स्विच कर सकते हैं। स्पीकर बंद करने के लिए ऑडियो आइकन टैप करना होगा। कैमरा आइकन टैप करने से कैमरा बंद हो जाएगा।

### इंस्टाग्राम बताएगा कहां हैं आपके दोस्त



इंस्टाग्राम फ्रेंड मैप फीचर लाने वाला है। इससे आप जान सकेंगे कि आपके दोस्त कहां हैं। आप यह चुन पाएंगे कि आपके कौन से दोस्त आपकी लोकेशन देख सकेंगे और जब आप अपनी लोकेशन छिपाना चाहते हैं, तो 'घोस्ट मोड' में जा सकेंगे। आपकी लोकेशन एंड-टू- एंड एन्क्रिप्टेड होगी। इसमें मैप पर ही नोट्स छोड़ने को सुविधा भी होगी। हालांकि, यह भी जरूरी है कि यूजर्स अपनी प्राइवेसी सेटिंग्स को ध्यान से देखें और सिर्फ उन्हीं लोगों को कॉल करने या लोकेशन शेयर करने की अनुमति दें, जिन पर उन्हें भरोसा है।

## हैती में जेल तोड़कर भागे 3700 कैदी इमरजेंसी लागू

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस।** कैरेबियाई देश हैती में जेल तोड़कर कैदियों के भागने का मामला सामने आया है। रविवार को सशस्त्र गुटों ने पोर्ट-ऑ प्रिंस जेल पर हमला बोला था। हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और 3700 कैदी जेल से फरार हो गए हैं।

हैती सरकार ने इस घटना को देखते हुए 72 घंटों के लिए इमरजेंसी लगाने का एलान किया है। वर्ष 2020 के बाद से देश में सशस्त्र गुटों के बीच हुई हिंसक झड़पों में हजारों लोग मारे गए हैं। इन गुट के नेताओं का कहना है कि वे प्रधानमंत्री एरियल हेनरी का इस्तीफा चाहते हैं। गुटों का दावा है कि उन्होंने पोर्ट-ऑ-प्रिंस के 80 प्रतिशत इलाके पर कब्जा कर लिया है। हैती में ताजा हिंसा बीते गुरुवार को तब हुई, जब प्रधानमंत्री ने नैरोबी का दौरा किया। उन्होंने केन्या की मल्टीनेशनल फोर्स को हैती भेजने की चर्चा की।

# आर्थिक व सुरक्षा चुनौतियों के बीच शहबाज ने संभाली सत्ता की कमान

### 24वें प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ, समारोह में शामिल हुए सेना प्रमुख

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ ने 24वें प्रधानमंत्री तौर पर बागडोर संभाल ली है, लेकिन उनकी राह आसान नहीं है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के अलावा गठबंधन और पाकिस्तानी सेना के साथ तालमेल बिठाना बड़ी चुनौती है। यह उनका प्रधानमंत्री के तौर पर दूसरा कार्यकाल है। देश के सामने आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों के बीच 2022 के बाद वह दूसरी बार देश की बागडोर संभाली। राष्ट्रपति आरिफ अल्वी दोपहर में राष्ट्रपति आवास पर आयोजित एक समारोह में शहबाज शरीफ को शपथ दिलाई।

यह शपथ ग्रहण समारोह पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच गठबंधन सरकार बनाने के लिए सत्ता-साझाकरण समझौते पर सहमति बनने के कुछ दिनों बाद हो रहा है। पिछले महीने आम चुनाव कराने के लिए संसद भंग होने से पहले शहबाज ने अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया था। शपथ ग्रहण समारोह में पाकिस्तान सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर, सभी चार प्रांतों के मुख्यमंत्रियों और राज्यपालों के शामिल हुए। रविवार को विपक्ष की नारेबाजी के बीच शहबाज ने नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल कर लिया। पीएमएल-एन और पीपीपी के सर्वसम्मत उम्मीदवार शहबाज को 336 सदस्यीय संसद में 201 वोट मिले।





### शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू

शहबाज सरकार के मंत्रियों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई है। कहा जा रहा है कि विदेश और वित्त मंत्रालय को संभालने वाले मंत्रियों के नाम पर अंतिम फैसला पाकिस्तानी सेना ही करेगी। मीडिया के अनुसार, पाकिस्तान में शहबाज शरीफ सरकार की सबसे बड़ी चुनौती अर्थव्यवस्था है, क्योंकि पाकिस्तान में मुद्रास्फीति 30% की रिकॉर्ड दर से बढ़ रही है और आर्थिक विकास दर लगभग स्थिर है। राजकोषीय और चालू खाते के दोहरे घाटे का संकट मंडरा रहा है। सेंट्रल बैंक की रिपोर्ट के अनुसार जून 2024 में 1.99 लाख करोड़ रुपये के विदेशी ऋण के मुकाबले पाकिस्तान में 66 हजार करोड़ रुपये रिजर्व है। पाकिस्तान को डिफॉल्ट होने से बचाने के लिए आईएमएफ के 24,900 करोड़ के राहत पैकेज की समयसीमा इस माह के अंत में खत्म होने वाली है। पाकिस्तान के इस सबसे महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो को संभालने वाला व्यक्ति अपनी पार्टी की किस्मत बना देगा या बिगाड़ देगा।

## नेपाल में टूटा सत्तारूढ़ गठबंधन, दहल बने रहेंगे प्रधानमंत्री

**काठमांडू।** नेपाल में सत्तारूढ़ गठबंधन के बीच काफी समय से दरार देखी जा रही थी। आखिरकार अब यह गठबंधन टूट गया। पूर्व वित्त मंत्री सुरेंद्र पांडे ने बताया कि देश में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) और शेख बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच सत्तारूढ़ गठबंधन टूट गया है और प्रधानमंत्री पुष्प कुमार दहल के नेतृत्व में नई गठबंधन सरकार सोमवार को शपथ लेगी।



कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी के उपाध्यक्ष पांडे ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, 'सरकार आज बदल जाएगी। नया मंत्रिमंडल बनाया जाएगा। आज कम संख्या में मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। पीएम सचिवालय के अधिकारियों ने पुष्टि की है कि दहल प्रधानमंत्री पद पर बने रहेंगे। वहीं नए गठबंधन में पार्टियों द्वारा सुझाए गए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। बता दें, पिछले आम चुनावों के गठन के एक साल बाद कैबिनेट में फेरबदल हो रहा है।



सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राजनाथ सिंह समेत मौजूद अन्य।

## दूसरे देशों की तकनीक सीखने की जरूरत नहीं: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- बोले-चुनौतियों से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके से विकसित करें नई तकनीक

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को मानेकशा सेंटर में डेफकनेक्ट का उद्घाटन किया। स्वदेशी नवाचार को प्रोत्साहन देने और बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए साझेदारी को सुगम बनाने के लिए इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सिलेंस-डिफेंस इनोवेशन आर्गनाइजेशन (आइडीईएक्स-डीआइओ) द्वारा इसका आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने कहा, कोई भी देश सर्वोत्तम तकनीक साझा नहीं करता है। दूसरे देशों से प्राप्त तकनीक का भी हमारे सीखने से कोई संबंध नहीं होता है। यह तभी हो सकता है जब हम इसे स्वदेशी तरीके से विकसित करें। उन्होंने आगे कहा, हम युवाओं को नए विचार लाने वाले युवाओं को प्रोत्साहित किया है। रक्षा क्षेत्र में नवीनीकरण और तकनीक को बढ़ावा देने के लिए इनोवेशन ऑफ डिफेंस एक्सीलेंस (आईडीईएक्स) लाया गया है।

मैं रक्षा उत्पादन विभाग को आईडीईएक्स (एडीआईटीआई) योजना के साथ विकास शुरू करने के और इस नाम के लिए बधाई देना चाहता हूं, जिसका अर्थ है देवताओं की मां। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र को फलने-फूलने देने के लिए एक मंच की आवश्यकता है।

## इजराइलः मिसाइल हमले में एक भारतीय की मौत, सात घायल

**यरूशलेम।** उत्तरी इजराइल के लेबनान में हिजबुल्लाह आतंकवादियों के टैंक रोधी मिसाइल हमले में सोमवार को एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। इजराइली मीडिया के अनुसार, मिसाइल हमले में सात भारतीय श्रमिक घायल हुए हैं, जबकि एक की मौके पर ही मौत हो गई।

इजराइली सेना के हेलीकॉप्टरों से घायलों को अस्पतालों पहुंचाया गया, जहां दो की हालात गंभीर है। इजराइली सैन्य प्रवक्ता के अनुसार, गाजा में चल रहे युद्ध के बीच इजराइल-लेबनान सीमा पर 150 दिनों की लड़ाई में यह हिंसा नवीनतम थी। जंग में अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा की एक चौथाई आबादी भुखमरी का शिकार है।

### उमड़े भक्त...



**अबु धाबी :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएसई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, 27 एकड़ में बना बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) मंदिर शुक्रवार से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। रविवार को मंदिर में करीब 65 हजार भक्त दर्शन के लिए उमड़े। भीड़ को काबू करने के लिए दो हजार के बैच में दर्शन कराए गए। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। • एजेंसी

## गर्भपात के अधिकार को मिला संवैधानिक दर्जा, विश्व का पहला देश बना फ्रांस

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा देने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा बुलाए गए संसद के दोनों सदनों के विशेष सत्र में गर्भपात को संवैधानिक अधिकार का दर्जा दिया गया है।



मीडिया के मुताबित, फ्रांस की संसद में इस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया गया है। विधेयक के पक्ष में 780 जबकि विरोध में 72 वोट पड़े। महिला अधिकारी कार्यकर्ताओं ने विधेयक को मंजूरी मिलने पर खुशी जताई और इस कदम की सराहना की। फैसले के बाद प्रधानमंत्री गेब्रियल अटाल ने कहा कि हम सभी महिलाओं को एक संदेश भेज रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शरीर उनका है और कोई भी उनके बदले निर्णय नहीं ले सकता है।

## चार नए अंतरिक्ष यात्री अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन रवाना

**केप केनवरल।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रविवार को चार अंतरिक्ष यात्री रवाना हुए। वह छह महीने तक वहां रहेंगे। स्पेसएक्स का फाल्कन राकेट कैनेडी स्पेस सेंटर से रवाना हुआ, जिसमें नासा के मैथ्यू डोमिनिक, माइकल बैरेट और जेनेट एप्स और रूस के अलेक्जेंडर ग्रीबेनकिन शामिल हैं।

ये नए अंतरिक्ष यात्री अमेरिका, डेनमार्क, जापान और रूस के दल की जगह लेंगे, जो अगस्त से वहां हैं। उनके अगले सप्ताह पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। नासा ने कहा कि स्पेसएक्स फाल्कन-9 राकेट और ड्रैगन अंतरिक्ष यान के उड़ान पथ में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण पहले इसके उड़ान को टालना पड़ा था।

## यूएन में भारतीय चुनाव प्रक्रिया पर तुर्क की टिप्पणी अनुचित

**संयुक्त राष्ट्र/जिनेवा**



- भारत की दो टूक बयान को निराधार बताया

भारत ने सोमवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष मानवाधिकार अधिकारी द्वारा देश की चुनावी प्रक्रिया को लेकर की गई टिप्पणियां अनुचित और निराधार हैं।

जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि अरिंदम बागची ने कहा कि नई दिल्ली देश के आगामी आम चुनावों के बारे में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क की टिप्पणियों से भारत पूरी तरह वाकिफ है। जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में तुर्क ने 'नागरिक अधिकारों पर बढ़ती पाबंदियों-पत्रकारों और कथित आलोचकों को निशाना बनाने के साथ-साथ अल्पसंख्यकों विशेषकर मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव और नफरती भाषण को लेकर चिंता जताई थी। बागची ने कहा, इस संबंध में उनकी चिंताएं अनावश्यक हैं। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की वास्तविकता को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं। किसी भी लोकतंत्र में तर्क-विवाद स्वाभाविक है। यह जरूरी है कि सत्ता के पदों पर बैठे लोग अपने फैसले का दुष्प्रचार न होने दें। बागची ने कहा कि बहुलता, विविधता, भारत की लोकतांत्रिक राजनीति और इसके संवैधानिक मूल्यों के आधार हैं।

## जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत प्रवेश पर 9 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर में अनधिकृत रूप से प्रवेश करने के आरोप में ओडिशा पुलिस ने नौ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने कुछ बांग्लादेशी नागरिकों को मंदिर के भीतर जाते देखा। उन्होंने सिंहद्वार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया।

पुरी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसपी सुशील मिश्र ने कहा, हमें शिकायत मिली कि कुछ गैर हिंदू बांग्लादेशी मंदिर में प्रवेश कर गए हैं। हमने नो बांग्लादेशियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।

# ट्रंप के खिलाफ निक्की हेली की पहली जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- रिपब्लिकन पार्टी में पहला प्राइमरी चुनाव जीता, आज कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद



निक्की हेली ने रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में अपनी पहली जीत दर्ज की है। निक्की हेली ने रविवार को कोलंबिया में हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को हराकर 2024 की अपनी पहली जीत दर्ज की। अब सभी की निगाहें मंगलवार को होने वाले प्राइमरी चुनाव पर है, जिनमें निक्की हेली को कई डेलिगेट्स का समर्थन मिलने की उम्मीद है।

वहीं किसी रिपब्लिकन प्राइमरी इलेक्शन में जीत दर्ज करने वाली निक्की हेली अमेरिकी इतिहास में पहली महिला बन गई हैं। अब तक हुए प्राइमरी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते आए हैं। हालांकि कोलंबिया में उन्हें झटका लगा है। इसके बावजूद ट्रंप की अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दावेदारी सबसे मजबूत है। मंगलवार को 16 राज्यों में प्राइमरी चुनाव होने हैं और मंगलवार को ट्रंप और निक्की हेली के बीच के मुकाबले की स्थिति साफ हो सकती है। कई हार के बावजूद निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद की दावेदारी से हटने से इनकार कर दिया था।

अब पहली जीत मिलने से यकीनन उनकी प्रचार टीम को नई ऊर्जा मिलेगी। निक्की हेली को कोलंबिया में सभी 19 डेलिगेट्स का समर्थन मिला। शनिवार को ही डोनाल्ड ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की थी। ट्रंप को अब तक 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है।

## शीर्ष कोर्ट ने ट्रंप को प्राथमिक चुनाव में भाग लेने के लिए ठहराया योग्य

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका की शीर्ष अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राहत दी। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने कोलाराडो की एक अदालत के उस फैसले को रद कर दिया, जिसमें राष्ट्रपति चुनाव 2024 के लिए प्राथमिक मतदान में ट्रंप के भाग लेने पर रोक लगा दी गई थी। राज्य की अदालत ने कैपिटल हिल दंगों को आधार बनाते हुए उन्हें कोलाराडो के प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य ठहराया था। रिपब्लिकन पार्टी राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार चुनने के लिए प्राथमिक चुनाव कराती है। कोलाराडो की अदालत ने ट्रंप को अयोग्य ठहराया था। इसके प्रावधान उन लोगों को सरकारी पद तक पहुंचने से रोकते हैं, जो अमेरिकी संविधान की रक्षा की शपथ लेते हैं, लेकिन फिर उसी के खिलाफ बगावत करते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के नौ न्यायाधीशों ने कोलाराडो की अदालत का फैसला पलटा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान राज्यों को राष्ट्रपति उम्मीदवार को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने की अनुमति नहीं देता है और राज्यों के पास केंद्रीय उम्मीदवारों को अयोग्य ठहराने की शक्ति नहीं है। वहीं, शीर्ष कोर्ट से फैसला आने के बाद ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, अमेरिका के लिए बड़ी जीत। ट्रंप को कोलाराडो के अलावा इलिनॉय, मेन में प्राथमिक चुनाव के लिए अयोग्य ठहराया गया था। शीर्ष अदालत का ताजा फैसला ट्रंप को इन राज्यों से बाहर करने के प्रयासों पर भी रोक लगाता है।

**विज्ञान** इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक किया गया रिकार्ड, 11 वर्ष का माना जाता है एक सौर चक्र

# पृथ्वी से नौ गुना बड़ा सौर कलंक सूर्य की सतह पर उभरा


**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** इस सौर चक्र का सबसे बड़ा सौर कलंक रिकार्ड किया गया। इसका आकार पृथ्वी से नौ गुना बड़ा आंका गया है। इस सौर कलंक से एक्स श्रेणी की कई ज्वालाएं उभरी हैं।

इस सौर कलंक की संख्या एआर 3590 है। यह 25वां सौर चक्र का चल रहा है, जो अधिकतम सक्रियता के दौर से गुजर रहा है। 11 वर्ष का एक सौर चक्र माना जाता है। अधिकतम सक्रियता के दौरान सूर्य की सतह पर कई भयानक विस्फोट पिछले एक वर्ष के दौरान हो चुके हैं और इस पूरे वर्ष इनके सक्रिय रहने की आशंका बनी हुई है। इस बीच सनस्पॉट एआर 3590 में उभरा सौर कलंक रिकॉर्डतोड़ रहा। इसका उभरना 18 फरवरी से शुरू हो चुका था और 2 मार्च तक देखा गया। अब यह सूर्य के पिछले हिस्से में जा चुका है।

जिस कारण दृश्य से ओझल हो गया है। 26 फरवरी के आसपास इसका आकार लगभग 9 पृथ्वियों के बराबर रहा। इस सौर चक्र का अब तक का सबसे बड़ा सनस्पॉट था।

इसे नग्न आंखों से देखा जा सकता था। यहाँ ध्यान रहे कि जब भी सूर्य देखना हो, सौर चश्मे के बिना न देंखे, अन्यथा आंखों को बड़ा खतरा हो सकता है। इस सौर कलंक में 21 व 22 फरवरी के बीच तीन एक्स श्रेणी की विशाल ज्वाला उभरी, जबकि एक एक्स 6.4 फ्लेयर की भी उभरी थी। अभी भी यह सौर कलंक बना हुआ है, जो अब लगभग 10 दिन बाद सूर्य के पिछली ओर से पृथ्वी के सामने की तरफ लौट आएगा।



सूर्य की तस्वीर में नजर आ रहा काला धब्बा पृथ्वी से नौ गुना बड़ा है यह सन स्पॉट।

### ऐतिहासिक है सौर कलंक

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह ऐतिहासिक सन सपॉट है, जो अब सूर्य के पिछली ओर जा चुका है। इस तरह विशाल आकर के सन स्पॉट मुश्किल से देखने को मिलते हैं। यह सूर्य की सामान्य प्राकृतिक प्रक्रिया है। जिनसे बड़ा नुकसान पृथ्वी के इलेक्ट्रिनिक्स व इलेक्ट्रिक्स ग्रीडस को पहुच सकता है। जिस कारण वैज्ञानिक सदा इनकी निगरानी करते हैं।